हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 15.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 143 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### अस्पताल में भर्ती लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (97) को देर रात इलाज के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। लालकृष्ण आडवाणी की पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रही थी। बीते चार से पांच महीनों के भीतर लालकृष्ण आडवाणी करीब चौथी बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं। इससे पहले उन्हें अगस्त के महीने में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तबीयत ठीक होने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार, ऐसा बताया जा रहा है कि उन्हें रूटीन चेकअप के लिए भर्ती कराया गया है। वह लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं और उनकी नियमित चिकित्सीय जांच की जा रही है। बता दें कि इसी साल उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझने के चलते वे राष्ट्रपति भवन के आयोजन में नहीं पहुंच सके थे। उन्हें आवास पर ही भारत रत्न दिया गया था।

### पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच तीसरी बार असफल

**चंडीगढ़ :** हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने शनिवार को तीसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया गया, जिसे हरियाणा पुलिस ने विफल कर दिया। पुलिस के बल प्रयोग, वॉटर कैनन के इस्तेमाल तथा आंसू गैस के गोले चलाए जाने के चलते किसान घग्गर नदी पुल से आगे नहीं बढ़ सके। इस बीच एक किसान ने सल्फास निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे गंभीर हालत में पटियाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के लिए रवाना हुआ। किसान जैसे ही घग्गर नदी के पुल पर चढ़े तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। यहां कई घंटे तक किसानों तथा पुलिस के बीच खींचतान चलती रही। पुलिस ने कई बार वॉटर कैनन का इस्तेमाल करके किसानों को पीछे खदेड़ा। पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोली भी दागे।

### मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# हमारी सरकार ने राज्य की आधी आबादी को किया सशक्त : हेमन्त सोरेन





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यहां के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने 1 हजार रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने का काम किया है।

यह बातें श्री सोरेन शनिवार को साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूं। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। हमारी सरकार की गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सभी के उम्मीद, आकांक्षाओं को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्य वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए।

#### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रुपए की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं मुख्यमंत्री ने पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रुपए की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मो० ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जेएसएससी-सीजीएल में हुई कथित गड़बड़ी की सीआईडी करेगी जांच, सीएम ने दिया आदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सीआईडी से जांच कराने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग ने इसकी पुष्टि करते हुए जांच के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) को सौंपी गई है। जेएसएससी ने इस परीक्षा का आयोजन 21-22 सितंबर 2024 को किया था। राज्य के 823 केंद्रों पर 3.04 लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। वहीं इसका रिजल्ट भी 4 दिसंबर को जारी कर दिया गया था। जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 16-20 दिसंबर तक बुलाया है। जो अभ्यर्थी इन तारीखों में दस्तावेज सत्यापन नहीं करा पाएंगे, उनके लिए 26-27 दिसंबर का समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगाए हैं। इन शिकायतों के चलते कई छात्र परीक्षा रद करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर छात्र 15 दिसंबर को आयोग के कार्यालय का घेराव करने की तैयारी में हैं। परीक्षा रद करने की मांग को लेकर राज्यभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच, 15 दिसंबर को संभावित घेराव को देखते हुए सरकार और प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं।

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने शनिवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो के जामताड़ा जिले के नाला स्थित आवास पर विधानसभा अध्यक्ष के दिवंगत पिता गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। हेमन्त सोरेन एवं कल्पना सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो एवं उनके अन्य परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना भी व्यक्त की।

## उप्र के संभल में 46 साल से बंद पड़े शिव मंदिर को जिला प्रशासन ने खुलवाया



एजेंसी

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 46 साल से बंद पड़े एक शिव मंदिर को जिला प्रशासन ने शनिवार को खुलवाया। यह मंदिर एक ऐसे मकान में मिला है, जो 1978 के दंगे के बाद से ही बंद पड़ा था। मंदिर में शिवलिंग, हनुमान जी की मूर्ति, नंदी और कार्तिकेय की मूर्तियां हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर की साफ-सफाई की। मंदिर को पुराने स्वरूप में लौटने का प्रयास जारी है।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मीडिया को बताया कि शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। इसी दौरान महमूद खां सराय में एक बंद मकान में शिव मंदिर मिला है। वर्ष 1978 से पहले ये मकान एक हिंदू परिवार का था लेकिन 1978 के सांप्रदायिक दंगे के दौरान कई हिंदू घरों में आग लगा दी गयी थी। डर के चलते हिंदू परिवार यहां से पलायन कर हिंदू आबादी वाले इलाके में बस गए। मंदिर मुस्लिम आबादी में होने के चलते उस पर कब्जा कर मकान में मिला लिया गया। बाद में इसको बेच दिया गया। बताया जा रहा है कि तब से यह बंद पड़ा था। मंदिर की सफाई कराई गयी। इसके पास स्थित एक प्राचीन कुआ है, जो पाट दिया गया था। नगर निगम टीम के सहयोग से इस खुएं को खुदवाया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि मकान के मालिकाना हक को लेकर जांच की जा रही है। मंदिर को उसके असली मालिक को सौंपा जाएगा और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई होगी। हिन्दू सभा के संरक्षक विष्णु सरन रस्तौगी के मुताबिक पहले यहां हिंदू आबादी हुआ करती थी। इस मंदिर में भजन कीर्तन हुआ करते थे। मंदिर के बराबर में ही एक कुआं है जिसको अकील अहमद ने पाट दिया। मंदिर मुस्लिम आबादी में होने के चलते उस पर कब्जा कर मकान में मिला लिया था। जिलाधिकारी ने इस मंदिर को कम से कम चार सौ वर्ष पुराना बताया है।

## हिंदपीढ़ी के फिरोज अली ने की थी छात्राओं से छेड़खानी सूचना देने वाले को पुलिस देगी 10 हजार का इनाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले वाले व्यक्ति की पुलिस ने पहचान कर ली है। जिसका नाम फिरोज अली है, वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज अली के बारे में जो सूचना देगा, उसे दस हजार रूपया इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

#### सीएम ने लिया है संज्ञान

छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे। गौरतलब है कि बीते दिनों से रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर मनचले बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे हैं। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते हैं। इस डर से बच्चियों ने स्कूल आना बंद कर दिया है। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे। पर कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है। मनचलों ने छात्राओं को कहा है कि हम रोज आयेंगे। जिससे लड़कियां स्कूल आने से डर रही है।

### छात्राओं से छेड़खानी की मुस्लिम संगठनों ने की निंदा

**रांची :** रांची की कन्या पाठशाला में छात्राओं से हुई छेड़खखानी की मुस्लिम समाज ने निंदा की है। कहा है कि आरोपी की गिरफ्तार की लिए समाज पुलिस को हर संभव मदद करेगा। साथ ही आरोपी के खिलाफ के सख्त कार्रवाई की मांग की गयी है। इस बाबत मुस्लिम संगठनों की एक बैठक भी हुई। इस बैठक में सामाजिक संगठन झारखंड अंजुमन, माही, सर्व इण्डिया ग्रुप एवं साझा मंच के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। बैठक में सभी ने इस मामले की निंदा की। कहा ऐसे असामाजिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिये। बैठक में सभी ने यह भी कहा कि तत्काल पुलिस ऐसे लोगों को गिरफ्तार करे। यदि आवश्यकता हो तो मुस्लिम समाज के लोग भी पुलिस को हर संभव मदद करेंगे। क्योंकि ऐसे ही लोगों के कारण समाज में विद्वेष फैलता है और एक गलत व्यक्ति के कारण पूरा समाज बदनामी झेलता है।

## इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोंटा, कांग्रेस के मुंह संविधान संशोधन का खून लग गया : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आपातकाल का जिक्र किया और कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया। साथ ही कहा कि कांग्रेस के मुंह संविधान संशोधन का खून लग गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मैं इसलिए भी इस परिवार की चर्चा करता हूं कि मेरे 75 साल की इस यात्रा में 55 साल, एक ही परिवार ने राज किया है, इसलिए क्या-क्या हुआ है, देश को ये जानने का अधिकार है।

पीएम मोदी ने कहा, पहले पंडित नेहरू का अपना संविधान चलता था और इसलिए उन्होंने वरिष्ठ महानुभावों की सलाह मानी नहीं। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया, जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने बोया था उस बीज को खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया, उनका नाम था इंदिरा गांधी। 1971 में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया था, उस फैसले को संविधान बदलकर पलट दिया गया और 1971 में ये संविधान संशोधन किया गया था।



उन्होंने हमारे देश की अदालत के पंख काट दिए थे।

उन्होंने कहा कि 1951 में चुनी हुई सरकार नहीं थी, तब भी ऑर्डिनेंस लाकर संविधान बदला गया। अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुंह में खून लग गया है, वह संविधान का शिकार करती रही है। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश में इमरजेंसी लगाई गई।

### युवाओं का अंगूठा काट रही सरकार : राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को द्वापर युग में महाभारत के पात्र द्रोणाचार्य द्वारा एकलव्य से गुरुदक्षिणा में अंगूठा मांगे जाने के प्रसंग का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जैसे द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही यह सरकार देश के युवाओं, किसानों, दलितों और पिछड़ों का अंगूठा काट रही है। भारतीय संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्षो की गौरवशाली यात्रा पर लोकसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब ये सरकार देश की संपत्ति अडाणी को सौंपती है, तब इस देश के छोटे-बड़े उद्योगों और कारोबारियों का अंगूठा कटता है। उन्होंने कहा कि जैसे एकलव्य ने तैयारी की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग-अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को मिलती रहेगी राशि : राधाकृष्ण किशोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को कहा कि मंईयां सम्मान योजना के 50 लाख लाभुकों को राशि मिलती रहेगी। इसके लिए 18 हजार करोड़ पैसों का इंतजाम किया गया है। आगे भी परेशानी नहीं होगी।

किशोर ने कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश का सबसे ज्यादा खनिज होने एवं कई तरह के मिनरल रहने के बावजूद हमारा राज्य 11 हजार करोड़ सलाना राजस्व जुटा पाता है जबकि ओडिशा का खनिज क्षेत्र कम होने एवं सीमित मिनरल रहने के बावजूद वहां 45 से 50 हजार करोड़ रेवन्यू प्राप्त होता है। राजस्व जुटाना चुनौती भरा कार्य है लेकिन असंभव कुछ भी नहीं है। उत्पाद विभाग और सेल टैक्स आदि का राजस्व बढ़ाया जाएगा।

किशोर ने कहा कि रेवेन्यू कलेक्शन के लीकेज को बंद किया जाएगा। लीकेज बंद कर चार हजार करोड़ प्राप्त कर लेंगे। हेमंत सोरेन की सरकार सभी वादों को पूरा करेगी। यह सरकार जो कहती है वह पूरा करती है। 13 साल भाजपा का शासन रहा लेकिन उन्होंने राज्य की मजबूती के लिए काम नहीं किया। देश का सबसे ज्यादा खनिज हमारे राज्य में है। फिर भी इससे रेवेन्यू में दूसरे राज्यों से काफी पीछे हैं। उत्पाद विभाग को भी रेवेन्यू कलेक्शन बढ़ाना होगा। मंत्री ने कहा कि 2020 के बाद से रेवेन्यू में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

एक नजर

## पंचायत भवन में जीपीडीपी की विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**बरही** : बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत भवन में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव ने की। ग्राम सभा में पंचायत के विभिन्न वार्डों के सम्मानित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें वार्ड सदस्य जितेंद्र सिंह, सीताराम यादव, सुभाष पासवान, यशोदा देवी, मीना देवी, अंजनी देवी, अजय रविदास, शशि ठाकुर, चंदन दास, विनोद यादव, रमेश यादव, मुंशी पासवान, इंद्रदेव दास, अजय राणा, कदम देवी, मीना देवी, आशा देवी और रूपा देवी शामिल थे ।ग्राम सभा के दौरान पंचायत के विकास कार्यों पर चर्चा की गई और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक प्रयास से पंचायत के विकास को गति देने का संकल्प लिया।

## रामवृक्ष बेनीपुरी की 125वीं जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बरही** : बरही स्थित रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा 23 दिसंबर 2024, दिन सोमवार को हिंदी साहित्य के प्रखर साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी की 125वीं जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा ।यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11:30 बजे से शुरू होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं, सभी विभागों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया है। कार्यक्रम का उद्देश्य साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी के जीवन और साहित्यिक योगदान को समझना और विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महाविद्यालय ने सभी से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## समाजिक हमारी प्राथमिकता : चंद्र प्रकाश जैन

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग ने अपनी परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। हर साल की तरह इस बार भी संस्था ने सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देते हुए ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए कदम उठाया है। इस पहल के तहत नया बस स्टैंड सहित शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। अलाव के जरिए ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिली है। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन लोगों के लिए की गई है जो फुटपाथ, चौक-चौराहों या खुले स्थानों पर रात बिताने को मजबूर हैं। संस्था के संरक्षक ने इस अवसर पर कहा की हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को राहत और सहयोग प्रदान करना है। हमारी टीम हमेशा यह प्रयास करती है कि समाज के जरूरतमंद लोगों को मौसम की मार से बचाने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद की जाए। अलाव की यह व्यवस्था उन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा की हमने हजारीबाग के अलग-अलग हिस्सों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा, हमारी टीम पूरे शहर में निगरानी रखेगी।

# नेशनल लोक अदालत में 50100 मामलों का किया गया निष्पादन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के आलोक में शनिवार 14 दिसंबर को सिविल कोर्ट परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार के दिशा निर्देश पर आयोजित किया गया। साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन पूरे देश भर में आज शनिवार को किया गया। हजारीबाग समेत पूरे देश भर में नेशनल लोक अदालत को लेकर लोगों में उत्साह है हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में सुबह से ही नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए लाभुक पहुंचते रहे। नेशनल लोक अदालत में सुलहनीय सभी अपराधिक मामले, सिविल प्रकृति के मामले, बिजली, बैंक, माप तौल, चेक बाउंस, वन विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत लंबित मामले और कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया गया। हरेक बेंच में एक न्यायिक पदाधिकारी, एक पैनल अधिवक्ता और संबंधित विभाग के कर्मचारी व पदाधिकारी के प्रतिनिधि मौजूद रहें। कुल 50100 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 47 करोड़ 64 लाख 35 हजार 493 रुपए की राशि पर सहमति बनी ।इस नेशनल लोक अदालत में कुल 54 हजार 168 मामलों को सुलह समझौता के लिए रखा गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित नेशनल लोक अदालत की अगुवाई प्रधान जिला जज रंजीत कुमार ने किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, श्रम न्यायाधीश दिनेश राय, हजारीबाग बार संघ अध्यक्ष राजकुमार, सचिव सुमन कुमार सिंह, सभी न्यायिक पदाधिकारी, वकील, संबंधित विभाग के पदाधिकारी और पक्षकार मौजूद थे। इस मौके पर प्रधान जिला जज रंजीत कुमार ने कहा कि मामलों के निष्पादन में लोक अदालत सबसे सुलभ माध्यम है। मामलों के लोक अदालत में निष्पादन के बाद कोई पक्षकार अपील में नहीं जा सकता है, इसलिए यह सबसे सटीक माध्यम है, इसे ज्यादा से ज्यादा अपनाने का प्रयास करें। कुटुंब न्यायाधीश ने भी लोक अदालत को सही प्रक्रिया बताते हुए इसे अपनाने की बात कही। बार संघ अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन काल में कोई मुकदमा अपने बच्चों के लिए छोड़कर नहीं जाना चाहिए। लोक अदालत मामलों के निष्पादन के लिए सबसे सरल माध्यम है। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आनलाइन किया गया।

## पुलिस ने 10 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : दिन शनिवार को चौपारण पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई मे गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी जंगल मुर्तिया, आँजन और कविलास के जंगल मे लगे लगभग 10 एकड़ मे अफीम(पोस्ते) की खेती को ट्रैक्टर से रौंद कर नष्ट कर तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है। बताते चलें की चौपारण का जंगल अफीम की खेती के लिए सबसे सेफ माना जाता है और तस्कर भी जंगल मे खुलकर अफीम की खेती जंगल मे करते है। इस समय चौपारण प्रखंड के सभी जंगलो मे अफीम की खेती शुरू हो चुकी है खासकर गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी मे। जंगल मे लगे अफीम की खेती प्रशासन के लिए चुनौती का विषय है। बता दें की वन विभाग के सैकड़ो एकड़ जमीन में अफीम का पौधा लहलहा रहा है, लेकिन अफीम की खेती करवाने वाले तस्करों पर नहीं होती कोई कार्रवाई ।ऐसे भी जंगल के आड़ में कई तरह के अवैध कार्य बदसूरत जारी रहता है। इसको लेकर बीते दिन स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा के विशेष सत्र में पुरजोर तरीके से सवाल उठाते हुए कारवाई कि मांग की थी।

## दोषियों को जल्द सजा दिलवाना मेरी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : कटकमदाग क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता उदय साव, जिनकी हाल ही में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, उनकी स्मृति में शनिवार को उनके निवास स्थान पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भाग लेकर स्वर्गीय उदय साव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ने स्वर्गीय साव के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा स्वर्गीय उदय साव का जाना हमारे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, बल्कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए संघर्षरत एक प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनकी हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी त्रासदी है। मैं इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़ा हूं और उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मैंने प्रशासन से इस घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उदय साव जैसे व्यक्तित्व विरले ही होते हैं। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव कदम उठाऊंगा। इस श्रद्धांजलि सभा में उनकी स्मृति को नमन करते हुए मैं समाज के हर नागरिक से अपील करता हूं कि वे न्याय और शांति के लिए एकजुट हों और उदय साव के आदर्शों को आगे बढ़ाएं। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और उदय साव के सैकड़ों शुभचिंतकों ने भाग लिया। सभी ने उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## प्रखंड व अंचल कार्यालय में सभी समस्याओं का होता है समाधान : रोशन लाल चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी/हजारीबाग** : नवनिर्वाचित बड़कागांव भाजपा विधायक माननीय रोशन लाल चौधरी ने पहली बार केरेडारी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारी व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य तरीके से स्वागत किया । प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता की जो यहां समस्याएं आती है। आप उसका समाधान निश्चित रूप से करें, हमेशा आपके प्रति हमारा सकारात्मक पहल रहेगा। हम आपके साथ मिलकर काम करेंगे। मौके पर केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, बद्रीनारायण सिंह युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शेर सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, केंद्रीय सदस्य भोला महतो, अनिल कुमार, लीलाधन साव, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जागेशवर कुमार सह मीडिया प्रभारी, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार, केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार, कंचन यादव, उमेश दास, संदीप कुशवाह, तपेश्वर कुमार तापस, आजसू जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश सिंह, मूलचंद साव, सिकंदर यादव, करमजीत यादव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू गुप्ता सुमन, विश्वनाथ महतो, कैलाश महतो, राम प्रकाश कुमार, लक्ष्मीकांत महतो पूर्व मुखिया, पूर्व विधायक के चाचा चंद्रदेव साव, प्रभु साव, नरेश महतो, राजेंद्र महतो, कंचन यादव, मनोहर साव, विनोद सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष राधा देवी सहित अन्य एनडीए गठबंधन के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता तथा समर्थन हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## अपराधियों ने लेवी को लेकर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को कराया बंद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत में चल रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाए जा रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को अज्ञात अपराधियों ने लेवी के मांग को लेकर कार्यस्थल पर हथियार लहराते हुए कार्य कर रहे मजदूरों को धमकी दी और काम को बंद करवा दिया। और बिना मैनेज किए काम शुरू करने पर बुरा अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। यह सड़क निर्माण कार्य जुबला से चानो तक लगभग 6 किलोमीटर बनना है। सड़क निर्माण जय मां अष्टभुजी कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया जा रहा है। जिसका कुल लागत लगभग 2 करोड़ 60 लख रुपए बताई जा रही है। पीसीसी का कार्य शुरू किए हुए महज 2 दिन हुआ की एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधी साइट पर पहुंचे और काम बंद करने की धमकी दी। जिससे मजदूर काफी डरे समय है। वहीं ठेकेदार ने सभी मशीनों को कार्य स्थल से हटा लिया है। इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल एवं बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया था।

# बीडीओ के नेतृत्व में एचआईएमएस टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एचआईएमएस हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसाइटी के सदस्यों ने अध्यक्ष सह बरही बीडीओ जयपाल महतो के नेतृत्व में निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न कक्षों, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने ओपीडी में सर्जिकल उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार से अस्पताल में एक्स-रे मशीन चालू कर दी जाएगी। इसके साथ ही शौचालयों की सफाई और मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इमरजेंसी वार्ड में बेड की संख्या बढ़ाने, मोर्चरी बॉक्स बनाने और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, पैथोलॉजी लैब, कुपोषण केंद्र, आयुष्मान कार्ड सेंटर, डेंटल ओपीडी, पोस्टमार्टम हाउस और प्रसव कक्ष की व्यवस्था की समीक्षा की गई। अस्पताल में एनैस्थीसिया विशेषज्ञ और सर्जन चिकित्सकों की आवश्यकता को भी प्राथमिकता दी गई और डीएमएफटी से मंगवाने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि इन सुधारों से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान अन्य सदस्यों ने भी अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए सुझाव दिए। यह निरीक्षण अस्पताल की वर्तमान स्थिति का आकलन कर उसे और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सुरेंद्र रजक, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, क्रान्ति देवी, इंद्रदेव ठाकुर, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु कुमार, बैम प्रमोद श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

## विद्यालय की सुंदरता को असामाजिक तत्वों ने किया नष्ट



**चौपारण** : दैहर पंचायत अवस्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर में बीती रात्रि विद्यालय की चारदिवारी फांद कर असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय परिसर में गमले में लगाए गए फूलों के पौधों को चाकू से काटकर नष्ट कर दिया गया। विद्यालय के परिवेश को सुंदर और सुसज्जित करने के उद्देश्य से शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा गमले में सुंदर पौधों को लगाया गया था। प्रातः काल विद्यालय का गेट खोलने के बाद शिक्षकों ने कटे हुए फूलों के पौधों को देखा। शिक्षा के मंदिर में असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई इस कृत्य से विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्रा काफी दुखी थे। सूचना पाकर मौके पर स्थिति का जायजा लेने के लिए पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव भूइंया, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुशवाहा, पूर्व विद्यालय अध्यक्ष कैलाश पांडेय, सुरेश दांगी, देव कुमार दांगी समेत कई लोग विद्यालय पहुंचे। मुखिया ब्रह्मदेव भूइंया ने कहा कि विद्या के मंदिर में अराजक तत्वों के द्वारा इस तरह का कृत्य सर्वथा निंदनीय है। पूर्व शिक्षा अध्यक्ष कैलाश पांडेय ने कहा कि इस कार्य की जितनी भी आलोचना की जाए वह कम है। विद्यालय परिवेश को शिक्षकों ने जितनी लगन और परिश्रम से सुंदर बनाया है यदि किसी ने ईर्ष्या से ग्रसित होकर इस तरह का कार्य किया वह सर्वथा निंदनीय है। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुशवाहा ने इसे अत्यंत दुखद बताया।

## मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी एचपीसीए के तहत मिले : विधायक



**बड़कागांव** : बड़कागांव सोनबरसा स्थित नसिंरी बगान में विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति सोनबरसा के तत्वाधान में बैठक की गई, इस बैठक में मुख्य अथिति बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी और विशिष्ट अथिति पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थित होकर मजदूरों की बातों को विस्तार से सुनते हुए इस पर कम्पनी प्रबंधन से बात कर हल निकालने का भरोसा दिया, विधायक रोशनलाल ने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा की मै आपके हर कदम के साथ हूँ, आपकी मांगे जायज है इस पर ईमानदारी से पहल कर संबंधित विभाग से अविलंब उचित कदम उठाने के लिए वार्ता कर आगे की कार्रवाई के लिए मांग रखूँगा, कोल कम्पनियो द्वारा मजदूरों पर शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा, मै आप सभी का आवाज बन कर हमेशा आपके उचित मांगो पर मुखर रहूँगा। बैठक में यह भी निर्णय हुआ की मांगो पर कंपनी प्रबंधन जल्द विचार नही करती है तो आंदोलन कर हड़ताल किया जाएगा जिसकी जवाबदेही कंपनी प्रबंधन पर होगा।

## निसार खान बने संविधान रक्षक अभियान के प्रभारी

**हजारीबाग** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रखंडवार प्रभारी नियुक्त किया है । निसार खान को महानगर का इकबाल रजा को चौपारण प्रखंड का डॉ. प्रकाश कुमार को चलकुशा प्रखंड का मकसुद आलम को बरही प्रखंड का प्रदीप मंडल को बरकट्ठा प्रखंड का डॉ. निजामुद्दीन अंसारी को पदमा प्रखंड का दिगम्बर मेहता को इचाक प्रखंड का जावेद इकबाल को सदर प्रखंड का भैया असीम कुमार को दारू प्रखंड का विशेश्वर स्वर्णकार को टाटी झरीया का सुरेन्द्र मिश्रा को विष्णुगढ़ प्रखंड का मो.वारीश को चुरचु प्रखंड का शशिभूषण सिंह को डाड़ी प्रखंड का महेश प्रसाद साहु को बड़कागांव प्रखंड का कजरू साव को केरेड़ारी प्रखंड का रघु जायसवाल को कटकम सांडी का गोविंद राम को कटकम दाग का प्रभारी नियुक्त किया गया।

## फिट इंडिया वीक : प्रोफेसर 11 ने रोमांचक मुकाबले में वीसी 11 को हराया



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के फिट इंडिया वीक-2024 के तहत शनिवार को विश्वविद्यालय के स्टेडियम के मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रोफेसर-11 ने शानदार खेल दिखाते हुए एक रोमांचक मुकाबले में वी.सी.-11 को 3 रनों से पराजित किया। प्रोफेसर-11 टीम की कप्तानी डॉ. विनोद रंजन ने की, जबकि वी.सी.-11 का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) पवन कुमार पोद्दार ने किया। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रोफेसर-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए। इसके जवाब में वी.सी.-11 की टीम 95 रन ही बना सकी। डॉ उमेंद्र की धुआंधार बल्लेबाजी, डॉ नवीन चंद्र की चुस्त-दुरुस्त गेंदबाजी और डॉ विनोद रंजन का जानदार विकेट-कीपिंग ने सब का दिल जीत लिया। मैच को और भी रोचक और यादगार बनाया अर्थशास्त्र के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प की शानदार कमेंट्री ने। विद्यार्थी रिशु कुमार ने अंपायरिंग का दायित्व संभाला। मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा, डॉ. के.के. गुप्ता (सीसीडीसी), सुरेंद्र कुमार कुशवाहा (एफ.ओ.), डॉ. एच.एन. सिन्हा (डीन, विज्ञान संकाय), डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, डॉ. केदार सिंह, डॉ गंगानाथ झा, डॉ. राजू राम उपस्थित थे।

## भाजपा सांसद प्रदीप वर्मा की सुपुत्री के विवाह समारोह में जुटे कई दिग्गज

**बरही/रांची** : सरला बिरला यूनिवर्सिटी रांची में आयोजित भव्य विवाह समारोह में राजनीतिक और सामाजिक जगत के कई दिग्गजों ने शिरकत की। यह आयोजन भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा की सुपुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में किया गया था। इस खास मौके पर बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं दीं और नवविवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई प्रतिष्ठित नेता और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और इस विशेष अवसर को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए मेहमानों ने समारोह की भव्यता की सराहना की। विवाह समारोह न केवल राजनीतिक मेल-मिलाप का मंच बना, बल्कि एक सामाजिक समरसता का प्रतीक भी रहा।

## एक नजर

### कल जेएसएससी कार्यालय का करेंगे घेराव : देवेंद्रनाथ



**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। इस परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच कराने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि 16 दिसंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का घेराव किया जाएगा। कल रविवार को संपूर्ण राज्य से छात्र एवं अभिभावक राजधानी रांची प्रवेश करेंगे। ठंड में सभी छात्र अपनी सुविधानुसार रात्रि पड़ाव करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को अनुशासित तरीके से अपने मांगों को लेकर जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सोमवार को एक तरफ आयोग जरिये डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तो दूसरी तरफ हजारों छात्र कार्यालय के महाघेराव में जुटेंगे। इस मौके पर कई छात्र मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर 17 साल बाद आदिम जनजाति वर्ग के युवा को मिला न्याय

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हस्तक्षेप पर 17 वर्ष के संघर्ष के बाद आखिरकार लातेहार निवासी आदिम जनजाति के युवा सुनील ब्रिजिया को उसका हक –अधिकार मिल गया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उसे अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल गई। इस संबंध में मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए उपायुक्त लातेहार ने बताया कि उक्त मामले में अनुकंपा समिति के निर्णय के आधार पर सुनील ब्रिजिया को नियुक्त करते हुए योगदान की तिथि से पदस्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि लातेहार के हेनार गांव निवासी सुनील ब्रिजिया के पिता रामदास बृजिया सरकारी शिक्षक थे। वर्ष 2007 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकारी प्रावधान के तहत अनुकंपा के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी दी जानी थी। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली थी।

### मौसम केंद्र का स्टेक होल्डर्स वर्कशॉप कल

**रांची :** मौसम केंद्र 16 दिसंबर को स्टेक होल्डर्स वर्कशॉप का आयोजन करेगा। यह कार्यशाला भारतीय मौसम केंद्र के 150 वर्ष पूरा होने के मौके पर आयोजित हो रहा है। यह जानकारी शनिवार को मौसम विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी गई। यह आयोजन रांची स्मार्ट सिटी के सभागार में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे। विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

### घूस लेने के आरोपी देवघर रंजन सिन्हा को एचसी से मिली बेल

**रांची :** 70 हजार घूस लेने के आरोप में जेल में बंद देवघर के सिविल सर्जन रंजन सिन्हा को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दस-दस हजार के दो निजी मुचलकों पर रंजन सिन्हा को बेल दी है। रंजन सिन्हा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अवनिश शेखर ने बहस की। दरअसल 17 अक्टूबर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने देवघर के सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपों के मुताबिक, उन्होंने नर्सिंग होम का लाइसेंस रेन्यूअल कराने के नाम पर घूस की मांगी थी।

# सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं सारे आरोप बेबुनियाद : जेएसएससी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। सारे आरोप बेबुनियाद है। यह बातें श्री गुप्ता ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्रों की जांच के लिए सूचना प्रकशित होने के बाद आयोग को ई-मेल के माध्यम से धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें आयोग के पदाधिकारी-कर्मचारी को भद्दी गालियों के



साथ जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने बताया कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध करायी था, वह ब्लैंक पाया गया। शिकायततताओं के जरिये जो आरोप लगाये गए थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गए थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस सीट का जिक्र किया गया है, वहां छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ। प्रश्न पत्र वायरल होने के जो पत्र उपलब्ध कराये गये, वह शाम के पांच बजे के बाद की ली गई तस्वीर है। किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है। हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में यह भी अफवाह फैलायी जा रही है कि परीक्षा की अवधि में बाहर के प्रदेशों में उत्तर रटवाये गए है, लेकिन इस संदर्भ में आयोग कार्यालय को साक्ष्य प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को कदाचार मुक्त करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कमरे में कम से कम दो वीक्षक के अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा ऑवजर्वर, स्टेटिक दण्डाधिकारी एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी का अधिस्थापन किया गया था। किसी भी जिले के उपायुक्त की ओर से कदाचार संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं है। सभी 823 परीक्षा केन्द्रों पर कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण परीक्षा संपूर्ण हुई है।

## सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच सीआईडी को सौंपना सराहनीय कदम : विजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शनिवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग सीआईडी को सौंपे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इनहोने यह भी कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का सराहनीय कदम है जिसका मंच स्वागत करता है और आशा व्यक्त करता है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग मुख्य मंत्री के निर्देशो का पालन सख्ती ढंग से करेगा और शिकायतों को गंभीरता से लेकर हर पहलु और हरेक बिन्दु पर इसकी जांच करेगी । नायक ने आगे कहा कि जब तक जांच पुरी नही होती तब तक जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के परिणामो को स्थगित किया जाए और नियुक्ति की दिशा मे कोई कार्रवाई नही किया जाए । इन्होने आगे यह भी कहा कि जांच की समयसीमा भी तय हो और जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट देने की अनिवार्यता हो ताकि बेरोजगार अभ्यर्थियों का समय बेकार ना हो और जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा प्रकरण का पटाक्षेप हो कर सबको न्याय मिल सके। नायक ने यह भी कहा कि पेपर लिक होने की घटना को रोकने की दिशा मे झारखंड सरकार एक मजबुर रणनीति बना कर उस पर कार्य करे ताकि झारखंड मे बराबर लग रहे पेपर लिक कलंक को धोया जा सके और युवाओ को भयमुक्त होकर परीक्षा दे मेघा का शोषण ना हो गरीब से गरीब मेधावी अभ्यर्थी छात्र निष्कलंक परीक्षा देकर पास हो सके और विवादारहित परीक्षा का संचालन हो सके ।

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं को ससमय पूरा करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को समाहरणालय में रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में डीसी मंजूनाथ ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र, रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को ससमय पूरा करें। इस समीक्षा बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची केके राजहंस, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के पहुंच पथ का निर्माण कटहल मोड़ से अरगोडा पथ का चौड़ीकरण, बिरसा मुंडा



एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण, रांची रेलवे स्टेशन तक दूसरा पहुंच पथ निर्माण परियोजना, सिरम टोली चौक-राजेंद्र चौक मेकन गोलचक्कर पर 4 लेन फलाईओवर, अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग पथ चौड़ीकरण मजबूतीकरण परियोजना, इटकी सेंटोसियम से मोरो नारी चंनगनी पथ परियोजना, बारियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई लेम से बोड़ेया तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एवं अन्य सभी परियोजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

**एक सप्ताह के अंदर वंशावली का भूमि प्रतिवेदन देने के निर्देश**

डीसी ने जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने को कहा गया। डीसी ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर में किसी तरह की अड़चन को सम्बंधित पदाधिकारी तुरंत दूर करें।

## आदिवासी महिला समूह बनी मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 5 की विजेता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शनिवार को मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। जिसमें बेड़ो की आदिवासी महिला समूह ने घुंसुली की ज्योति महिला क्लब को 1-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे स्थान के लिए तुमना की महिला फुटबॉल क्लब टीम ने हटिया की सूर्योदय महिला टीम को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित किया। प्रतियोगिता में मदर ऑफ द सीरीज घुंसुली टीम की लिलोनी सांगा को मिला। गोलकीपर ऑफ द सीरीज आदिवासी महिला समूह की संगीता कुमारी को मिला। माताओं के लिए कैनरा बैंक की ओर से स्वास्थ्य किट भी दिया गया। जिसमें उनके स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए सामग्रियां थी। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 20 हजार, दूसरे स्थान वाली टीम को 14 हजारा और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 8 हजार रुपया का चेक दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल निदेशक संदीप कुमार मौजूद थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट को एक अनोखा टूर्नामेंट बताते हुए इसे और भी जिलों तक ले जाने का आह्वान किया। महिला सशक्तिकरण का एक बेहतर तरीका बताते हुए उन्होंने माताओं को जेएसएलपीएस जैसी संस्था के कार्यक्रमों से जोड़ने को कहा ताकि उनके जीवनयापन का भी इंतेजाम हो सके। अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष स्वर्ण शेखर प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बड़े स्तर पर ले जाने के लिए जोर दिया। मौके पर डिप्टी डायरेक्टर साझा राजकिशोर खाखा सहित प्रतिज्ञा फाउंडेशन के मेंबर और गोस्सनर कॉलेज के छात्रों ने वोलेंटियर्स की भूमिका निभाई।

**32 टीम में 480 माताओं ने लिया भाग**

इस प्रतियोगिता में 24 समुदायों से संबंधित 32 टीमें बनाने वाली कुल 480 माताएं इस वर्ष टूर्नामेंट में भाग लिया था। जिसमें अधिकतर महिलाएं जीवनयापन के लिए मजदूरी और खेतों में काम करती है। सभी ने काम के साथ खेल में भी बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतिज्ञा झारखंड आधारित युवा संगठन है, जो शिक्षा, बच्चों की सुरक्षा, युवा विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर झारखंड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करती है।

## बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को रांची राजधानी के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि मनचलों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। साथ ही सवाल किया कि प्रशासन कब जागेगा। सेठ ने कहा कि राजधानी के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रशासन स्कूल कॉलेज के पास पुलिस ग्रस्त तेज हो। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक चौराहा पर खड़ा होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करें। प्रशासन सिर्फ बैठकर खानापूर्ति करने में लगे हैं और बेटियां राह चलते शर्मसार होती हैं। कहां है शक्ति कमांडो, सब



हवा-हवाई अधिकारियों के निर्देश का भी पालन नहीं हो पा रहा है। यह कैसी व्यवस्था। सेठ ने कहा कि राजधानी में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिह्नित कर बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

## ओबीसी वर्ग का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान : रविंद्र राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कार्यकताओं से कहा कि ओबीसी वर्ग के प्रबुद्धजनों को भी पार्टी का सदस्य बनाना है। एक बड़ी आबादी इस वर्ग की है, जो राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका अदा करती है। ओबीसी वर्ग का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। पिछड़ा जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में राय ने कहा कि लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्र विरोधी और विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा संगठन को निरंतर गति देने के लिए नए सदस्यों को जोड़ना आवश्यक है। भाजपा केवल चुनाव के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनाने




के लिए संकल्पित है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारों की संवाहक और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसलिए सदस्यता अभियान संवैचारिक लोगों की संख्या बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान की विधिवत शुरूआत होगी। इसके तहत 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड निमार्ता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 सदस्य बनाना है। इसके बाद सक्रिय सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा को 59 लाख से अधिक सदस्य बनाना है। ओबीसी मोर्चा को पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सदस्यता अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि यह मात्र एक अभियान नहीं, बल्कि संगठन महापर्व है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग का साथ भारतीय जनता पार्टी को सदा मिलता रहा है। इसलिए मोर्चा की जिम्मेदारी है कि वे इस अभियान में समान विचारधारा के लोगों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाएं। यह संगठन का नियमित कार्य है, जिसके माध्यम से संगठन को मजबूती मिलती है। साथ ही कार्यकताओं को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश में कहा कि ओबीसी मोर्चा ने स्थापना काल से संगठन और चुनाव के कार्यों में पूरी निष्ठा से मेहनत किया है। विगत विधानसभा चुनाव में भी ओबीसी मोर्चा ने पूरी जिम्मेदारी निभाई है। भाजपा प्रदेश आईटी सेल के संयोजक राहुल अवस्थी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन को प्रोजेक्टर के माध्यम से सदस्यता अभियान के ऑनलाइन और ऑफलाइन की तकनीकी विषयों को बताया। साथ ही 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सदस्य और सक्रिय सदस्य बनने की प्रक्रिया को समझाया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीश्याम मंदिर में 137वां श्रीश्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची :** श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज 137 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय चन्द्रप्रकाश रावत के परिवार के श्रीमती मधुरावत, शिशिर–शालिनी रावत,अंकुर –वीना,विवान,रंश, तृषिका रावत आज के श्रीश्याम भण्डारे के यजमानश्री थे। श्रीश्याम भण्डारे में इडली, वेजिटेबल उपमा, नारियल चटनी,सामर, केशरिया जलेबी का प्रसाद निर्मित किया था। टाफी का प्रसाद अतिरिक्त था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री रावत परिवार के लोगो ने मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित देवी–देवताओं को मंदिर में निर्मित प्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर श्यामबाबा के भोग भजन आवो –आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी का उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने ताली बजाकर भजन का गायन किया। भोग लगे प्रसाद को वृहद भण्डारे प्रसाद में मिश्रित करके सर्वप्रथम रांची गौशाला की गाय के लिए अलग से महाप्रसाद भेजकर मण्डल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा ने गाय माता को प्रसाद खिलाया। इसके बाद मंदिर के आचार्यो को रावत परिवार ने प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में रावत परिवार ने भण्डारे के महाप्रसाद का वितरण प्रारम्भ किया। पुरा मंदिर परिसर भक्तजनों से अट गया। हरमू रोड़ में लम्बी–लम्बी कतारें लग गयी। खाटूनरेश के जयकारो से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था। मंदिर में प्रवेश करने वाले को तिलक लगाया जा रहा था। सभी भक्तजन एक दूसरे को जय श्री श्याम बोलकर अभिवादन कर रहे थे। पुरा वातावरण भक्तिमय में सरौवर में डूबा हुआ था। लगभग 3000 भक्तजनो ने प्रसाद प्राप्त किया।

### झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं है। मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में 506 छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षक के भरोसे है। यह हकीकत शिक्षा को प्राथमिकता देने का दावा करने वाली हेमंत सरकार की खोखली घोषणाओं की भी पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षकों की बहाली रोककर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारों बच्चों के सपनों का गला घोट रहे हैं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उनका संवैधानिक हक और सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षक बहाली की पारदर्शी प्रक्रिया जल्दी शुरू करे।

### लोयला ग्राउंड से आज निकलेगा क्रिसमस कार्निवाल जुलूस, जुटने लगा युवाओं का हुजूम




**रांची :** लोयला ग्राउंड से आज शनिवार को क्रिसमस कार्निवाल जुलूस निकलेगा, जो अलबर्ट एक्का चौक तक जायेगा झारखंड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। लोयला ग्राउंड में युवाओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया है। इस जुलूस के जरिये पुरोहित आयोजन को सफल बनाने के लिए परमेश्वर से विनती करेंगे। इस दौरान युवाओं के बीच सान्ताक्लॉज की टोपियां बांटी जायेंगी। यीशु परमेश्वर के गीत गाये जायेंगे। डीजे की धुन पर यीशु का गुनगान किया जायेगा। इस दौरान सान्ता सड़कों पर टॉफी बांटते नजर आयेंगे। क्रिसमस कार्निवाल जुलूस के जरिये लोगों के बीच शांति, प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया जायेगा। बता दें कि जुलुस में तीन हजार से अधिक युवाओं का जुटान होगा। युवाओं ने 2016 में की थी कार्निवाल जुलूस की शुरूआत क्रिसमस कार्निवाल जुलूस की शुरूआत 2016 में हुई थी। उस समय युवाओं ने 50 मोटरसाइकिल से जुलूस निकाला था। इस जुलूस में कुलदीप तिर्की, एल्बिन लकड़ा, संदीप उरांव, लुकास, अभिषेक, शशि, दीपक, अमर, गोल्डन, अनामिका, नेहा, जेवियर, समीर सांगा, अरुण नगेशिया समेत विभिन्न अंतर कलीसिया के युवा शामिल हुए थे। जुलुस को भव्य रूप देने के लिए युवाओं ने काफी मेहनत की थी। आज भी कार्निवाल जुलुस को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिलता है। लोग बेसब्री से इस दिन का इंतजार करते हैं।

### जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में 20 तक निषेधाज्ञा



**रांची :** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 जेएसएससी–सीजीएल के तहत अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का जांच के दौरान असामाजिक तत्वों के जरिये झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय पर भीड़ लगाकर विधि–व्यवस्था भंग करने की आशंका है। इसे देखते हुए सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शनिवार को बीएनएसएस की धारा–163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 20 दिसंबर तक जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। साथ जगह–जगह बैरिकेडिंग की गयी है। साथ ही सुरक्षा को लेकर लगभग एक हजार जवानों को लगाया है। जारी निषेधाज्ञा के दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी भी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलने, किसी प्रकार के हरवे हथियार लाठी–डंडा, तीर–धनुष, गड़ासा–भाला आदि लेकर चलने पर रोक रहेगी।

## एक नजर

### धर्माबांध में फायरिंग चार पहिया वाहन में लगायी आग



**धनबाद** : बाघमारा अनुमण्डल के धमाबांध ओपी क्षेत्र के सूयाडीह निवासी सुभाष सिंह के आवास पर बीती देर रात्रि अज्ञात युवकों ने फायरिंग कर दहशत फैला दिया,साथ ही उसके शिफ्ट डिजायर में आग लगा दिया, आग लगने से आंशिक रुप से कार भी छतिग्रस्त हुई, गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण बाहर निकले तो अपराधी भाग गये, ग्रामीणों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुये दोषी को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना स्थल से धमाबांध ओपी प्रभारी ने तीन खोखा बरामद किया है। घटना को लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है। फिलहाल पुलिस मामले पर कई बिंदुओं पर गहन जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नही है।

### खेत में रखे धान की फसल जलकर हुई खाक

**कसमार**: कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत अंतर्गत बूटी टांड़ टोला निवासी मानिक महतो के खेत में रखे धान फसल बीती रात जलकर खाक हो गया। किसान मानिक महतो ने बताया कि उनके छागर कनारी नामक खेत का धान फसल की कटाई कर थ्रेसिंग करवाने के उद्देश्य से जमा करके रखा गया था। उस धान का थ्रेसिंग अगले दिन यानि शनिवार को की जानी थी। थ्रेसिंग वाले से बात भी हो गई थी और उसी रात को जमा किए गए धान फसल पर आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। बल्कि किसान मानिक महतो को भी इस आगजनी का पता सारे फसल जलकर खाक हो जाने के बाद चला। उन्होंने बताया इस आगजनी से 100 मन धान और मवेशियों का आहार पुआल का भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिए जाने के बाद उनके द्वारा अंचल कार्यालय को इसकी खबर दी गई है। साथ ही सभी ने गरीब किसान के हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की आवाज उठाई है।

### मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र से बियाडा के मजदूरों व गरीबों को मिली राहत : मंटू यादव

**बोकारो**: बियाडा क्षेत्र में पहली बार मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के तहत केंद्र की शुरूआत हुई है। इससे इस क्षेत्र में रहने वाले सैंकड़ों गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन मिल सकेगा। बियाडा की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों व इस क्षेत्र में रहने वाले गरीब गुरबा लोगों के लिए यह राहत की बात होगी। करीब एक सप्ताह से इस केंद्र का संचालन पं रघुनाथ मुर्मू सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। केंद्र संचालिका सोना मुनी मुर्मू ने बताया कि फिलहाल एक-डेढ़ सौ लोग हर दिन केंद्र में पहुंच रहे है। अभी बहुत से लोगों को केंद्र की जानकारी नहीं है, जैसे-जैसे लोगों को जानकारी हो रही है, लोग पहुंच रहे हैं। झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि बियाडा क्षेत्र में मजदूरों व गरीब गुरबा लोगों की भरमार है। ऐसे में इस केंद्र की शुरूआत उन सभी के लिए वरदान साबित हो रहा है। कहा कि हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जगह-जगह हर जरुरतमंद लोगों के लिए केंद्र के माध्यम से 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह एक सराहनीय कार्य है। इससे गरीबों व मजदूर वर्ग के लोगों को काफी राहत मिली है। कहा कि फिलहाल इस केंद्र में एक समय का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि स्टेशन के समीप स्थित मुख्यालय दाल-भात केंद्र में दो टाइम का भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

# धनबाद एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में दिए दिशा-निर्देश, 49 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : जिला पुलिस कार्यालय में आज मासिक क्राइम मीटिंग में कई मामलों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले 49 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। क्राइम मीटिंग के बाद धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने मीडिया से बातचीत में पिछले दिनों हुई आपराधिक घटनाओं पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों बरवाअड्डा में हीरापुर के एक गल्ला व्यपारी अमन साव का शव मिला था, जिसे गोली मारी गई थी। इस संबंध में कुछ एविडेंस पुलिस को मिले हैं, जिसके आधार पर मामले का खुलासा करने का प्रयास जारी है। शुक्रवार रात एक अन्य व्यापारी चेतन महतो पर अपराधियों ने गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा जिस तरह की लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी, उसी आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। जिले में एक बार फिर मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान के बढ़ती गतिविधियों पर एसएसपी ने कहा कि आज के दिन में प्रिंस खान एक ब्रांड बन चुका है। कुछ जगहों पर वाकई में प्रिंस खान की तरफ से धमकियां दी गई है। डॉक्टरों को भी धमकी आई है। इस संबंध में डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत भी की है। इस संबंध में एटीएस और स्पेशल ब्रांच के साथ बैठक की गई है। पुलिस को कुछ फोन नंबर भी मिले हैं, जिसे खंगालने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्रप्रदेश और कर्नाटका के लिए जल्द ही कूच करने वाली है। इसके बाद जिस तरह के साक्ष्य मिलेंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी सड़को में से एक धनबाद जीटी रोड पर आए दिन तस्करी के मामले सामने आते रहते है। पिछले दिनों मिली गुप्ता सूचना के आधार पर अवैध शराब का बड़ा खेप और मवेशी लदे वाहन पकड़े गए थे। अब गांजा तस्करी की सूचना मिल रही है। इसपर भी पुलिस कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि नव वर्ष को लेकर ग्राउंड लेवल पर ट्रेडिशनल पुलिसिंग, डेपुटेशन, पेट्रोलिंग बढ़ाने और टाइगर फोर्स को और एक्टिव करने के निर्देश दिए हैं। वायरलेस बढ़ाने को लेकर भी कार्य किया जा रहा है। जैसे ही वायरलेस सेट उपलब्ध हो जाएगा, वैसे ही धनबाद पुलिस और एक्टिव हो जाएगी। इसके बाद क्राइम होते ही तत्तकाल इसकी मदद से हम 10 से 20 किलोमीटर के क्षेत्र को सील कर कार्रवाई कर सकेंगे।

## वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन एवं अद्यतन होना अनिवार्य : डीटीओ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने पत्र के माध्यम से जिले के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को सूचित किया है कि जिला अन्तर्गत अधिष्ठापित पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति का नवीकरण आगामी दिनांक 31 दिसंबर, 2024 तक अगले एक वर्ष के लिये नियमानुसार करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु अपने प्रतिष्ठान में संचालित वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन एवं अद्यतन होना अनिवार्य है। जांच के कम में त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने जिला अन्तर्गत संचालित सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक दस्तावेजो के साथ निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति नवीकरण करा लें। अन्यथा जाँच के कम में त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## नेहरू महिला इंटर महाविद्यालय में विधायक मथुरा प्रसाद महतो का किया गया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : शनिवार को नेहरू महिला इंटर महाविद्यालय तेतुलमारी में टुंडी के विधायक सह झामुमो के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि विद्यालय/महाविद्यालय के सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि यथासंभव संस्थान को सहयोग करेंगे, ताकि यहां की बच्चियां क्षेत्र समाज व संस्थान का नाम रौशन करे। मुख्य सचेतक महतो ने महाविद्यालय प्रबंधन को तत्काल शौचालय युक्त प्राचार्य कार्यालय बनाने के लिये दिशा निर्देश दिया, महतो ने कहा कि इस विद्यालय/महाविद्यालय का निर्माण जिस उद्देश्य से संस्थापक सचिव ने किया था उसे पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ी जायेगी,साथ ही आधारभूत संरचना को पूरा करेंगे,पूर्व विधायक उदय बाबू के सपनो को भी पूरा करने की बात कही। ताकि शिक्षा प्रदान करने में कोई कमी नही होने देंगे, कॉलेज के छात्राओं ने अतिथियों को तिलक, कुमकुम शंखध्वनि, वेदध्वनि करतल ध्वनि से स्वतगत किया। संस्थापक सचिव स्व० उदय कुमार सिंह के तस्वीर पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी बच्चियों के उज्वल भविष्य की कामना की। ताकि जीवन मे तरक्की के सभी मुकाम हासिल कर सके। इससे कॉलेज का नाम भी रोशन होगी। मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता रामप्रीत प्रसाद, शकील अहमद, राममूर्ति सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा सिंह, एम के सिंह, यदुनाथ सिंह चौधरी, मो० शब्बीर अहमद, देवनीश खलको, दर्शन कु दास, गणेश वर्मा ,मनोज कु, पूजा सिंह, पम्पा पात्रा, बलराम तिवारी, धीरेन्द्र अम्बष्ठ, अनिवेश वंशवर, बिमल, नेहा, ज्योति, खुसबू, सुधा, सत्यनारायण चौहान, बसंत महतो, डी चौहान, आनंद महतो सहित हजार के संख्या में विद्यालय महाविद्यालय के छात्रा उपस्थित थी।

## सहयोगिनी ने किया 60 बच्चों को ड्रेस, जूता तथा अभिभावकों के बीच राशन का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार** : प्री स्कूल पोषण तथा शिक्षा कार्यक्रम के तहत आज कसमार प्रखंड के चौड़ा तथा भूरसाटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 60 अभिवंचित बच्चों को ड्रेस, जूता तथा उनके 60 अभिभावकों को राशन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता ने कहा कि सही पोषण से ही कुपोषण से मुक्ति मिल सकती है। इसके लिए बच्चों को पौष्टिक आहार आंगनबाड़ी के माध्यम से दिया जा रहा है। साथ ही सहयोगिनी द्वारा इन बच्चों को प्रतिदिन दूध-बिस्कुट दिया जाना सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि जीवदया फाउंडेशन के सहयोग से कसमार प्रखंड के चार गांव में 120 बच्चों को प्रतिदिन एक गिलास दूध तथा बिस्किट प्रदान किया जाता है। जिससे उन्हें पौष्टिक संतुलित आहार मिल पा रहा है। साथ ही बच्चों के स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए उनके साथ एक्टिविटी की जाती है। सभी बच्चों को ड्रेस, जूता, मौजा तथा उनके अभिभावकों को 30 किलो राशन प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि अभीवंचित वर्ग के बच्चों के विकास के लिए संस्था के द्वारा यह प्रयास लगातार चल रहा है। जो कि आगे जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा इस प्रखंड में बच्चों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही है। जिसके तहत किशोरियों का सर्वांगीण तथा नेतृत्व क्षमता विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान आईसीडीएस पर्यवेक्षक सुषमा गुप्ता, सरिता कुमारी, नूतन कुमारी, सहयोगिनी की नीतू कुमारी बिंदिया देवी, फुलेश्वरी देवी, सनी कुमार, विकास कुमार, गौतम सागर, प्रीतम सागर आदि उपस्थित।

## अज्ञात हमलावरो ने युवक पर लाठी डंडे व चाकू से हमला कर किया घायल

- मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच
- बीजीएच मे पुलिस ने करवाया भर्ती
- मौके से दो बाइक बरामद
- सेक्टर चार के एलआईसी मोड़ पर घटी घटना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : शहर के हर्ट कहे जाने वाले सेक्टर 4 के एलआईसी मोड पर चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में पहले युवक पर अज्ञात लोगों ने लाठी पत्थर से जमकर पिटाई की इसके बाद चाकू से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। देखते देखते सैकड़ो की संख्या में लोगों का भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर सेक्टर 4 थाना की पुलिस तुरंत पहुंचे गई। थाना को देखते ही अज्ञात लोग जो लाठी डंडे व चाकू से मार कर रहे थे वह फरार हो गए। जख्मी व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए पुलिस ने बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते चले की शाम के वक्त करीब 6:15 के बीच की घटना है, जब सिटी सेंटर मे हजारों लोग जमा थे, उसी वक्त हमलावरो ने युवक पर हमला कर दिया। घटना का कारण स्पष्ट नही हो सका है, पुलिस मामले की जांच शुरू कर दिया है। पुलिस ने मौके से दो बाइक बरामद भी बरामद किया है तथा आसपास मे लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने खंगालने का काम शुरू किया है। उसी के सहारे हमलावरो तक पहुंचने की कोशिश शुरू कर दी है।

# देश में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : नालसा के निर्देश पर वर्ष 24 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस एस. एन. प्रसाद ने ऑनलाइन रांची से किया। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर धनबाद मे आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं रह गया है वह लोगों के स्वाद व आदत में शामिल हो चुका है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। डीडीसी धनबाद सादात अनवर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं जिला प्रशासन हर वक्त समाज के लोगों की सेवा में डालसा के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहा है। धनबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा कि डालसा आम लोगों के हित मे लगातार काम कर रहा है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया । नेशनल लोक अदालत में शुरूआत के केवल चार घंटे मे ही बीस हजार 34 कोर्ट मे लंबित विवादों का निपटारा कर दिया गया वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित दो लाख दस हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निपटारा किया गया। दोपहर एक बजे तक 12 अरब रूपए की रेकॉड रिकवरी की गई। शाम तक यह आंकड़ा और बढने की संभावना है। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्राम के लिये 250 सैनिक पहुंचे सर्वमंगला पब्लिक स्कूल



**धनबाद** : कोलकाता से गया की यात्रा के दौरान विश्राम करने के लिए 45 सेना वाहनों से लगभग 250 सैनिकों का काफिला सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, नगरीकला तेतुलमारी धनबाद पहुंचा। स्कूल प्रबंधन टीम के सदस्य भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों के लेफ्टिनेंट कमांडर तारकेश्वर पांडेय सहित सभी सैनिकों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। स्कूल प्रबंधन व टीम के सदस्य गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमें उन लोगों की सेवा करने का मौका मिला जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। मौके पर स्कूल के सर्वमंगला हेल्थ एंड एडुकेशन के अध्यक्ष डॉक्टर सर्वमंगला प्रसाद,संस्थापक डॉक्टर हरदेव प्रसाद, चैयरमैन ई महेन्द्र प्रसाद, उप प्राचार्य कल्याणी नायर, मैनेजर मृत्युंजय मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वर्ग का सुख भी सत्संग की बराबरी नहीं कर सकता : सुरेन्द्र हरिदास



**धनबाद** : मनुष्य के अंदर छिपे विवेक को जागृत कर सत्संग के प्रभाव से मनुष्य सत्य धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है। उक्त बातें पूज्य श्री सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने सूर्य मंदिर कतरास में चल रहे हैं,श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि सत्संग से प्राप्त आनंद इतना दिव्य और महान है कि स्वर्ग का सुख भी उसकी बराबरी नहीं कर सकता। यह आत्मा को शुद्ध कर जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। धर्म केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह सत्य, न्याय और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा का परिचायक है। उन्होंने अहंकार से बचना चाहिये, अभिमान मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है और उसे सच्चे सुख और शांति से वंचित कर देता है। धर्म की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने आए पीछे न हटे,कथा में बालकृष्ण लीला पर विशेष कथा सुनाएं माखन चोरी लीला कालिया नाग मर्दन भगवान माटी खाई , गोपी वस्त्र चीर हरण लीला,और गोवर्धन पूजा की विशेष कथा सुनाई गई और भगवान को छप्पन भोग लगाया गइस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी, अशोक कुमार वर्मा गीता देवी, विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी, संजय चौधरी, सुमन चौधरी बिजया गुप्ता, बबीता देवी, श्रीकृष्ण गुप्ता, नर्मदा देवी, केडिया परिवार, अवधेश प्रसाद गुप्ता मनिषा देवी, मनोज कुमार गुप्ता कविता गुप्ता, उदय वर्मा,सरजू केशरी, सुष्मा वर्मा, सुशील खैतान, माया खैतान, महेश अग्रवाल, राजेश चौखानी, बिकास साहू, हिम्मत सिंह सुमन देवी, संजय गुप्ता आदि समाज के सभी के सहयोग से किया जा रहा है।

### कत्थक नृत्य कार्यशाला में स्थानीय कलाकारों ने विशाल कृष्ण से सिखा कत्थक नृत्य की बारीकियां



**धनबाद** : धनबाद सेंट्रल कोल वासरी ऑर्गेनाइजेशन के सभागार में शनिवार को 13 से 15 दिसंबर तक ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल,अनुभूति एक एहसास,सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र, सीसीडब्ल्यूओ के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक कलाकार विशाल कृष्ण ने स्थानीय कत्थक कलाकारों को प्रशिक्षण दिया। सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र, काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कार्यशाला की अंतिम दिन कलाकारों को विशाल कृष्ण के द्वारा महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा जो भविष्य में सभी कत्थक कलाकारों के लिए बहुत ही अहम होगा। आगे बताया कि विशाल कृष्णा का जन्म 1991 मे बनारस घराने के प्रवर्तक एंव इनके परदादा आचार्य पंडित सुखदेव महाराज के यंहा हुआ। इनकी नृत्य की शिक्षा 3 वर्ष की आयु से प्रारंभ हो गई। इनके प्रथम गुरु कथक की महारानी इनकी दादी सितारा देवी उसके बाद इनके पिता पंडित मोहन कृष्णा एंव रविशंकर मिश्र से प्राप्त की। ये नटराज पंडित गोपी कृष्णा के भतीजे है। इनके नृत्य मे गजब की स्फूर्ति,सुंदर अंग संचालन, कुशल अभिनय, होने की वजह से इनको एक अलग पहचान मिली। इन्होने कई समारोहों मे नृत्य का प्रदर्शन किया है जैसे गंगा महोत्सव वाराणसी संकट मोचन महोत्सव वाराणसी,कालिदास समारोह उज्जैन,श्रावण महोत्सव उज्जैन,वसंतोत्सव दिल्ली, कत्थक महोत्सव दिल्ली, काला घोड़ा महोत्सव मुम्बई, खजुराहो महोत्सव खजुराहो, ढाका महोत्सव बांग्लादेश ,सिडनी डांस महोत्सव ऑस्ट्रेलिया इंडियन डांस महोत्सव चीन है। साथ ही कला विभूति सम्मान,श्रृंगार मणि पुरस्कार, पंडित बिरजू महाराज संगीत संमृद्धि सम्मान, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक आकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### विधायक ने सिविल सर्जन को 48 घंटे में जर्जर व्यवस्थाओं को सुधारने का दिया निर्देश



**बोकारो** : विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र की जनता के शिकायत को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए कैंप 2 स्थित बोकारो सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती महिलाओं, जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों,एवं ओपीडी सेवाओं का जायजा लिया तदोपरांत वहा की जर्जर व्यवस्था से रूबरू हुई। श्वेता सिंह ने व्यवस्था को देखते हुए सिविल सर्जन को तत्काल फटकारते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 48 घंटे के अंदर सारी जर्जर व्यवस्थाओ को सुदृढ़ करने एवं प्रसूति विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार बोकारो सदर अस्पताल के अव्यवस्थित कार्य प्रणाली से आए दिन परेशानी झेलती है आए दिन यहां के मरीजों की मौत की खबरें अखबारों में आना आम बात सी हो गई हैं जिससे कि वर्तमान सरकार की बदनामी हो रही है प्रसूति विभाग में भर्ती एक पीड़ित महिला ने रोते हुए अपनी नवजात शिशु की मौत की शिकायत विधायक श्वेता सिंह के समक्ष की और कहा कि डा रेखा की लापरवाही के कारण यह घटना घाटी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**चैनपुर** : चैनपुर में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां एक बाइक ने एक महिला को टक्कर मार दी महिला की पहचान सुनीता एक्का के रूप में हुई है, जो अपने पति के लिए खाना लेकर खेत जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों की हालत गंभीर हो गई है। उन्हें तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। एक घायल को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ताइक्वांडो खिलाड़ी हुए सम्मानित

**ओरमांझी** : टी यू एस एस वी स्कूल में एक दिवसीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पिछले 4 और 5 दिसंबर को झारखंड स्टेट ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन एमबी स्कूल बुंडू में एमबी ताइक्वांडो अकादमी और झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ओरमांझी के काजल कुमारी, निशा कुमारी, स्वाति बेदिया, नंदनी कुमारी, कहकासा आफरीन, कोमल कुमारी, करिश्मा कुमारी, मुस्कान परवीन, रिंकी कुमारी, रिया कुमारी,नगमा नसरीन, आकांक्षा लोहरा, रेखा कुमारी, सिवानी कुमारी, सोनिका कुमारी, सिवानी कुमारी ने 4 गोल्ड, 8 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल्स हासिल की थी।

# आंग्ल नववर्ष सेलिब्रेशन में पर्यटकों की होगी धूम, सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी पुलिस : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : आंग्ल नववर्ष का सेलिब्रेशन हो और रामगढ़ की हसीन वादियों में पर्यटकों की भीड़ ना हो यह नामुमकिन है। पर्यटक अंग्रेजी नए साल के जश्न में दो महीने तक डूबे रहते हैं। रामगढ़ जिले की पतरातू घाटी और डैम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसके अलावा रजरप्पा का दामोदर नदी तट भी एक बड़ा पिकनिक स्पॉट के रूप में विख्यात है। इन दोनों स्थानों पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं और पूरे दिन पिकनिक मनाते हैं। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्र में भी दर्जनों पिकनिक स्पॉट हैं, जहां हंसी वादियों के बीच लोग नए साल का आगाज करते हैं। नए साल के जश्न में एक तरफ जहां पर्यटकों की धूम रहेगी, वहीं रामगढ़ पुलिस उनकी सुरक्षा में भी कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। रजरप्पा और पतरातू में बनेगा हेल्प डेस्क एसपी अजय कुमार ने इसकी तैयारी अभी से ही कर ली है। शनिवार को बातचीत के दौरान एसपी ने बताया कि रजरप्पा और पतरातू डैम में बाकायदा हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। पर्यटकों के बीच में चोर उचक्के भी घुस जाते हैं। ऐसी वारदातों में तत्काल पुलिस की सहायता पर्यटकों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि क्रिसमस से लेकर जनवरी माह और फरवरी महीने के पहले सप्ताह तक पर्यटक नए साल का जश्न मनाते हैं। रामगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर पर्यटकों की भीड़ लगती है। पतरातू डैम में भी वोटिंग के लिए लोग आते हैं। सभी भीड़भाड़ वाले इलाके और डैम के आसपास भी पुलिस फोर्स मौजूद रहेगी। इसके अलावा पतरातू घाटी में लगातार पुलिस की गश्त जारी रहेगी। आपराधिक वारदातों पर भी पुलिस की रहेगी नजर एसपी अजय कुमार ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह भी सक्रिय रहता है। उनकी गतिविधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। बाइक और गाड़ी से घूमने वाले अपराधियों को पुलिस ने पहले से ही चिन्हित कर रखा है। नए साल के जश्न के दौरान पर्यटकों को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे सामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी भी तय है।

### पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल किया जब्त

**सिल्ली** : सिल्ली पुलिस के द्वारा शनिवार के दिन गश्ती के क्रम में तीन मोटरसाईकिल को तेज एवं लापरवाह तरीके से चलाने के कारण निरुद्ध किया गया। जिस पर एम वी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के मोटरसाईकिल चालक बिना नम्बर प्लेट के तथा साईलेंसर को मोडीफाईड करके चलते है जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से गलत है। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि ऐसे चालको को चेतावनी दी जाती है कि पकड़े जाने पर विभिन्न कानूनी मापदंडों के अंतर्गत दंडणीय अपराध के तहत कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के चालक अकसर युवा होते है जो लापरवाह तरीके से वाहन चलाते है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना में जान–माल की हानी होती है साथ ही नागरिकों से रांची पुलिस अपील करती है कि सड़क सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाये तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करे। अभिभावक अपने नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने नहीं दें।

### चापाकल खराब होने से ग्रामीण परेशान

**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा हनुमान मन्दिर के सामने लगी चापाकल दो वर्षो से बंद पड़ा है। जिस कारण ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इसकी जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने जलदाय विभाग को दी है,और अतिशीघ्र चापाकल को मरम्मत करने की मांग की है।


कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

सूचना

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दरहाबांध नाला में पुलिया निर्माण एवं प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम सिरम में बाडी डेरा में पीच रोड से बाडी डेरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No- 338226 है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 342021 (Rural Development)24-25*D


# नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर** : चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम पंचायत की एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिग 9वीं कक्षा की जनजातीय छात्रा के साथ गुमला के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा चैनपुर के चर्च रोड में किराए का घर लेकर चैनपुर के स्कूल में नवीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार को आकाश कुजूर का जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए ठग-फुसलाकर उस स्कोपियो गाड़ी से गुमला ले गए पीड़िता के साथ उसकी एक सहेली भी थी जो स्कूल से ही आकाश कुजूर, अमन टोप्पो, आनंद राहुल बड़ा, और रोहित के साथ गुमला चले गए। जहां उन लोगों ने होटल लिया। पीड़िता ने बताया कि जन्मदिन मनाने के बाद आकाश कुजूर, अमन टोप्पो, और राहुल बड़ा ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसकी सहेली और रोहित दूसरे कमरे में थे। बचने का काफी प्रयास करने के बावजूद, तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ दरिंदगी की। इसके बाद मंगलवार की रात उसी स्कोपियो गाड़ी से ही आकाश पीड़िता को लेकर अपने घर आ गया और उसे रात भर अपने घर में ही रखा। बुधवार को काफी मिन्नत करने के पर उसने पीड़िता को छोड़ दिया। जिसके बाद पीड़िता अपने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गुरुवार को चैनपुर थाना में घटना के संबंध में लिखित शिकायत की गई। घटना के संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि नाबालिग बच्ची को ठग-फुसलाकर गुमला लेजाकर तीन युवकों ने दुष्कर्म किया है। उन्होंने बताया कि दो युवक रोहित और आनंद ने आरोपियों का साथ दिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को आरोपी रोहित और राहुल बड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य फरार हैं, जिन्हें भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने का डीसी ने दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला** : गुमला जिले में पिछले कुछ दिनों में तापमान के लगातार गिरने से कड़कती ठंड के मौसम को देखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर संध्या के समय अलाव जलाने के निर्देश जारी किए गए थे, जिसे देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मुख्य चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संध्या के समय अलाव जलाते हुए स्थानीय लोगों को ठंड से राहत देने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर जहां शहरी क्षेत्र में नगर परिषद ने सभी चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की जिम्मेदारी ली है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों एवं प्रखंडों में सम्बंधित अंचल अधिकारियों के द्वारा अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। ठंड के मौसम में प्रत्येक दिन संध्या के समय सभी मुख्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहें है, जिससे ना केवल आस पास के राहगीरों को राहत मिल रही है बल्कि स्थानीय दुकानदारों को भी ठंड से बचाव हो रहा है। पिछले 10 दिनों में गुमला जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इन दिनों मुख्य रूप से शाम के समय तापमान 8 डिग्री से 11 डिग्री तक देखने को मिल रही है। ऐसे स्थिति में जिला प्रशासन की समस्त जिले वासियों से यह अपील होगी कि खास कर शाम एवं सुबह के वक्त बाहर किसी महत्वपूर्ण कार्य से ही निकले। खुद को ठंड से बचाएं एवं सुरक्षित रहें।


midivsimdg@gmail.com

कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।

शुद्धि पत्र

पत्रांकः–   सिमडेगा,दिनांकः–

इस कार्यालय के पत्रांकः– 756 दिनांकः– 04.12.2024 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण संख्याः– WRD/MID/SIMDEGA/BD/SLI-09/2024-25 दिनांकः–04.12.2024 जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था (पी.आर. संख्याः–341156 Simdega(24-25)D को अपरिहार्य कारणवश निम्नांकित रुप से संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | निविदा सूचना के क्रमांक | Particulars | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | Estimated Cost Rs. | 1,05,31,000=00 के स्थान पर 1,03,94,311=72 पढ़ा जाय। |
| 2 | 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | 2,10,700=00 के स्थान पर 1,04,000=00 पढ़ा जाय। |

2. निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

निविदा की अन्य शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in. एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।

PR 342025 Simdega(24-25)D


# डीसी ने राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का किया साप्ताहिक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला** : उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने आज गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का साप्ताहिक निरीक्षण किया। जिले में शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने एवं मेट्रिक, इंटर के परीक्षा फलों में सुधार लाने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से संचालित इस गतिविधि के तहत उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के सभी उच्च विद्यालयों में साप्ताहिक रूप से अधिकारियों द्वारा भ्रमण करते हुए वहां के व्यवस्थाओं एवं बच्चों के साथ संवाद कर उन्हें पढ़ाई के प्रति मोटिवेट करने के साथ साथ उनके डाउट भी क्लियर करने का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में टोटो स्थित +2 उच्च विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को बेहतर करने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा स्वयं भी साप्ताहिक विद्यालय भ्रमण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण प्रक्रिया, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, मैट्रिक बोर्ड, प्री बोर्ड, ई विद्या वाहिनी, विज्ञान प्रयोगशाला और कम्प्यूटर क्लास जैसी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का संदेश दिया एवं कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं के बच्चों का उनकी तैयारी का आकलन भी किया गया तथा बच्चों के डाउट क्लास भी लिए। उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है।

# 26वीं वाहिनी एसएसबी ने बड़े धूम-धाम से मनाया 19वां वाहिनी स्थापना दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा** : 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने आज दिनांक 14 दिसंबर 24 को वाहिनी मुख्यालय परिसर अनगडा में वाहिनी का 19वा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.डी. शेरखाने (कमांडेंट) 26वीं वाहिनी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कमांडेंट महोदय ने सभी अधिकारी तथा जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। महोदय ने वाहिनी के नक्सल विरोधी अभियानों की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि, वाहिनी ने 144 नक्सलियों की गिरफ्तारी की, 93 हथियार, 44 कि.ग्रा. गांजा, 76 कि.ग्रा. अफीम, 26,406 कि.ग्रा. डोडा जप्त करने के साथ ही साथ 4295 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की एवं 30 लाख रुपये नकद जप्त कर सरकारी कोष में जमा किया एवं कई अन्य उपलब्धियाँ हासिल की। महोदय ने यह भी बताया कि, वाहिनी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम, मानव संसाधन कार्यक्रम एवं विभिन्न अन्य जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय जनता को मुलभुत सुविधाएँ प्राप्त करने में अहम् योगदान निभाया हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बल कर्मियों के लिए विभिन्न खेल-प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं जीतने वाले प्रतियोगियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत महोदय द्वारा वाहिनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं अन्य बलकर्मियों को प्रशंसा-पत्र से नवाजा गया। अंत में महोदय ने जवानों के साथ सह-भोज कर सभी जवानों को वाहिनी के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर पुनः शुभकामनाएं दी।


Office of the Deputy Commissioner -cum-District Magistrate, Ramgarh (Development Section) "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101

Tender Notice

NOTICE FOR INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR

Appointment of Internal Auditor for the financial year 2023-24

EOI No:01/2024-25Ramgarh, Dated: 13/12/2024

The District Administration Ramgarh inviting EOI for Appointment of Internal Auditor for the financial year 2023-24. The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in.Response to this Expression of Interest (EOI) shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this EOI, at the following address latest by 04.01.2025 on or before 04:00 pm

**Address for communication&Submission of documents**

Development Section, Ramgarh, "B Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 Phone: 06553-231359, Email:vikashshakharamgarh@gmail.com

The EOI would be opened atConference hall "Block- A", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101, bothtechnical & financial bidat02:00 pm on 06.01.2025 in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह०/–

उप विकास आयुक्त,–सह–सचिव,DMFT,रामगढ़

PR 342003 (District)24-25*D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI

NOTICE INVITING QUOTATION NO-13/2024-25

Sealed quotations are invited for the work

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Day to day maintenance of 3 (Three) Nos Fountains/Water Body in the Campus of New High Court of Jharkhand at HEC, Dhurwa, Ranchi | Twelve Months |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 28-12-2024 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-30-12-2024 at 3.00 p.m and will be opened on 30-12-2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of Rs. 5000.00 in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No-02, Ranchi*

PR 342018 (Building)24-25*D


## उषा मार्टिन से दिव्यांगों को मिला ट्राईसाईकिल

# समाज में दिव्यांग की सेवा से बड़ी सेवा : राजेश कच्छप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा** : समाज में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग जनों का विकास एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इनको समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल किया जाना चाहिए। दिव्यांग की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उक्त बातें खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहीं। श्री कच्छप आज टाटी पूर्वी पंचायत में उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से इर्द गिर्द के गांवों के लोगों को रोजगार के साथ ग्रामीण विकास का वैकल्पिक उपाय मिल रहा है। इसका लोगों को लाभ उठाना चाहिए ताकि समाज का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने समाज को रोजगार के लिए आगे आनेश्रका आह्वान किया। एचआर हेड एन0एन झा ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों के विकास के लिए एकीकृत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण के साथ रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा कृषि को वैकल्पिक आय का माध्यम बनाने के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं। गांवों के लोगों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। अनगड़ा के उपप्रमुख जयपाल हजामत ने कहा कि सरकार की योजना के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए, ताकि ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि गांवों के 15 दिव्यांगों को सरकारी योजना से जोड़ने के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनवाया गया है। इन दिव्यांगों को दीपशिखा के माध्यम से विकलांगता की जांच करायी गयी है। इसके अलावा अगले माह से दिव्यांग के लिए एक विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस अवसर पर टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से गांवों के विकास में योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर दीपशिखा के प्रमोद, आर्टिफिशियल लिंब के चंद्रमौली पांडेय और उषा मार्टिन के वरूण कुमार, मोनीत बृतकुमार, भुवनेश्वर महतो, संगीता कुमारी, मेवालाल महतो के अलावा बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

**लाभान्वित होनेवाले दिव्यांग की सूची**

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के तहत विभिन्न गांवों के 15 दिव्यांगों को शारीरिक गतिशीलता और कार्यकुशलता के बैट्री ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल, व्हिल चेयर और ईयर मशीन दिया गया है। मासु के आशाराम महतो, सुकदेव महतो, हेसल की कौशल्या कुमारी, टाटी पूर्वी की सुधन कमारी, सिलवई के रिशी कुमारी और हाहे के सोनू देवहरिया को बैट्री ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल दिया गया। प्रकाश कुमार तथा उलातु के अजय कुमार महतो को व्हिल चेयर और उलातु की दिव्या कुमारी, हराबु की मरियम पितर और मोनीत बृतकुमार और टाटी पूर्वी की लक्ष्मी कुमारी को सुनने के लिए ईयर मशीन दिया गया है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-47/2024-25 (4th Call) दिनांक – 13.12.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.12.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.12.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.12.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क्र0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Construction of Anganwadi Kendra Narma Panchayat- Narma Block- Bishunpur Dist.- Gumla | TSP Fund | 1108200.00 | 22200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2. | Construction of Anganwadi Kendra Parsapani Panchayat- Banari Block- Bishunpur Dist.- Gumla | TSP Fund | 1108200.00 | 22200.00 | 2500.00 | 06 माह |

नोटः–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 342029 (Minor Irrigation)24-25*D

# दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों की न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

मनोज कुमार अग्रवाल

**अतुल ने जो कदम उठाया वह उचित नहीं ठहराया जा सकता है बेहतर होता कि वह न्यायालय के भ्रष्टाचार को किसी तरह प्रूफ बना कर उजागर करता और अपने माता-पिता के बुढ़ापे का भी ख्याल करता सिर्फ रील बनाने या 23 पेज का बयान लिखकर जान गंवाने से बेहतर था कि वह अपना संघर्ष जारी रखता। एक इंजीनियर होने के बावजूद उसने अपने जीवन का फैसला बेहद गलत किया क्योंकि जीवन खत्म करने के बाद कोई न्याय प्रतिपूर्ति नहीं कर सकता है।**



देश में बनने वाला हर कानून नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, ताकि हर पीड़ित को इंसाफ और उसका हक मिल सके। महिलाओं के साथ होने वाले तमाम तरह के अपराधों, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और हिंसा से उन्हें बचाने के लिए उन्हें कई कानूनी कवच दिए गए हैं, इससे उनकी स्थिति पहले से मजबूत हुई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाएं गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे है। असंतुष्ट पत्नियां दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं।

ऐसी घटनाएं वास्तव में देखने को मिली हैं कि पति से संबंध तोड़ने से पहले नाराज पत्नियां हिंसा और उत्पीड़न का इल्जाम न सिर्फ पति के पूरे परिवार, बल्कि दूरदराज के रिश्तेदारों पर भी लगा देती हैं। अकसर ऐसे आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं होते, मगर उसके पहले आरोपी बनाए गए व्यक्तियों को कोर्ट-कचहरी की प्रक्रिया के दौरान लंबी परेशानी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने इस कानून के दुरुपयोग को उजागर किया है। परिवार की कलह से तंग आ चुके एक एआई इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक घंटा 20 मिनट का यह वीडियो वायरल हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष ने इस वीडियो को रिकॉर्ड करने के बाद बेंगलुरु स्थित अपने घर में फांसी लगा ली थी। वीडियो में अतुल ने पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप से पैदा हुई परिस्थितियों पर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उनके ही पैसे से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी उन्हें उनके बेटे से न मिलने देती है और न ही फोन पर बात कराती है। अतुल ने 24 पत्रों का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला अतुल अपनी नौकरी के चलते बेंगलुरु में रहता था। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर में था। उसने अपने सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ससुरालवालों पर आरोप है कि उन्होंने झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सुसाइड नोट के हर पन्ने पर न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल ने अलग से रखा था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे। दरअसल दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम 'आईपीसी 498 ए' पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुमार्ना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा' आईपीसी 304 बी' जोड़ी गई। आईपीसी 304 बी में 'दहेज हत्या' का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी प्रकार के जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी मृत्यु से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी और इसका दहेज मांगने से संबंध है तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। अतुल का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से शीर्ष न्यायालय ने चिंता जतायी है। सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पतियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। अदालत ने कहा है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए और पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद से उत्पन्न आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का उल्लेख शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश भर में वैवाहिक विवादों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, साथ ही विवाह संस्था के भीतर कलह और तनाव भी बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप, आईपीसी की धारा 498 ए (पत्नी के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता) जैसे प्रावधानों का दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ताकि पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिशोध को बढ़ावा दिया जा सके। देखा जाए तो जरूरत है कि इस कानून की समीक्षा की जाए। ऐसा नहीं है कि महिलाओं पर उत्पीड़न कम हो गया है और सभी मामले झूठे दर्ज कराए जाते हैं, लेकिन कुछ झूठे मामले जरूर सामने आ रहे हैं। इन कानूनों का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा है। लेकिन इसे संतुलित रूप से लागू करना होगा, ताकि इनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

अतुल ने जो कदम उठाया वह उचित नहीं ठहराया जा सकता है बेहतर होता कि वह न्यायालय के भ्रष्टाचार को किसी तरह प्रूफ बना कर उजागर करता और अपने माता-पिता के बुढ़ापे का भी ख्याल करता सिर्फ रील बनाने या 23 पेज का बयान लिखकर जान गंवाने से बेहतर था कि वह अपना संघर्ष जारी रखता। एक इंजीनियर होने के बावजूद उसने अपने जीवन का फैसला बेहद गलत किया क्योंकि जीवन खत्म करने के बाद कोई न्याय प्रतिपूर्ति नही कर सकता है।

## संपादकीय

### बन गई बात

एक देश-एक चुनावह्न को लागू करने संबंधी विधेयकों को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी, मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। सरकार विधेयकों पर व्यापक विचार-विमर्श करने को इच्छुक है। जिन्हें संसदीय समिति को भेजे जाने की संभावना है। सरकार विभिन्न विधानसभाओं के अध्यक्षों से परामर्श करने की इच्छुक है। इसमें विधानसभाओं को भंग करने और एकसाथ चुनाव शब्द को सम्मिलित करने के लिए अनुच्छेद 327 में संशोधन करने से संबंधित प्रावधान भी है। सिफारिश में कहा गया है, विधेयक को कम से कम 50 फीसद राज्यों से अनुमोदित करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक अन्य विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों व पुडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करने वाला सामान्य विधेयक होगा। अपने देश में एक चुनाव की बात अनूठी नहीं है। क्योंकि आजादी के बाद के वर्षों में भारत में एक ही चुनाव होता था। यानी सभी राज्यों के विधानसभा व लोक सभा चुनाव साथ हुआ करते थे। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही विभिन्न मौकों पर देश भर में एक चुनाव कराने की बात करते रहे हैं। हालांकि भारत में एक चुनाव कराना सरकार के लिए आसान नहीं है, परंतु प्रधानमंत्री चाहते हैं राज्यों व केंद्र में साथ में चुनाव हों ताकि संसाधनों व धन का अपव्यय रोका जा सके। अभी साल में कई दफा देश में कहीं-न-कहीं चुनाव हो रहे होते हैं; जिन पर राजनीति होती रहती है, चुनाव आयोग व सुरक्षा तंत्र व्यस्त रहता है। विपक्ष को बार-बार उंगली उठाने का मौका मिलता है। सरकार की दलील है कि एक देश-एक चुनाव से राजकोष में बचत होगी। आचार संहिताओं के चलते विकास परियोजनाओं में रुकावटें नहीं आएंगी। चुनाव के दौरान काले धन के उपयोग के आरोपों से निपटने में एजेंसियों को सुविधा होगी। हालांकि इसका विरोध करने वाले कहते हैं कि देश भर में जितने संसाधनों की जरूरत होगी, उसके लिए सरकार को बजट बढ़ाना होगा। देश के तमाम क्षेत्रीय व छोटे दलों के लिए एक साथ चुनाव का भारी नुकसान हो सकता है। जैसा कि हम जानते हैं, विधानसभा व लोक सभा चुनाव के मुद्दे काफी अलग होते हैं। एक ही चुनाव होने पर इनका पैटर्न बदल जाएगा। क्षेत्रीय दलों के लिए बड़ी राजनीतिक पार्टियों से मुकाबला करना दूभर हो सकता है, परंतु जैसा कि 62 दलों में से 32 चुनाव के पक्ष में हैं। 15 ने विरोध किया है। इसलिए सरकार आम सहमति बनाने का भरसक प्रयास करे।

## चिंतन-मनन

### बाहरी विकार

एक व्यक्ति संन्यासी के पास पहुंचा और बोला, बाबाजी! मुझे परमात्मा से मिला दो। संन्यासी ने बात टालनी चाही। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। संन्यासी ने उसकी भावना परखने की दृष्टि से कहा, भगवान से मिलना है तो कल आना होगा। दूसरे दिन फिर यही उत्तर मिला। लेकिन वह निराश नहीं हुआ, निरन्तर आता रहा। संन्यासी ने देखा,इसे शब्दों से समझाना कठिन है। आखिर उसे एक युक्ति सूझी। कहा, परमात्मा से मिलने के लिए तो ऊपर चढ़ना होगा। उसने स्वीकृति दे दी। संन्यासी ने उसके सिर पर पांच बड़े-बड़े पत्थर रखे और पहाड़ की चढ़ाई पर चढ़ने के लिए कहा। दो चार कदम चला होगा कि उसकी सांस फूलने लगी और वह वहीं रूक गया।


संन्यासी बोले, यहां बैठने से भगवान नहीं मिलेंगे। वह साहस बटोरकर चला, लेकिन असफल रहा। संन्यासी ने उसके सिर पर से एक पत्थर उतार दिया। वह कुछ दूर चला फिर रूक गया। चलते-चलते पांचों पत्थर नीचे गिरा दिए गए। वह पहाड़ की चोटी पर पहुंच गया।

संन्यासी बोला- समझे या नहीं।

उसने उत्तर दिया- मैं कुछ नहीं समझा। आप समझा दीजिए।

संन्यासी- जब तक तुम्हारे सिर पर पत्थर थे, तुम चल नहीं सके और हल्के होकर चोटी तक पहुंच गए। इन बाहरी पत्थरों में भी इतनी शक्ति है तो हमारे भीतर काम, क्रोध, मद, लोभ और भय रूप जो पांच बड़े-बड़े पत्थर हैं, उनको उतारे बिना भगवान तक कैसे पहुंचोगे? इसलिए इन पाषाणों से हल्का बनने के लिए साधुओं का सान्निध्य पाना आवश्यक है।

# जनहित के लिए संविधान पर प्रियंका का पहला भाषण



डॉ हिदायत अहमद खान



अधिकांश नेताओं के राजनीतिक भाषण अक्सर लोकलुभावन वादों से परिपूर्ण सुनहरे सपने दिखाने वाले होते हैं। इससे परे जब बात संसद में भाषण देने की होती है तो सत्यता के साथ तथ्यात्मकता, गंभीरता और जिम्मेदारी का ध्यान रखा जाता है। इस आधार पर संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान वायनाड सांसद प्रियंका गांधी द्वारा दिया गया भाषण वाकई काबिले जिक्र है। इस पर चर्चा इसलिए भी जरुरी हो जाती है क्योंकि प्रियंका का यह लोकसभा में दिया गया पहला भाषण था। इसके जरिए प्रियंका गांधी ने जहां सत्तारूढ़ सरकार पर तीखा हमला बोला वहीं उन्होंने संविधान की अहमियत और जनता के अधिकारों की रक्षा पर भी प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी। यही वजह है कि उनके भाषण की तारीफ विपक्ष के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने मुक्तकंठ से की है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो उनके भाषण को स्वयं द्वारा संसद में दिए गए पहले भाषण से बेहतर बताया है, जबकि राहुल और प्रियंका गांधी की मॉं और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसे एक्सीलेंट कहा है। यही नहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रियंका की स्पष्टता और साहसिक वक्तव्य की सराहना की है। यहां सवाल यह उठता है कि आखिर प्रियंका ने अपने पहले भाषण में ऐसा क्या कहा जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। दरअसल प्रियंका ने संविधान पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने देश में भय का ऐसा वातावरण बना दिया है, जैसा अंग्रेजों के राज में था। यह तो सभी कहते आ रहे हैं और इसमें नया कुछ भी नहीं है, लेकिन जिस मंच से यह बात उठाई गई औरजिस प्रभावी ढंग से रखी गई वही इसे विचारणीय बना देती है। इस बात को उन्होंने प्रभावी ढंग से कहा, कि आज का राजा आलोचनाओं से डरता है। विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। जनता के बीच जाने का साहस नहीं है। देश के वर्तमान हालात का नक्शा खींचते हुए प्रियंका गांधी ने सरकार पर विभाजनकारी नीतियां अपनाने का जहां आरोप लगाया वहीं उन्होंने भाईचारे को तोड़ने जैसे कार्य किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने संविधान की एहमियत को रेखांकित किया और संविधान को देश का सुरक्षा कवच बताया। संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि न्याय, अभिव्यक्ति और आकांक्षा की ज्योत है। यह संविधान ही है जिसने हर भारतीय को अपनी आवाज उठाने और सरकार को जवाबदेह बनाने का अधिकार दिया है। लेकिन, आज की सरकार इन अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। प्रियंका इसका उदाहरण देती हुई कहती हैं कि सरकार निजीकरण और लेटरल एंट्री के जरिए आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रही है। भाषण में तीखापन लाते हुए वो कह जाती हैं कि प्रधानमंत्री संविधान को माथे से लगाते हैं, लेकिन जब मणिपुर और संभल में न्याय की गुहार उठती है, तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आती। देश के विभिन्न हिस्सों में जारी हिंसा पर सरकार की निष्क्रियता को लेकर सभी मंचों से आवाज उठती रही है और लगातार सरकार को घेरा जाता रहा है, लेकिन प्रियंका ने जिस तरह से इस बात को रखा उसकी चर्चा भी हो रही है। वो कहती हैं कि संविधान ने हमें एकता दी है, लेकिन आज इसे कमजोर किया जा रहा है। वाकई संविधान तो विभिन्नता में एकता का सूत्र देता है, जिस कारण दुनियां में देश की अलग पहचान बनती है और विकास की गाथा इसी आधार पर लिखी जाती है, जिसकी चर्चा पड़ोसी देश भी करते देखे जाते हैं। देश में मौजूद समस्याओं को जिस अंदाज में उठाया गया है, वह भी उल्लेखनीय हो गया है। प्रियंका गांधी ने किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना था कि कृषि कानून उद्योगपतियों के लिए बनाए जा रहे हैं। हिमाचल में सेब के किसान रो रहे हैं। वायनाड से लेकर ललितपुर तक किसान परेशान हैं। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता का सवाल रखा और बताया कि सरकार कोई राहत नहीं दे रही है। इन सभी के साथ मौजूदा सरकार ने जिस तरह से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को मौजूदा परेशानियों और समस्याओं का जिम्मेदार ठहराने वाला तकियाकलाम अपना रखा है, उसका भी प्रियंका ने वाजिब सवालिया जवाब दे दिया है। इस प्रकार प्रियंका ने अपने पहले भाषण में जहां संविधान के महत्व को रेखांकित किया वहीं उन्होंने देश की ज्वलंत समस्याओं से भी अवगत कराते हुए सरकार को उसकी अपनी जिम्मेदारी याद दिलाने का भी बेहतर काम कर दिखाया है। अब देखना यह होगा कि इस चर्चा के बाद सरकार अपने फैसलों और नितियों के साथ कार्यों के जरिए किस तरह से जवाब देती है। आखिर जिसके हाथों में देश की दशा और दिशा की तय करने की शक्ति है, उससे बेहतर परिणाम की आशा तो रखनी ही चाहिए।

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



ललित गर्ग

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है। आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

## एक नजर

### नावाडीह में महिला की मौत, पति समेत ससुराल वाले फरार

**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में शनिवार को 33 वर्षीय महिला संजू देवी पति रामदेव पासवान की मौत हो गयी,जिसके बाद ससुराल वाले फरार हो गये । सूचना पाकर पहुँचे मायकेवालों ने पति समेत ससुराल वालों पर गला घोंटकर मारने का आरोप लगाया है । मामले की सूचना पाकर पहुँची सरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया । इस बाबत मृतका संजू देवी के भाई बिरनी थाना क्षेत्र के अरवाटाँड केंदुआ निवासी ने मुकेश पासवान ने सरिया थाना में आवेदन दिया है। दिये आवेदन में इन्होंने कहा है कि मेरी बहन संजू देवी की शादी वर्ष 2008 में सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी रामदेव पासवान हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई । इससे इन्हें चार पुत्र क्रमशः अरविंद पासवान(13),अजय कुमार(09),प्रवीण कुमार(07) व गूड्डू पासवान (03) हुए । मेरा बहनोई रामदेव पासवान डीजे बजाने का काम करता है । यह पिछले छह माह से मेरी बहन को मायके से 50 हजार नगदी लाने को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से हम यह माँग पूरी नहीं कर पा रहे थे। जिसके कारण बहनोई रामदेव पासवान, बहन की सास फुलवा देवी, बहनोई के भाई अक्षय ,दीपक व गोतनी सुधाता देवी मिलकर प्रताडित करते थे।

### रेलवे के मेंटनेंस वर्क के कारण चार घंटा सड़क मार्ग रहा बाधित

**सरिया (गिरिडीह) :** शुक्रवार की रात्रि 11 बजे से सुबह 4 बजे तक हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के 20 नंबर रेलवे फाटक पर मेंटनेश का कार्य होने के कारण लगभग 4 घंटा तक रांची देवघर दुमका मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहा । बताते चले कि इस दौरान सिलीगुड़ी, भागलपुर, देवघर, रांची, धनबाद आदि बड़े शहरों की ओर चलने वाले छोटे बड़े सभी यात्री वाहन इस जाम में फंसे रहे। वाहनों का काफिला रेलवे फाटक के दोनों ओर लगभग 3 से 4 किलोमीटर लग गया। रेलवे फाटक पर सड़क मार्ग में यातायात सुबह लगभग 5 बजे तक सामान्य हो सका। इस दौरान ठंड में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि रेलवे के द्वारा सड़क मार्ग बाधित रहने संबंधी सूचना रेलवे फाटक के इर्द गिर्द कुछ दिन पहले दिया गया था।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सरिया(गिरिडीह) :** शनिवार को सरिया कॉलेज, सरिया में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर 'ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने किया। इन्होंने कहा कि हमें भविष्य को ध्यान में रखकर पर्यावरण सन्तुलन के प्रति जागरूक बनना होगा क्योंकि मानवीय गतिविधियाँ बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारक हैं। ऊर्जा संरक्षण के लिए हम छोटे-छोटे प्रयास से ही आगे बढ़ सकते हैं। विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के उपाय से अवगत कराया। डॉ. प्रमोद कुमार ने मुख्य विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि वैसे तो जलवायु परिवर्तन कुदरती तौर पर होता है, परन्तु मानवीय गतिविधियों, औद्योगिक क्षेत्र आदि गतिविधियों से आज बहुत तेजी से जलवायु परिवर्तन होता देखा जा सकता है। इसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग का तेजी से बढ़ना है। जागरूकता के अभाव में आज हमारे ग्रहों के औसत तापमान में लगातार वृद्धि हो रहा है। जीवाश्म ईंधन के अनुचित उपयोग, वनों की कटाई, औद्योगीकरण आदि से ही ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहे हैं। असमय जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाएँ भी बढ़ रही हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 करोड़ से अधिक राशि की हुई वसूली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**दुमका :** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता से 10,560 वादों का निपटारा करते हुए 23 करोड़ से अधिक राशि की वसूली शनिवार को हुई। लोक अदालत प्रधान जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बाबत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। बेंच नंबर-1 से फैमली जज संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता संगीता कुमारी एवं प्रशांत कुमार उपस्थित हुए। बेंच नंबर-2 से एडीजे-5 शत्रुंजय कुमार सिंह, अधिवक्ता कुमार प्रभात एवं अनिल कुमार उपस्थित हुए। बेंच नंबर-3 से एडीजे श्री राजेश सिन्हा, अधिवक्ता ओमियो कुमार मांझी एवं पंकज कुमार गुप्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर-4 से सीजेएम अनूप तिर्की, अधिवक्ता विक्रमादित्य पांडेय एवं धर्मवीर मिश्रा उपस्थित हुए। बेंच नंबर-5 से सीनियर सिविल जज द्वितीय सह न्यायिक दंडाधिकारी वॉटर भेंगरा, अधिवक्ता कामोद नारायण झा एवं वरुण कुमार सिंह उपस्थित हुए। बेंच नंबर-6 में जेएम वन आदित्य, कार्यपालक दंडाधिकारी विनीत कुमार एवं अधिवक्ता राकेश चंद्र लाल मरांडी उपस्थित हुए। बेंच नंबर-7 से जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल, सदस्य नीलमणि मरांडी एवं अधिवक्ता दिनेश कुमार महरिया उपस्थित हुए। लोक अदालत में पारिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल हैं। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 10,560 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 23,47,40,222 रुपए की राशि का समझौता हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा क्लेम केस में 38 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। लोक अदालत में पहुंचे हुए ग्रामीणों के लिए विधिक जागरुकता के लिए एक स्टॉल भी लगाया गया।

## दुमका में अलग-अलग दुर्घटनाओं में टोल कर्मी समेत दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना थाना क्षेत्र के कोठिया स्थित नेशनल हाईवे 133 के टोल प्लाजा के समीप घटी। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष यादव (34) निवासी थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव के रूप में हुई है। बताया गया कि संतोष टोल प्लाजा पर ही मैसर्स सुरेन्द्र कुमार कौशिक के लिए काम करता था। वह टोल प्लाजा से रात्रि करीब नौ बजे किसी काम से कोठिया गया था। वापस आने के क्रम में टोल प्लाजा के समीप ही उसकी बाइक किसी अज्ञात वाहन टकरा गई। घटना के तुरंत बाद उसे एंबुलेंस से सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को सरैयाहाट पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को टोल प्लाजा के पास रख टोल नाका को बंद करा दिया। आक्रोशित लोग दस लाख रुपये नकदी मुआवज और मृतक की पत्नी को नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ताराचंद ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी मैसर्स सुरेन्द्र कुमार कौशिक ने तत्काल दो लाख रुपये मृतक को परिजन को देने की बात कही। साथ ही कंपनी के द्वारा प्रावधान के अनुसार अन्य लाभ देने की बात कही। इसके बाद लोगों ने टोल को चालू होने दिया। इस दौरान टोल प्लाजा पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## विधायक सविता महतो ने कुकड़ू, नीमडीह व चांडिल में आठ सड़कों का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कुकड़ू, नीमडीह व चांडिल में 8 सड़को का शीलान्यास शनिवार को विधायक सविता महतो नें विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक नें कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के कारकीडीह पुल से रेलवे लाइन तक 3.20 किमी, जानुम से पलाशडीह तक 1.84 किमी, आरईओरोड से चौड़ा ग्राम होते हुए सोभा नदी तक 2.0 किमी, सितु बड़ालापांग पथ से बाकारकुड़ी तक 2.93 किमी, नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के झिमरी निर्मल महतो चौक से बलराम महतो घर तक 1.67 किमी व चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 32 से कंगलाटांड तक 4.3 किमी, पीडब्लूडी मेन रोड से डोबो गांव तक 1.65 किमी व काठजोर से कदमझोर तक 5.92 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य का आधार शीला रखा। विधायक नें कहा आठ सड़क का निर्माण 12 करोड़ 91 लाख 75 हाजार दो सौ रुपये कि लागत से होगा। उन्होंने कहा सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, कृष्णा किशोर महतो, सपन महतो, कित्तीवास महतो, हरिदास महतो, संतोष किस्कु, पशुपति महतो, सचिन गोप, सचिन महतो, हरेकृष्ण सिंग सरदार, अर्जुन सिंह, समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड (रांची) के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन जिला खेल शाखा सिमडेगा, नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, सिमडेगा द्वारा संयुक्त रूप से नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, नेहरू युवा केंद्र पदाधिकारी रोशन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव विशेष रूप से युवाओं और बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें 2047 के विकसित भारत की कल्पना के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने छात्र छात्राओं व युवाओं से विकसित भारत का भागीदार बनने की बात कहीं। उन्होंने ने कहा कि आज का यह जो कार्यक्रम एक सीढ़ी है जिस सीढ़ी से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और अपनी प्रतिभा का लोहा दिखा सकते है। भारत में 143 एवं 144 करोड़ की आबादी उसमें जो युवा है 14 से 25 वर्ष तक युवक युवतियां है इसकी 28 फीसदी संख्या युवा है। जनसंख्या का जो लाभांश है आप लोग से आप युवा वर्ग से देश को मिलता है। युवा उत्सव के संबंध में जिला युवा पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

## खूंटी में प्रतिभाओं की कमी नहीं जरूरत उन्हें तराशने की है : लोकेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, रांची नेहरू युवा केन्द्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन बिरसा कॉलेज खूंटी के बहुउद्देश्य भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा। खूंटी जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें तराशने की। मेरी शुभकामनाएं है कि खूंटी जिले से जो भी प्रतिभागी जोनल स्तर पर भाग लें, वे विजयी हों। जिला स्तरीय युवा उत्सव में कुल 11 प्रतिस्पधाओं का आयोजन किया गया। इनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, विज्ञान मेला, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप में अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, नेहरू युवा केन्द्र के पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# बटाइल पंचायत में जल जीवन मिशन का हाल बेहाल 36 में से मात्र आठ जलमीनार का ही मिल रहा लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर बटाइल पंचायत के विभिन्न गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजलापूर्ति का हाल बेहाल है। यहां करीब एक वर्ष पहले 36 जलमीनार तो लगायी गयी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अब तक सभी चालू नहीं हो पायी है। इस जलमीनार से लोगों के घरों तक पाइप के जरिये पेयजल की आपूर्ति की जानी है। इनमें से मात्र 8 जलमीनार से ही लोगों के घरों तक पानी पहुंच पा रहा है। पंचायत के बड़ा गढ़ग्राम, भीमपाड़ा, दुलमपुर व चंडी झोपड़िया में जब एक वर्ष पहले जलमीनार लगाये जाने की शुरूआत हुयी, तो लोगों में काफी खुशी का माहौल था। उस समय लोगों को लगा था कि अब चापानल के भरोसे दर्जनों परिवार को नहीं रहना पड़ेगा। लेकिन, अब उनकी आशा निराशा में बदल रही है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी जल्द पेयजलापूर्ति चालू कराने की मांग की है। शोभा की वस्तु बनी जेजेएम की पानी टंकी बटाईल पंचायत के भीमपाड़ा गांव में बीते वर्ष मार्च महीने में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत सोलर संचालित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिये 9.32 लाख रुपये की लागत से 5000 लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी लगाये जाने का कायार्देश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज द्वारा जारी किया गया था। जिसके कुछ माह बाद वहां पानी की टंकी तो लगा दी गयी, लेकिन उस टंकी से जुड़ने वाले 27 घरों तक पाइप नहीं बिछाया गया। क्रम में बड़ा गढ़ग्राम में 15 टंकी का निर्माण हुआ, इनमें से अब तक एक भी टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है। भीमपाड़ा गांव में 8 पानी की टंकी लगायी गयी, जिनमें से 5 चालू है, तथा 3 अब तक वैसे ही पड़े हुये हैं। दुलमपुर गांव में 4 टंकी लगाये गये, जिनमें से केवल एक ही शुरू किया जा सका है। वहीं, चंडी झोपड़िया में 9 टंकी में से केवल 2 ही चालू हुये हैं। कहते हैं मुखिया व पंसस मुखिया समुद्री बास्की ने बताया कि हमारे पंचायत के अधिकांश लोग पेयजल के लिए जल के अन्य स्त्रोतों पर निर्भर हैं, योजना शुरू होने से लोगों को काफी लाभ मिलता लेकिन, इसकी शुरूआत नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं, पंचायत समिति सदस्य शंभू रजक ने कहा कि पंचायत के विभिन्न गांवों में योजना के तहत पानी की टंकी लगायी तो गयी है, लेकिन अब तक सभी टंकियों से जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है, जिस कारण इस योजना को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा नहीं माना जा सकता है। इसे लेकर हमलोग वरीय पदाधिकारी को अवगत करा रहे हैं। कहते हैं जेई पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुनील दत्त ने कहा कि उक्त पंचायत में पेयजलापूर्ति करने वाली सभी एंजेंसियों को एक माह के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया गया है। जल्द ही लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। यदि किसी एंजेंसी द्वारा तय समय पर कार्य पूरा नहीं किया जाता है, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पानी की समस्या का हुआ समाधान



**बरहरवा :** नगर अंतर्गत वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में लोग विगत कई महीनों से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। जिसकी शिकायत लेकर कुछ दिनों पूर्व वार्डवासी कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार से मिलने के उपरांत प्रखण्ड महासचिव ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को ज्ञापन सौपा था, कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नल रिपेयरिंग से संबंधित लोगों की एक टीम बना कर हरिजनपाड़ा भेज कर स्थल का जायजा करवाते हुए सभी जगहों में सामग्री उपलब्ध कराया उसके बाद आज दिनांक 14 दिसंबर 24 दिन शनिवार को सभी नलों को दुरुस्त कर दिया गया। इस कार्य के लिए हरिजनपाड़ा के सभी लोगों ने प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार सहित कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को दिल से धन्यवाद किया। वही निताय सरकार ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर पंचायत में जो भी कार्य तुंरत हो रहे हैं उन सभी कार्यो के त्वरित कार्यवाही के लिए हमारे विधायिका निसात आलम को धन्यवाद। मौके पर नल मिस्त्री समाउल सेख,राजू रविदास,बिक्रम रविदास, मो.आफताब,पंचू रविदास सहित अन्य वार्ड वासी मौजूद थे।

### 17 से 19 तक होगा क्रिसमस गैंदरिंग का आयोजन



**सिमड़ेगा :** सीसीवाईए के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बृहद रूप से क्रिसमस सह मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। संयुक्त रूप से क्रिसमस कार्निवाल कमिटी भी क्रिसमस शोभा यात्रा को एक साथ मिलकर बहुत ही भव्य रूप से पूरे शहर में कार्निवाल निकलेगी। क्रिसमस गैदरिंग की तिथि 17,18 एवं 19 दिसम्बर को रखी गई है, जिसमे प्रत्येक दिन अलग अलग मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम सुभारंभ किया जाएगा। एवं 17 को ही सुबह 11 बजे क्रिसमस शोभायात्रा यात्रा का ब्लेसिंग मुख्य अतिथि फादर किशोर एक्का द्वारा होने के बाद हजारो की संख्या में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से सोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका मुख्य आकर्षण लाइव कैरोल, लाइव चरनी झांकी होगी। जो झूलन सिंह चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप से वापस स्टेडियम लौट जाएगी। फिर 3 :30 बजे सिमड़ेगा धर्मप्रान्त के धर्मअध्यक्ष आदरणीय भिनसेन्ट बारवा के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग सह मेला महोत्सव एवं चरनी की आशीष एवं उद्घाटन होने के बाद शुरू हो जाएगी। इस बीच में कई चर्च के बच्चे कई प्रतियोगिताओं में भाग भी लेंगे। दिनांक 18 को एन डब्लू जीई एल चर्च छत्तीसगढ़ के बिशप ग्लैडसन मिंज के द्वारा उद्घाटन होगी एवं 19 को जीईएल चर्च के बिशप मोरेल बिलुंग के द्वारा उद्घाटन होगी। गैदरिंग के अंतिम दिन झारखंड के आधुनिक नागपुरी गायाकार अपने मधुर संगीत से लोगो को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीसीवाईए कमिटी,वोलेंटियर्स एवं युवा साथियों द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है। इस मौके पर सीसीवाईए एवं क्रिसमस कार्निवाल कमिटी ने सभों का अभिनंदन करते हुए क्रिसमस सोभा यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हूआ आयोजन





**साहिबगंज :** नालसा के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष कि अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका ऑनलाइन उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, जज, झारखण्ड हाई कोर्ट -सह- कार्यकारी अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने किया। जिसका सीधा प्रसारण साहेबगंज व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में स्क्रीन पर उपस्थित लोगों ने देखा। उद्घाटन के उपरान्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत लम्बे समय से चले आ रहे मामलों को निपटाने का कानूनी विकल्प है। बल्कि यह ऐसी एक दिवसीय अदालत है, जिसमें वादों का त्वरित निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निष्पादन होने से आमजनों को काफी राहत मिलती है आमजनों एवं पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई दी और कहा कि समय-समय पर किये जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में साहेबगंज न्यायमंडल और राजमहल अनुमंडलीय न्याय मंडल में कुल 6191 मामलों का निपटारा करके 2,98,51,866 समझौता राशी प्राप्ति हुई ।

### जनता की मांग और जरूरत के अनुरूप होगा विकास योजनाओं का कार्यान्वयन : सूर्या मुंडा

**खूंटी :** विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि जनता की मांग और उनकी जरूरत के अनुसार विकास योजनाओं को लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों खूंटी, तोरपा और कर्रा प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो। विधायक शनिवार को खूंटी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। रामसूर्या मुडा ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से सरकार की विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका दरवाजा जनता के लिए हमेशा खुला है। जनता की शिकायतों और सुझाव पाने के लिए ही खूंटी में कार्यालय खुला है। लोग जब चाहें अपनी समस्याओं से उन्हें अगवत करा सकते है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कृषि, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क और अन्य बुनियादी समस्याओं को निराकरण किया जायेगा।

# स्विट्ज़रलैंड ने भारत से वापस लिया एमएफएन का दर्जा

**- मोस्ट फेवर्ड नेशन के दर्जे वाले देश एक-दूसरे को व्यापार में देते हैं विशेष छूट**



**मुंबई ।**

स्विस कंपनी नेस्ले पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्विटजरलैंड ने भारत को दिया गया सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र यानी मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा निलंबित (सस्पेंड) कर दिया। स्विटजरलैंड ने एमएफएन का दर्जा वापस लेने के अपने फैसले के पीछे नेस्ले से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2023 में दिए गए फैसले का हवाला दिया है। मोस्ट फेवर्ड नेशन के दर्जे वाले देश एक-दूसरे को व्यापार में विशेष छूट देते हैं। स्विस वित्त विभाग ने हाल ही में एक बयान जारी करके कहा कि यह कदम पिछले साल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उठाया गया है जिसमें कहा गया था कि यदि कोई देश ओईसीडी में शामिल होने से पहले भारत सरकार ने उसके साथ टैक्स डील पर हस्ताक्षर किए हैं तो एमएफएन चैप्टर लागू नहीं होता है। अब इस दर्जे के रद्द होने से भारतीय कंपनियों को स्विट्जरलैंड में ज्यादा टैक्स भरना होगा। भारत ने कोलंबिया और लिथुआनिया के साथ कर संधियों पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कुछ प्रकार की आय पर कर दरें ओईसीडी देशों को दी जाने वाली दरों से कम थीं। बाद में दोनों देश ओईसीडी में शामिल हो गए। 2021 में स्विटजरलैंड ने व्याख्या की कि कोलंबिया और लिथुआनिया के ओईसीडी में शामिल होने का मतलब है कि समझौते में उल्लिखित 10 प्रतिशत के बजाय एमएफएन खंड के तहत भारत-स्विट्जरलैंड कर संधि पर लाभांश के लिए 5 प्रतिशत की दर लागू होगी। एमएफएनइ दर्जे के निलंबन के बाद इस फैसले का असर यह होगा कि स्विट्जरलैंड एक जनवरी 2025 से भारतीय कंपनियों के वहां अर्जित लाभांश पर 10 फीसदी टैक्स लगाएगा। स्विस विदहोल्डिंग टैक्स के लिए रिफंड का दावा करने वाले भारतीयों को ये देना होगा।

# नियामक ने एआईएफ प्रो-रेटा डिस्ट्रीब्यूशन के लिए तय किए मानक


**नये नियमों से निवेशकों को अधिक सुरक्षा और लाभ प्राप्त होगा**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक नया आदेश जारी किया है जिसके तहत वैकल्पिक निवेश फंड्स (एआईएफ) के लिए आनुपातिक वितरण सुनिश्चित किया गया है। इस नए आदेश से यह सुनिश्चित होगा कि निवेशकों को उनकी प्रतिबद्धताओं के अनुपात में लाभ पहुंचाया जाए। जब एआईएफ निवेशकों के अधिकारों एवं आय को प्रो-रेटा में वितरित करेगा, तो इससे निवेशकों को न्यूनतम और अधिकाधिक लाभ मिलेगा। इसे लेकर सेबी ने पिछले महीने एआईएफ नियमों में कई बदलाव किए थे और हाल ही में जारी किए गए सर्कुलर में सेबी ने विवरण दिया कि उन निवेशकों को छूट दी जाएगी जो निवेशकों की तरह उपयोगी होंगे जो अपने प्रतिबद्धताओं में गलती करें। लिमिटेड पार्टीयों (एलपी) के लिए भी सख्ती से कहा गया है कि वे अपने आनुपातिक अधिकारों से कम या अधिक लाभ स्वीकार कर सकते हैं। इसके साथ ही, सेबी ने फंड के प्रबंधकों, प्रायोजकों, फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशंस को अधिक नुकसान साझा करने की अनुमति भी दी है। एक अन्य नई निर्देशिका के तहत, एक उद्योग निकाय को विशिष्ट अंतर संबंधित अधिकारों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है जिसे सेबी द्वारा पेश किया जा सकता है। यह नया आदेश निवेशकों के हित में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो वितरण के प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और निष्पक्ष बनाएगा। इससे निवेशकों को अधिक सुरक्षा और लाभ प्राप्त होगा और वैकल्पिक निवेश फंड्स के क्षेत्र में सुधार होगा।

# एक लाख करोड़ का एयूएम होने पर आईपीओ ला सकती है एलआईसी म्युचुअल फंड

**एलआईसी ने एयूएम वित्त वर्ष 2025-26 तक होने का लक्ष्य रखा**




**नई दिल्ली ।**

एलआईसी म्युचुअल फंड ने अपनी प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति (एयूएम) के एक लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने पर आईपीओ लाने की संभावना को खोल दिया है। एक अधिकारी ने इसे पुष्टि की और बताया कि कंपनी ने एयूएम वित्त वर्ष 2025-26 तक होने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में एलआईसी एमएफ का एयूएम लगभग 38,000 करोड़ रुपये है, जो 2022-23 में 16,526 करोड़ रुपये था। एलआईसी म्युचुअल फंड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उन्होंने 67 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्तमान वृद्धि दर 30 प्रतिशत है। उन्होंने इक्विटी योगदान के 47 प्रतिशत और बॉन्ड के 53 प्रतिशत हिस्से के साथ बताया कि सभी कोषों में वित्तलिय रूप से शासन वाले और कॉर्पोरेट निवेशक बॉन्ड में ज्यादा पैसा लगाए हैं। रूपरेखा से एलआईसी एमएफ ने खुदरा निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए न्यूनतम व्यवस्थित निवेश योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने पर खुदरा और इक्विटी भागीदारी 65-70 प्रतिशत तक बढ़ जाए। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए कंपनी ने विभिन्न पहल की हैं, जैसे जीवन बीमा निगम के नेटवर्क का उपयोग और वितरण चैनलों का स्थापना।

# टाटा समूह के विमानन कंपनियों की सीट क्षमता में 20 फीसदी बढ़ी

**- पिछले साल 4.58 करोड़ सीटें थी जो बढ़कर 2024 में 5.47 करोड़ पहुंच चुकी है**

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय परिचालन की एकीकृत सीट क्षमता में 20 फीसदी की वृद्धि की घोषणा की है। एयर इंडिया को नियंत्रित करने वाले समूह द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल सीट क्षमता वर्ष 2023 में करीब 6.40 करोड़ थी जो बढ़कर चालू वर्ष में करीब 7.67 करोड़ हो चुकी है। टाटा समूह के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू यात्री सेवा के तहत सीट क्षमता पिछले साल करीब 4.58 करोड़ सीटों की थी जो 19 फीसदी बढ़कर 2024 में 5.47 करोड़ सीटों तक पहुंच चुकी है। यह विमानन कंपनियों की कुल घरेलू सीट क्षमता का 28 फीसदी से अधिक है। पिछले साल यह सभी विमानन कंपनियों की कुल सीट क्षमता का 25 फीसदी रहा था।

अंतरराष्ट्रीय परिचालन में भी टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने अपनी सीट क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टाटा समूह की विमानन कंपनियों की सीट क्षमता 2023 में करीब 1.81 करोड़ सीटों की थी जो 21 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.19 करोड़ सीटों की हो चुकी है। दुनिया के सबसे भरोसेमंद एक विमानन विश्लेषण फर्म के अनुसार टाटा समूह मजबूत ग्राहक आधार के बावजूद 11.9 करोड़ सीटों के साथ चालू वर्ष को अलविदा करेगा जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के अनुसार एयर इंडिया की सीट क्षमता इस साल 39 फीसदी से अधिक बढ़कर 2.35 करोड़ सीटों की हो गई। इसमें विस्तारा को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि उसकी गणना अलग से की गई है। नई विमानन कंपनी आकासा ने अपनी सीट क्षमता में पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। इन विमानन कंपनियों की सीट क्षमता बढ़ने से घरेलू उड़ानों के लिए भारत की सीट क्षमता एक साल पहले के मुकाबले 6.84 फीसदी बढ़कर 19.35 करोड़ सीटों तक पहुंच चुकी है। गो फर्स्ट ने कोई उड़ान नहीं भरी और स्पाइसजेट एवं अलायंस एयर जैसी विमानन कंपनियों ने अपनी सीट क्षमता कम कर दी थी। समान अवधि में उड़ानों की संख्या 5.4 फीसदी बढ़कर 11.3 लाख तक पहुंच गई।

# फरवरी में रेपो दर में 25 आधार अंकों की हो सकती है कटौती

**- भारत की समग्र मुद्रास्फीति नवंबर में 6 फीसदी से नीचे**

**नई दिल्ली ।**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 फीसदी के स्तर पर आ गई है और ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले महीने में मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। ऐसे में अर्थशास्त्रियों और बाजार का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की दरें तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) फरवरी में होने वाली बैठक में रीपो दर 25 आधार अंक दर की कटौती कर सकती है। भारत की समग्र मुद्रास्फीति नवंबर में 6 फीसदी से नीचे आ गई है जो आरबीआई के मुद्रास्फीति को 2-6 फीसदी के दायरे में रखने के लक्ष्य के अनुरूप है।

यह खाद्य कीमतों में कमी और अन्य कारकों के बीच अनुकूल आधार प्रभाव के कारण संभव हुआ है। कोर मुद्रास्फीति भी नवंबर में थोड़ी कम होकर 3.7 फीसदी हो गई जो पिछले महीने के 3.8 फीसदी से कम है। इसकी तुलना में समग्र मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.2 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई जबकि सितंबर में यह 5.49 फीसदी थी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में लिखा कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि आरबीआई फरवरी 2025 में दर में कटौती करेगा और दर कटौती चक्र में कुल 75 आधार अंकों की कटौती हो सकती है। मगर डॉलर में होने बदलाव से ऐसे निर्णय के प्रभावित होने की संभावना नहीं है जैसा कि वर्ष 2018 में हुआ था जब आरबीआई ने रुपये पर भारी दबाव होने के बावजूद दरों में बढ़ोतरी नहीं की थी। डीबीएस बैंक की कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए और उन्होंने कहा कि हम फरवरी की बैठक में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं और इस चक्र में कुल 75 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। साथ ही हमारी नजर अमेरिकी डॉलर पर भी है। राव को उम्मीद है कि खाद्य वस्तुओं पर मौसम संबंधी असर के खत्म हो जाने के बाद समग्र मुद्रास्फीति 4-5 प्रतिशत के दायरे में सामान्य हो जाएगी।

# जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी इंडस टावर्स

**- पीवी बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी**

**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार अवसंरचना कंपनी इंडस टावर्स सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी 38.03 करोड़ रुपये में खरीदेगी। इंडस टावर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी। बयान में कहा गया है कि कंपनी ने 12 दिसंबर को व्यक्तिगत उपयोग के तहत सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद को लेकर विशेष उद्देश्य के लिए बनाई गई (एसपीवी) जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। जेएसडब्ल्यू को अक्टूबर 2024 में पारंपरिक या गैर-पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके बिजली या किसी अन्य ऊर्जा का निर्माण, विकास, स्वामित्व, उत्पादन, आपूर्ति, संचय, संचरण, वितरण, भंडारण, खरीद और बिक्री करने के लिए शामिल किया गया था।




# एचडीएफसी बैंकिंग सर्विस डाउनः दो दिनों तक बंद रहेगी क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन

**आईसीआईसीआई बैंक में भी 14 और 15 दिसंबर को कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी**

**मुंबई ।** एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एक महत्वपूर्ण अलर्ट दिया है जिसमें बताया गया है कि 14 और 15 दिसंबर को बैंक की कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इसका मुख्य कारण मेंटेनेंस कार्य है। 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से डेढ़ बजे तक क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन बंद रहेगा। उसके बाद, नेटबैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप की सेवाएं दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और लगभग 3 घंटे तक बंद रहेंगी। इसके साथ ही आईसीआईसीआई बैंक ने भी ग्राहकों को एक समान अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया है कि 14 और 15 दिसंबर को कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। ग्राहकों को अलर्ट दिया गया है कि इस अवधि के दौरान आरटीजीएस ट्रांजेक्शन स्थगित किए जाएंगे। ग्राहकों को सुझाया गया है कि इस अवधि के दौरान अल्टरनेटिव विकल्प के रूप में आईमोबाइल या इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करें। यह सूचना एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण है। इन समयों में सर्विस में किए गए किसी भी बदलाव की सम्यक जानकारी लेने के लिए ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# एलआईसी ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी में घटाई हिस्सेदारी

**- एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी**

**मुंबई ।** देश की प्रमुख बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 2 फीसदी घटा दी है। इसके बाद नवरत्न पीएसयू आयरन ओर माइनिंग कंपनी एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई है, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी। एलआईसी का शेयर शुक्रवार को 932.60 रुपए पर बंद हुआ। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सितंबर, 2023 से दिसंबर, 2024 तक की अवधि में बाजार बिक्री की एक श्रृंखला के माध्यम से एनएमडीसी में 5.91 करोड़ से अधिक शेयर यानी 2 फीसदी हिस्सेदारी बेची है। एनएमडीसी के वोटिंग अधिकार वाले इक्विटी शेयरों में एलआईसी की हिस्सेदारी 22,31,79,025 शेयरों (7.6 फीसदी) से घटकर 16,40,59,791 शेयर (5.6 फीसदी) रह गई है। पिछले महीने एलआईसी ने कहा था कि उसने टाटा पावर में 2.02 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी करीब 2,888 करोड़ रुपए में बेच दी है और कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 3.88 फीसदी कर दी है। शुक्रवार को एनएमडीसी का शेयर बीएसई में 2.91 फीसदी की गिरावट के साथ 233.70 रुपए पर बंद हुआ।




# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और फेड पॉलिसी से पहले भारतीय सूचकांक लगातार चौथे सप्ताह बढ़त लेकर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह एफआईआई की खरीदारी, सीपीआई और आईआईपी आंकड़ों ने भी बाजार को साप्ताहिक गिरावट को कम करने में मदद की। बीते सप्ताह शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार- चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुरुआती घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को उतार-चढ़ाव का माहौल देखा गया। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 151.36 अंक की गिरावट के साथ 81,557.76 अंक पर खुला और 200.66 अंकों की गिरावट के बाद 81,508.46 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ खुलने के बाद शुरुआती सौदों में 37.45 अंक फिसलकर 24,640.35 अंक पर खुला और 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट स्तर पर खुले। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 35.71 अंक की बढ़त के साथ 81,544.17 अंक पर खुला और .59 अंक गिरकर 81,510.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 13.25 अंक चढ़कर 24,632.25 अंक पर खुला और 8.95 अंक की गिरावट के साथ 24,610.05 पर बंद हुआ। बुधवार को




सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 19.22 अंक की बढ़त के साथ 81,529.27 अंक पर खुला और 13.34 अंकों की गिरावट के साथ 81,496.70 पर बंद हुआ। निफ्टी 21.55 अंक चढ़कर 24,631.60 अंक पर खुला और 20.25 अंकों की गिरावट के साथ 24,630.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी सपाट ही खुला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 83.73 अंक चढ़कर 81,609.87 अंक पर खुला और 236.18 अंक कमजोर होकर 81,289.96 पर बंद हुआ। निफटी 12 अंक की बढ़त के साथ 24,604.45 अंक पर खुला और 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद बाजार ने पलटी मार दी है। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिकवाली के बाद संभले और हरे निशान पर लौट आए। दोपहर बाद सेंसेक्स 321.00 अंक चढ़कर 81,537.48 पर पहुंच गया और 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर खुला और 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर बंद हुआ।

# मैकिंजी संघीय जांच से बचने को 65 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सलाहकार फर्म मैकिंजी एंड कंपनी ने दवा कंपनी पर्ड्यू फार्मा के लिए किए गए कार्यों की संघीय जांच से बचने के लिए 65 करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। वर्जीनिया में अदालत में दायर दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इसके मुताबिक अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत मैकिंजी आपराधिक आरोपों पर अभियोजन से बच जाएगी। हालांकि इस राहत के लिए मैकिंजी को इस राशि का भुगतान करना होगा और पांच साल के लिए नियंत्रित पदार्थों की बिक्री, विपणन या प्रचार बंद करने जैसी शर्तों का पालन भी करना होगा। मैकिंजी के प्रतिनिधियों ने इस समझौते के बारे में टिप्पणी के लिए फोन कॉल और ईमेल संदेशों का फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है। न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों में कहा गया है कि पर्ड्यू ने ऑक्सीकॉन्टिन दवा समेत कई उत्पादों से राजस्व बढ़ाने के तरीकों के लिए मैकिंजी को 15 वर्षों में 9.3 करोड़ डॉलर से अधिक का भुगतान किया।

# सेबी ने रिटेल निवेशकों के लिए एल्गो ट्रेडिंग सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव दिया

**- एल्गो ट्रेडिंग कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिए ट्रेडिंग को तेज़, सस्ता और पारदर्शी बनाती है**

**नई दिल्ली ।**

बाजार नियामक सेबी ने रिटेल निवेशकों के लिए एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग (एल्गो ट्रेडिंग) की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। यह तकनीक कंप्युटर प्रोग्राम के जरिए ट्रेडिंग को तेज़, सस्ता और पारदर्शी बनाती है। अब तक यह सुविधा केवल संस्थागत निवेशकों को मिलती थी। एल्गो ट्रेडिंग का उपयोग करने से निवेशक तेज़ी से खरीद-फरोख्त कर सकते हैं। इससे बाजार में लेन-देन आसान होता है और तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ती है। सेबी का कहना है कि यह सुविधा रिटेल निवेशकों को सुरक्षा और सही नियमों के साथ दी जाएगी। सेबी के अनुसार एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा स्टॉक ब्रोकरों के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए ब्रोकर को पहले स्टॉक एक्सचेंज से अनुमति लेनी होगी। ट्रेडिंग में हर लेन-देन को स्टॉक एक्सचेंज की ओर से दिए गए यूनिक आईडेंटिफायर से टैग किया जाएगा, ताकि उसकी ट्रैकिंग की जा सके। यदि ब्रोकर एल्गो सिस्टम में कोई बदलाव करना चाहेंगे, तो उन्हें इसके लिए एक्सचेंज से मंजूरी लेनी होगी। एल्गो ट्रेडिंग के लिए एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का इस्तेमाल किया जाएगा। ब्रोकर इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि एल्गो प्रदाता या फिनटेक कंपनियां उनके एजेंट के रूप में काम करेंगी। जो भी लेन-देन एक तय सीमा से अधिक होगा, उसे एल्गो ट्रेडिंग माना जाएगा और उसे यूनिक आईडेंटिफायर से टैग किया जाएगा।



# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, घटकर 654.85 अरब डॉलर पहुंचा

**6 दिसंबर से पहले विदेशी मुद्रा भंडार में 1.51 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी**

**नई दिल्ली ।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.235 अरब डॉलर की कमी आई है। इस दौरान भंडार घटकर 654.857 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.51 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे लगातार कई हफ्तों की गिरावट रुकी थी। सितंबर के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के अपने अब तक के उच्च स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.228 अरब डॉलर घटकर 565.623 अरब डॉलर रह गईं। ये परिसंपत्तियां डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं की कीमतों में बदलाव के कारण प्रभावित होती हैं। इस सप्ताह भारत के सोने के भंडार में भी गिरावट दर्ज की गई। सोने का भंडार 43 मिलियन डॉलर घटकर 66.936 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार में 25 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे यह 18.031 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की भंडार स्थिति 12 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.266 अरब डॉलर हो गई।

# वेलस्पन कॉर्प अमेरिकी संयंत्र की क्षमता बढ़ाने 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

**नई दिल्ली ।** वेलस्पन कॉर्प ने अमेरिका में अपने लिटिल रॉक संयंत्र की क्षमता दोगुनी करने के लिए 10 करोड़ डॉलर की विस्तार योजना शुरू की है। कंपनी ने बयान में कहा कि विस्तार परियोजना मार्च 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। इस इकाई की मौजूदा क्षमता 1.75 लाख टन है, जिसे बढ़ाकर 3.5 लाख टन किया जाएगा। वेलस्पन कॉर्प ने कहा कि यह निवेश यह दर्शाता है कि कंपनी चौड़े आकार वाली लाइन पाइप बनाने में सक्षम है। वेलस्पन वर्ल्ड के चेयरमैन ने कहा कि यह विस्तार कंपनी के कारोबार के विस्तार और उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण है। इस निवेश से एक महत्वपूर्ण योजना के तहत कंपनी दावा कर रही है कि वह अपनी पहचान मज़बूत करेगी। वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड वैश्विक स्तर पर चौड़े आकार वाली लाइन पाइप बनाने वाली शीर्ष तीन कंपनियों में से एक है और इस नए विस्तार से उसकी मुख्यता और मजबूती और भी बढ़ेगी।

# हमारी सरकार बनी तो अभ्यर्थियों के यात्रा-ठहरने का इंतजाम करेंगे



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- पेपर नही सरकार ही लीक, युवा सरकार को आईना दिखाएंगे

**पटना।** DM डॉ. चंद्रशेखर ने शुक्रवार को BPSC स्टूडेंट्स को थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थी ने DM पर कथित तौर पर बिकने का आरोप लगाया था। इस पर वह भड़क गए और थप्पड़ मार दिया। अभ्यर्थी को थप्पड़ मारने के कारण न केवल पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह की किरकिरी हो रही ही, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और RJD नेता रोहिणी आचार्य ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि आने वाले समय में यही बिहार के युवा सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे। तेजस्वी यादव ने अभी कहा कि बिहार में पेपर ही नहीं लीक हुआ है बल्कि सरकार ही लीक हो चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो राज्य सरकार या आयोग की ओर से ली जाने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के आने-जाने, ठहरने का इंतजाम सरकार करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना के जिला अधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह द्वारा छात्र की पिटाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पटना के जिला अधिकारी छात्र को पीट रहे हैं, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन हैं। बिहार में दो-दो उपमुख्यमंत्री है। वह भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि बिहार के कई सेंटरों पर जो उन्हें पेपर मिला उसका सील पहले से ही टूटा हुआ था। उसके बावजूद भी छात्रों को 30 मिनट, एक घंटा लेट से पेपर मिला और परीक्षा समाप्त के समय ही उनसे पेपर ले लिया गया। छात्रों को जब आधा घंटा, एक घंटा पेपर लेट से मिला तो छात्रों के साथ सरकार ना इंसाफी कर रही है, धोखा कर रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में भाजपा, जदयू, हम और चिराग पासवान की पार्टी की सरकार है, लेकिन हमें नहीं लग रहा है कि बिहार में कोई सरकार नाम की चीज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोए हैं, या खोए हैं या फिर होश में नहीं है। यह किसी को नहीं पता है। बिहार में हर परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है। छात्र-छात्रा जब अपनी मांग लेकर सड़क पर उतरते हैं, तो उनके ऊपर सरकार द्वारा लाठी चलाई जाती है। RJD नेता रोहिणी आचार्य ने थप्पड़ कांड को लेकर CM पर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि नीतीश कुमार का शासनकाल बेलगाम- बददिमाग अफसरशाही और अफसरों के लिए तो जाना ही जाता है। अब तो नीतीश कुमार के पसंदीदा-चहेते अफसर-अधिकारी बिहार की जनता और युवाओं के साथ बदसलूकी पर उतर आए हैं। BPSC अभ्यर्थी पर पटना के DM के द्वारा थप्पड़ चलाया जाना सरासर गुंडागर्दी की श्रेणी में आता है। मुख्यमंत्री होने के नाते नीतीश कुमार को ये बताना चाहिए कि उनके अधिकारी को थप्पड़ चलाने का अधिकार किस रूल-बुक की तहत हासिल है ? मुख्यमंत्री जी, आपके अधिकारी के द्वारा चलाया गया ये थप्पड़ महज एक अभ्यर्थी विशेष पर नहीं बल्कि पूरे बिहार के युवाओं पर चलाया गया थप्पड़ और उनका किया गया अपमान है। इस विवेकहीन अधिकारी पर तुरंत कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। आप और आपके अधिकारी प्रतियोगी परीक्षाओं और नियुक्तियों/बहालियों में निरंतर जारी फर्जीवाड़ों को रोक पाने में पूरी तरह से विफल और लाचार साबित हो रहे हैं और अपनी विफलता, अपनी सरकार की नाकामी, अपने शासन में व्याप्त भ्रष्टाचार की खीज कभी लाठी-डंडे चलवाकर तो कभी थप्पड़ चलाकर निकाल रहे हैं ।

## पीछा कर पहले चाकू गोदा, फिर गला रेत कर हत्या



बेतिया में शुक्रवार देर रात अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। 2 बुलेट और एक बाइक से आए 7 अपराधियों ने पहले युवक का पीछा किया, फिर घेर कर चाकू से हमला किया और फिर गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरिवाटिका चौक स्थित शिव मंदिर के पास की है। मृतक की पहचान बगहा के रामनगर थाना इलाके के दिउलिया वार्ड नंबर 8 निवासी विजय कुमार के बेटे सौरभ कुमार राव (19) के रूप में हुई है। सौरभ अपने जीजा के भाई अनुज कुमार के साथ मोहर्रम चौक गया था। इसी दौरान अपराधियों ने उनका पीछा किया। तब साथ का युवक बाइक से उतर कर भाग गया, जबकि सौरभ अपनी जान बचाने के लिए हरिवाटिका चौक की ओर भागा, लेकिन सौरभ बाइक से गिर पड़ा, जिसके बाद अपराधियों ने उसे शिव मंदिर के पास घेर लिया। जिसके बाद बदमाशों ने पहले सौरभ को चाकू से गोदा, फिर गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अपराधियों की तलाश में जुटी है। परिजनों ने बताया कि सौरभ मेघालय मे पोस्ट ऑफिस मे क्लर्क के पद पर था। 1 साल पहले ही उसकी नौकरी हुई थी।

## पटना में एनकाउंटर, गैंगस्टर अजय राय ढेर



**पटना।** में हुए एनकाउंटर में छपरा जिले का रहने वाला मोस्ट वांटेड क्रिमिनल अजय राय उर्फ काका मारा गया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से 12 राउंड से अधिक फायरिंग हुई। जक्कनपुर थाना के संजय नगर में रोड नंबर 10 में शुक्रवार की रात पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर को भी गोली लगी है। दिवाकर का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है दरअसल, एसटीएफ को यह सूचना मिली थी कि कुख्यात अजय राय संजय नगर इलाके में नाम बदल कर खुद को ठेकेदार बता कर रह रहा था। वो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। टीम मौके पर पहुंची और अजय राय को सरेंडर करने को कहा। वहां अजय के अलावा दो और अपराधी थे। दोनों भाग गए, लेकिन अजय ने पुलिस पर गोली चला दी। उसके बाद एसटीएफ ने मोर्चा संभाला और गोलियां चलानी शुरू कर दी। अजय को चार गोली लगी। गंभीर हालत में अजय राय को एनएमसीएच ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।STF के DIG विवेकानंद ने घटना कि पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अजय राय का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। बैंक डकैती, लूट के अन्य मामले में लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश थी। मौके से पिस्टल, मोबाइल फोन, 8 से 10 खोखे, अपराधियों के अन्य सामान और कपड़े बरामद किए गए हैं। एसटीएफ अजय राय को गिरफ्तार करने के पीछे लगी हुई थी। वह बार-बार ठिकाना बदल रहा था। पुलिस से बचने के लिए ही उसने पटना के जक्कनपुर थाना के संजय नगर रोड नंबर 10 में सविता देवी के मकान में 9 दिसंबर को किराए पर एक कमरा लिया था। उसने खुद को बिजली का ठेकेदार बताया और अजय राय की बजाय आकाश यादव के नाम से मकान लिया था। 10 दिसंबर से वह उस मकान में रहने लगा था। गुरुवार को उसने मकान मालकिन को अपना आधार कार्ड दिया था। उसके साथ वहां मो. साहिल और विकास नाम का युवक रह रहा था। दोनों कुख्यात अपराधी हैं। एसटीएफ को सूचना मिली की अजय राय संजय नगर में है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद से यहां आया है। उसके बाद एसटीएफ ने मकान की घेराबंदी की।

चंदन सोनार गैंग से जुड़ा था, 3 साल पहले अपना गिरोह बनाया अजय राय कुख्यात चंदन सोनार के ग्रुप से जुड़ा था। चंदन सोनार का अपहरण करने में सबसे बड़ा गिरोह है।

## राजगीर खेल अकादमी में खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण



**नालंदा।** राजगीर में नवनिर्मित राजगीर खेल अकादमी में प्रशिक्षण का कार्य दिसंबर महीने से आरंभ होने जा रहा है। इस अकादमी में एथलेटिक्स, कुश्ती और भारोत्तोलन जैसे खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 20 दिसंबर तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित खेलो इंडिया एक्सीलेंस सेंटर को राजगीर की इस नवनिर्मित अकादमी में स्थानांतरित किया जाएगा। इन खेलों से जुड़े कोचों को भी राजगीर में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। खिलाड़ी छात्रावास में और कोच अपने क्वार्टर में रहेंगे। बिहार भारोत्तोलन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने बताया कि फिलहाल प्रत्येक खेल के लिए कम से कम दो कोच खिलाड़ियों के साथ राजगीर आएंगे। पिछले साल पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इन तीनों खेलों के लिए खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की गई थी। इस केंद्र में राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन किया जाता है। राजगीर खेल अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यहां खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण ले सकेंगे और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। बता दें कि राजगीर खेल अकादमी के शुरू होने से बिहार के खेल जगत में एक नई उम्मीद जगी है।इससे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

## गरीबों के बीच भोजन और गर्म कपड़ों का वितरण



**मोतिहारी।** में ठंड बढ़ने के साथ पछुआ हवा ने कनकनी और भी बढ़ा दी है। इस ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी उन गरीब मजदूरों और भिखारियों को हो रही है, जो स्टेशन और बस स्टैंड जैसे खुले स्थानों पर रात बिताने को मजबूर हैं। ऐसे में निःस्वार्थ सेवा समिति के रोटी बैंक मोतिहारी ने इन बेसहारा लोगों की मदद के लिए कदम बढ़ाया। कंबल और गर्म कपड़े का किया वितरण समिति के अध्यक्ष सोना श्रीवास्तव ने बताया कि हर रविवार गरीबों को भोजन कराने की उनकी परंपरा रही है। इस बार ठंड को देखते हुए उन्होंने स्टेशन और अन्य स्थानों पर रह रहे गरीबों को कंबल और गर्म कपड़े भी वितरित किए। इस अभियान में स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। चांदमारी के निवासी रवि सिंह और रोहित सिंह ने अपनी मां के श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर समिति के माध्यम से गरीबों के बीच भोजन और कंबल का वितरण किया। गर्म कपड़े और भोजन मिलने के बाद लाभार्थियों ने समिति और दानदाताओं को दिल से आशीर्वाद दिया। इस सेवा कार्य में सोनू श्रीवास्तव, आकाश सिन्हा, मुनमुन सिंह, ऋषभ रंजन, आर्यन कुमार, विवेक सिंह, गोलू कुमार, सूरज कुमार और मधु कुमार सहित कई लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त डायरी

### जिसे शराबबंदी फेल लगता वो सार्वजनिक स्थान पर पीकर दिखाए



**हाजीपुर।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के इलाके राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में बिहार सरकार के मध्यनिषेध एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा शुक्रवार को पहुंचे और उट नीतीश कुमार की कई उपलब्धियां गिनाई हैं। दरअसल बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सादा नशाबंदी अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करने पहुंचे थे। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने विपक्ष को भी चैलेंज कर दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग शराबबंदी को फेल बताते हैं वे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा और नाटक करके बताएं फिर उनका क्या हाल होता है वही वहीं जान पाएंगे।मंत्री ने बिहार सरकार की कई उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि बिहार में कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को अंडा नहीं खिलाता था, लेकिन नीतीश कुमार पूरे बिहार के बच्चा बच्चियों को अंडा खिला रहे हैं। मंत्री ने कहा किसी भी अल्पसंख्यक एससी-एसटी को कंपटीशन से नौकरी नहीं होती थी, नीतीश सरकार ने सर्टिफिकेट पर नौकरी दिया है। तमाम अल्पसंख्यक एससी एसटी का सर्टिफिकेट में टांखों पर दीमक खा रहा था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के रीजन में एक भी एससी एसटी अल्पसंख्यक को नौकरी नहीं मिली और नहीं मुखिया और वार्ड पार्षद बनते थे। 2005 से पहले कभी भी महिला को आगे नहीं बढ़ाया है। सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री जी अपने विभागीय कार्यक्रम को भूलकर सरकार की एक पर एक उपलब्धियां महिलाओं को बताने लगे। मंत्री जी को लगा कि यह चुनावी सभा है। उन्होंने कहा कि लोग आपको कुछ भी बोलेंगे लेकिन इधर-उधर होने की जरूरत नहीं है।

### 2 थानाध्यक्ष और 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला



**किशनगंज।** के एसपी सागर कुमार ने जिले की विधि-व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 2 थाना अध्यक्ष और 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस फेरबदल के तहत पुलिस निरीक्षक राजा संदीप कुमार को साइबर थाना में अपर थानाध्यक्ष (अनुसंधान इकाई) बनाया गया है। पोठिया थानाध्यक्ष निशिकांत कुमार को बहादुरगंज थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि बहादुरगंज के अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पंथ को किशनगंज टाउन थाना का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, अमित कुमार को बहादुरगंज का अपर थानाध्यक्ष और अंजय अमन को साइबर थाना से स्थानांतरित कर पोठिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। किशनगंज टाउन थाना के अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार को अनुसंधान इकाई का कार्यभार सौंपा गया है। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया ट्रांसफर एसपी सागर कुमार ने बताया कि इन थानों में से कई सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े हैं, जहां बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 24 घंटे के अंदर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। यह तबादला जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। एसपी ने कहा कि यह बदलाव क्षेत्र में सुरक्षा और जनता की सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### अवैध हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

**गया।** पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। दोनों के ऊपर अलग-अलग मामलों में केस चल है। पकड़ा गया पहला अपराधी हंटरगंज है। जिसने साल 2023 में लूट की घटना को अंजाम देकर पिछले एक साल से फरार चल रहा था। दूसरा बदमाश हथियार तस्कर बताया जा रहा है। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि 12 सितंबर 2023 कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी के कर्मचारी से चार बदमाशों ने पिस्टल दिखा कर उसके बैग और दस्तावेज लूट लिया था। इसके साथ ही फायरिंग भी की थी। इमामगंज थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी। जिला पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और छापेमारी के जरिए पूर्व में दो आरोपियों को लूटी गई सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस मामले में संलिप्त अजय पासवान नाम का अपराधी फरार चल रहा था।

## दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन लोग जख्मी



**बक्सर।** के सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गाँव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के दौरान स्थानीय पंचायत के सरपंच धर्मपाल कुंवर के भाई बुरी तरह घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के सुधीर कुंवर को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मौके से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा और स्थिति पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, मौके से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।सिमरी थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी वर्चस्व का लग रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद हथियार किसका है और इसका इस्तेमाल कौन कर रहा था। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

## भाइयों ने टीचर को पकड़कर जबरन बहन की मांग भरवाई

### बेगूसराय में पकड़ौआ विवाह, लड़की बोली- अफेयर था, टीचर बनते ही इग्नोर करने लगा



**बेगूसराय।** में BPSC TRE-2 में प्लस-टू शिक्षक बने अवनीश की पकड़ कर जबरदस्ती शादी करवा दी गई। मंदिर में हुई शादी का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लड़की के घरवाले BPSC शिक्षक को पकड़े हुए हैं और जबरन उससे लड़की की मांग में सिंदुर लगवा रहे हैं। दरअसल टीचर अवनीश का 4 साल से गुंजन से अफेयर था। गुंजन का कहना है कि 'अवनीश पहले उससे शादी करना चाहता था, लेकिन टीचर बनने के बाद कन्नी काटने लगा।' गुंजन के घरवालों ने दोनों को साथ देख लिया, जिसके बाद उनकी शादी करवा दी। शादी के बाद गुंजन जब ससुराल गई तो वहां अवनीश के साथ-साथ ससुराल वालों ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया। अवनीश ने कहा कि वो इस शादी को नहीं मानता है। साथ ही गुंजन के साथ मारपीट भी की गई। गुंजन ने बताया कि 'मैं अपनी बहन के यहां रजौड़ा में रहकर जीएनएम की पढ़ाई करती हूं। 4 साल पहले बहन के गांव के ही अवनीश कुमार से मुझे प्रेम हो गया।' 'हमदोनों में धीरे-धीरे बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ा। अवनीश के साथ मैं होटल भी जाती थी। अवनीश शिक्षक बनने की तैयारी कर रहा था। BPSC TRE-2 में प्लस-टू शिक्षक बनने के बाद उसकी पोस्टिंग कटिहार में हो गई। इसके बाद वो मुझे कटिहार भी बुलाने लगा।' गुंजन ने बताया कि ,'करीब 10 दिन पहले अवनीश गांव आया और मुझे साथ लेकर कटिहार चला गया। तीन दिन पहले कटिहार में कुछ लोगों ने हमदोनों को एक साथ देख लिया। तो इसकी जानकारी मेरे भाई को दे दी, जिसके बाद सब लोग कटिहार पहुंच गए ।'

वे लोग कटिहार पहुंचे और एक मंदिर में जबरदस्ती दोनों की शादी करवा दी। जबरदस्ती लड़के से सभी रस्म पूरी कार्रवाई गई। जिसके बाद परिजन दोनों को लेकर राजौड़ा आए। शादी के बाद शुक्रवार को जब लड़की पक्ष के लोग दोनों को लेकर रजौड़ा चौक पहुंचे, तो लड़का बहाने से कूदकर कर भाग गया। ससुराल पहुंची बहू से मारपीट अवनीश के भागने के बाद परिजन गुंजन को लेकर उसके ससुराल पहुंचे। जहां ससुरालवाले ने उसे रखने से इनकार कर दिया है। साथ ही उसके साथ मारपीट भी की। अब पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि कल देर शाम लड़की आई थी। उसने आवेदन दिया है, आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। अवनीश ने बताया कि 'फरवरी 2024 में मैंने BPSC TRE-2 पास कर कटिहार जिले के बरारी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर में जॉइन किया। वहीं किराए का मकान लेकर रहता था। लड़की बार-बार मुझे कॉल करके टॉर्चर करती थी। मैं उसका नंबर ब्लॉक कर देता था तो दूसरे नंबर से बात करती थी।' एसपी से अपहरण की शिकायत की है घटना के बारे में बताते हुए अवनीश ने कहा, 'कल सुबह 9:20 बजे मैं स्कूल जा रहा था तभी दो स्कॉर्पियो पर सवार लोगों ने रोक लिया और ई-रिक्शा से उतार कर जबरन स्कॉर्पियो में बैठा लिया। उसके बाद वहां से दो-तीन किलोमीटर दूर स्थित एक मंदिर में ले जाकर शादी कराने का प्रयास किया।



# बलिदानियों की धरती चित्तौड़गढ़

**बलिदान की उन सैकड़ो कहानियो का गवाह रहा हूं, जिन पर वर्तमान को मुझपर अभिमान है.कभी लहू देकर मेरा सम्मान किया गया.तो कभी उन जलती चिता को देखकर मैंने आंसू बहाए.जो मेरी बेटी थी.जो मेरा बेटा था.मेरी धरती पर उन बेटो ने जन्म लिया है.उन बेटियों ने जन्म लिया है, जिनपर आज भी मुझे गर्व है.आज मैं अपनी कहानी सुना रहा हूं.मैं चित्तौड़गढ़ हूं.आज मैं अपने इतिहास. वीरतापूर्ण लड़ाइयों.राजपूत शूरता. महिलाओं के अद्वितीय साहस की कई और कहानियां सुना रहा हूं. दुनिया में वीरता, बलिदान, त्याग, साहस के न जाने कितने किरदार आपने देखे होंगे और सुने होंगे.पर मुझे नाज है कि हिंदुस्तान की सरजमीं पर इतने सारे नायकों से भरी धरा कोई नही है.**

## मेरा इतिहास मेरी जुबानी

चित्तौड़ की इस पावन धरा ने तो अन्याय और अत्याचार के खिलाफ ही लड़ना जाना.हमें क्या पता ये सियासत क्या होती है.हिंदू-मुसलमान के नाम पर हमें मत बांटो.हमने अपने बेटों को कभी धर्म और संप्रदाय की आंखों से नही देखा. जब मुगल बाबर ने हमें आंखें दिखाई थी, तो खन्वा के युद्ध में मेरे बेटे राणा सांगा का साथ देने के लिए हसन खान चिश्ती और महमूद लोदी ही तो आए थे.जब अत्याचारी अहमद शाह हमें लूटने पहुंचा, तो हमारी राजमाता कर्णावती ने रक्षा के लिए अपने मुगल भाई हुमायूं को ही तो राखी भेजी थी.जब मेरे प्रतापी बेटे महाराणा प्रताप के खिलाफ सभी सगे संबंधी मुगल अकबर के साथ हो गए, तो प्रताप का सेनापति बनकर पठान योद्धा हाकम खान सूर ने ही युद्ध में बलिदान दिया.मुझे किसी करणी सेना के नाम पर किसी जाति में मत बांधो.जब खुद के एक मेरे नालायक बेटे बनबीर ने मेरे ऊपर अत्याचार किए, तो मेरे वारिस उदय सिंह को बचाने के लिए गुर्जर जाति की पन्नाधाय ने अपने बेटे चंदन का बलिदान कर मेरे वारिस को बचाया था. जब महराणा प्रताप की मदद किसी ने नहीं की, तो एक वैश्य ने सबकुछ बेचकर मेरी 12,000 सेनाओं का खर्च उठाया. जब राजपूत राजा हमारे लिए लड़ रहे प्रताप के खिलाफ अकबर से जा मिले, तो प्रताप की सेना में लड़ने के लिए घूमंतु आदिवासी गड़रिया लुहार ही साथ आए थे.जब अकबर ने हमला किया तो किसी रानी ने नही बल्कि फूलकंवर के नेतृत्व में मेरे गोद में चित्तौड़ की सभी महिलाओं ने आखिरी जौहर किया था.

पांचवी सदी में मौर्यवंश के शासक चित्तरांगन मौरी ने जब 7 मील यानी 13 किमी की लंबाई, 180 मी.ऊंचाई और 692 एकड़ में फैले इस पहाड़ी पर मुझे बसाया था.तब किसी को कहां पता था कि दुनिया का सबसे बुजुर्ग गढ़ मैं, यानी चित्तौड़गढ़, हिंदुस्तान की माटी का तिलक बन जाउंगा.मोरी वंश के अंतिम शासक मान सिंह मोरी के बाद मेरे पास 728 ईसवी में गोहिल वंश के शासक आए.गोहिलों के शासन के बाद रावल वंश का शामन चला.कहते हैं गोहिलों ने दहेज में राजकुमारी को ये किला भेंट किया.रानी, राजकुमारी से रावल वंश के वंशज बप्पा रावल की शादी हुई थी. सातवीं से 13वीं सदी तक मेरे वैभव का काल था.जब हमारी सुचिता, वैभव और पराक्रम की कहानियां दूर-दूर तक कही जाने लगी.लेकिन चौदहवीं सदी से लेकर 16 वीं सदी तक हमने सबसे बुरा दौर देखा.जाने किसकी नजर हमारे चित्तौड़गढ़ पर लग गई और रावल वंश के शासक रतन सिंह के शासन के दौरान 1303 में अलाउद्दीन खिलजी ने मेरे उपर हमला कर दिया.हिंदुस्तान के सबसे सुरक्षित माना जाने वाला अभेद्य दुर्ग सबसे कमजोर भी हो सकता है ये खिलजी की युद्धनीति ने पहली बार सामने ला दिया.फिर यहीं से हम हमेशा के लिए कमजोर बनते चले गए.सात दरवाजो से घिरे मेरे अंदर सात विशाल दुर्ग दरवाजे हैं, जिसे कोई पार नही कर सकता.लेकिन 1303 में खिलजी ने जाड़े में चारो तरफ से मुझे घेरकर मैदान में डेरा डाल दिया.वो मेरे अंदर नहीं आ सकता था.लेकिन दुर्ग के अंदर हमारे राशन-पानी को बंद कर दिया.सात महीने में हम बेबस होकर युद्ध के लिए मैदान में आए और हमारे रावल रतन सिंह और उनके दो बहादुर सेनापति गोरा-बादल शहीद हुए.

हमारी रुपवती रानी पद्मिनी को 16000 रानियों के साथ जौहर करना पड़ा.ये पहली बार था, जब हमारी वीरता और साहस-बलिदान की अमर कहानी दुनिया ने देखी.कहते हैं अलाउद्दीन लंपट स्वभाव का था और पद्मिनी को पाने के लिए युद्ध किया था.लेकिन हिंदुस्तान की सबसे ताकतवर सेना के होते हुए भी वो हमारी महरानी को नही पा सका.रावलों के शासन का यहीं अंत हुआ.13 साल तक अलाउद्दीन खिलजी और उसके बेटे खेजर ने मेरे ऊपर राज किया.इस दौरान पूरे महल को तोड़ दिया गया और 1000 हजार से भी ज्यादा मंदिर भी तोड़ दिए.ये हमारे ऊपर हुए अत्याचार की इंतहा थी.लेकिन हमने उम्मीद नहीं छोड़ी थी.उसके बाद गोहिल वंश के ही भाई राणा वंश के सिसोदियाओं ने हमारे ऊपर राज किया.1325 में राणा हमीर ने इसे अपना किला बनाया और राणा वंश यानी सिसोदिया वंश का शासन चलना शुरु हुआ.और आखिरी तक मेरे ऊपर सिसोदिया वंश का ही शासन रहा. मेरे उपर सबसे ज्यादा सिसोदिया वंश ने ही राज्य किया.और इस वंश में कई प्रतापी राजा हुए.राजा रतन सिंह से लेकर महराणा प्रताप ने चित्तौड़गढ़ पर शासन किया.महाराणा सांगा.महाराणा कुंभा भी चित्तौड़गढ़ के महान राजाओं में से एक हुए.इन राजाओं ने चित्तौड़गढ़ को एक अलग पहचान दिलवाई.मैं यानी चित्तौड़गढ़ किला अभेद्य था.पहाड़ी के किनारे-किनारे खड़े चट्टानों की पंक्ति थी.साथ ही साथ दुर्ग में अंदर जाने के लिए लगातार सात दरवाजे बनाए गये थे. लिहाजा, दुश्मनों के लिए किले के अंदर जाना नामुमकिन था.लेकिन, विशाल मैदान के बीच में पहाड़ी पर ये किला बना था.जिसकी वजह से दुश्मन विशाल मैदान में डेरा डाल देते थे.और किले के अंदर खाने की सप्लाई रोक देते थे. नतीजा किले के दरवाजों को खोलने के लिए राजाओं को विवश होना पड़ता था. और शत्रुओं की विशाल सेना होने की वजह से उन्हें हार का मुंह देखना पड़ता था.

## रानी कर्णावती

रामी पद्मावती की कहानी तो आपने सुनी लेकिन राणा सांगा की पत्नी कर्णावती का भी बलिदान भी हमारे गर्भ में छिपा है.जब गुजरात के शासक अहमद शाह ने 1535 ईवी में चित्तौड़ पर हमला किया, तब बाबर के साथ खानवा के युद्ध में घायल राणा सांगा की मौत हो चुकी थी.राणा सांगा के पुत्र विक्रमादित्य के व्यवहार से परेशान किसी राजा ने हमारी मदद नहीं की.तो कर्णावती ने हूमायूं को राखी भेजते हुए लूटेरे अहमद शाह के खिलाफ मदद मांगी.हूमायूं को कर्णावती का संदेशा देर से मिला और मदद करने वो नहीं आ पाया.दो साल की लड़ाई के बाद अहमद शाह की जीत हुई तो 1537 ईवी में हजारों रानियों के साथ एक बार फिर कर्णावती ने मेरे अंदर दुर्ग में जौहर किया.

## रानी मीरा

राणा सांगा के बेटे भोजराज के साथ मेड़ता की राजकुमारी की शादी हुई. लेकिन मीरा का मन कभी रानीवासा में नही लगा.वो तो गोपाल नंदलाल यानी कृष्ण के मंदिर में ही बैठी रहती है.राणा कंभा ने बाद में मीरा का मंदिर ही बना दिया जो आज भी चित्तौड़गढ़ में मौजूद है.

## पन्ना धाय

राणा विक्रम सिंह की हत्या कर उनके चाचा का लड़का बनवीर चित्तौड़ की गद्दी पर बैठना चाहता था.तब चित्तौड़ के वारिस उदय सिंह पालना में थे.रानी कर्णावती की दाई पन्नाधाय उनकी देखभाल करती थी.जब पन्नाधाय को पता चला कि बनवीर तलवार लेकर उदय सिंह को मारने आ रहा है, तो पन्नाधाय ने चित्तौड़ के वारिस उदय सिंह को कुंभलगढ़ रवाना कर अपने बेटे चंदन को उदय सिंह के सामने सुला दिया और बनवीर ने मां पन्नाधाय के सामने ही उनके पुत्र चंदन को अपनी तलवार से दो टुकड़े कर दिए.

## महाराणा प्रताप

जब अकबर ने एकबार फिर 1567 ईवी में मेरे ऊपर हमला किया, तो उड़ई सिंह मेरे ऊपर राज करते थे.अकबर ने पूरी तरह से किले को बर्बाद कर दिया.एक बार फिर फूलकंवर के नेतृत्व में मेरे अंदर जौहर हुआ.तब हमारे राजा उदय सिंह ने 1568 में अकबर के संधि के अनुसार मुझे छोड़कर उदयपुर को अपनी राजधानी बना लिया.तब तय हुआ कि चित्तौड़ यानी मैं हमेशा के लिए वीरान रहूंगा और यहां कोई निर्माण नही होगा. दरअसल दिल्ली के सुल्तानों और मुगलों को हमेशा डर सताता था कि अगर चित्तौड़ आजाद और आबाद रहा, तो कभी दक्षिण नही जीत पाएंगे.मुगलों के साथ बारुद भारत में युद्ध में प्रयोग होने लगा तब तो हम बिल्कुल असुरक्षित हो गए थे. मगर मेरी गोद वीर पुत्रों से खाली नहीं थी.16 साल तक मेरी गोद में खेले महराणा प्रताप को सरदारों ने चित्तौड़ का शासक घोषित कर दिया.मैनें आखिरी हमला दिल्ली की गद्दी पर बैठे अकबर का देखा और फिर हमेशा-हमेशा के लिए इतिहास बन गया.उदय सिंह की हार हुई और मुगल की संधि के अनुसार इस किले को सिसोदिया वंश को छोड़ना पड़ा.उदय सिंह ने अपनी राजधानी उदयपुर बना ली.मगर उनके जेठ पुत्र महाराणा प्रताप इसे भुला नहीं पाए.वो इसी किले की तलहटी से अकबर से दो-दो युद्ध लड़े.और आखिरी बार हल्दीघाटी की लड़ाई हुई.

ये युद्ध हिंदुस्तान के सबसे मजबूत शासक और मुट्ठी भर लड़ाकों के साहस की लड़ाई थी.जिसे दुनिया प्रताप की वीरता के लिए याद रखती है.प्रताप और उनके हथियार बनाने वाले गड़रिया लुहारों ने ये प्रतीज्ञा ली थी कि जबतक मुझे नहीं पा लेगें वो किले में प्रवेश नही करेंगे.भारत आजाद हुआ तो खुद देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने गड़रिया लुहारों को लेकर 1955 में मेरे अंदर यानी किले में प्रवेश किया.1905 में अंग्रेजों के समय से अबतक हम दिल्ली की सरकार के अधीन रहे.मगर तब से हमारी सार संभाल ही हो रही है.

न जाने कितने कवि, लेखक और इतिहासकारों ने विभिन्न कालखंडो में मेरे बारे में और मुझ पर राज करनेवालों के बारे में क्या-क्या लिखा.मगर 2017 में इसे फिर से लिखा जा रहा है.इस बार कोई हमलावर चित्तौड़ नहीं आया है और न ही मेरे बहादुर चित्तौड़ के सैनिक इस लड़ाई को लड़ रहे हैं.मुझे इस लड़ाई से क्या हासिल होगा मुझे पता नहीं है.मैंने दुनिया के खुंखार से खुंखार आक्रांताओं और हमलावरों की खून की होली देखी है.मैं सब जानता हूं.मुझे मेरी हिफाजत करनी आती है.मै बूढ़ा नही हुआ हूं.मैं चित्तौड़ हूं.





# निर्दयी राजा

माधो जंगल में लकड़ियां बीन रहा था। अचानक अपने गांव से आग की लपटें उठती देखकर वह घबरा उठा। पड़ोसी राजा को अपने किले में काम कराने के लिए गुलामों की आवश्यकता थी। उस समय उसके सैनिक ही गांव वालों को गुलाम बनाकर ले जा रहे थे। माधो जान बचाने के लिए घने जंगल में भाग गया। दिन बीतने पर माधो गांव लौटा, लेकिन वहां कोई नहीं था। उसके माता-पिता को भी निर्दयी सैनिक पकड़कर ले गए थे। माधो क्रोध से उबल पड़ा। वह राजा के किले की ओर चल दिया। वह किसी तरह गांव वालों को छुड़ाना चाहता था। किसी तरह छिपता हुआ माधो किले के अंदर पहुंचगया। गांव वालों के साथ उसके माता-पिता तपती धूप में राजा के खेतों में काम कर रहे थे। पानी मांगने पर सिपाही उन पर कोड़े बरसाते थे। तभी पास खड़ी एक गरीब बुढ़िया ने माधो से पूछा, तुम्हें क्या कष्ट है बेटा? मैं राजा की मालिन हूं।

माधो ने उसे सारी बात बताई। मालिन भी राजा की क्रूरता से बहुत दुखी थी। वह माधो को अपने घर ले गई। उसे माला गूथना सिखा दिया। फिर एक दिन उसे राजा से भी मिलवाया। राजा माधो की बनाई माला देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। वह माधो को महल दिखाने लगा। माधो ने पूछा, महाराज, कोई शत्रु आपके महल में घुस आए तो?


राजा उसे दीवार में लगी एक मुठिया दिखाकर बोला, अगर ऐसा हुआ, तो हम यह मुठिया घुमा देंगे। किले के सारे पानी में बेहोशी की दवा घुल जाएगी। पानी पीने वाले बेहोश हो जाएंगे। थके-मांदे शत्रु के सैनिक आते ही पानी तो पिएंगे ही। फिर राजा ने माधो को एक बड़ी सी चाबी दिखाई और बोला, यह चाबी देखो, इससे हम किले का दरवाजा बंद कर देंगे। होश में आने पर फिर कोई बाहर नहीं निकल सकता।

मालिन ने माधो को नागगंध की एक माला बनाकर दी। उसे पहनते ही राजा और रानी गहरी नींद में सो गए। माधो ने जल्दी ही वह मुठिया घुमा दी। फिर राजा की जेब से किले की चाबी निकालकर महल से बाहर आ गया।

पानी पीते ही राजा के सैनिक बेहोश होकर गिरने लगे। गांव वाले पानी पीने दौड़े, तो माधो ने उन्हें पानी नही पीने दिया और फौरन किले से बाहर निकल जाने के लिए कहा। सब बाहर आ गए, तो माधो ने चाबी से फाटक को बंद कर दिया।

निर्दयी राजा अपने सिपाहियों के साथ अपने ही किले में बंद हो गया। गांव वाले उसके अत्याचार से मुक्त हो गए थे।

# इस किले के परिसर में है 65 से अधिक ऐतिहासिक महल, मंदिर व जलाशय



**चित्तौड़गढ़ किला जिसे चितोर दुर्ग के नाम से भी जाना जाता है भारत के प्राचीनतम किलो में से एक है.यह किला भारत ही नही अपितु विश्व भर में प्रसिद्व है.वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शुमार इस किलो देखने हर साल हजारो विदेशी सैलानी भारत आते है.**

- चित्तौड़गढ़ किला जिसे मेवाड़ की राजधानी के नाम से भी जाना जाता हैउदाहरण के तोर पर यह किला प्राचीन समय में 834 सालो तक मेवाड़ की राजधानी रह चूका था.इसकी स्थापना 734 इक में मेवाड़ के सिसोदिया वंश के शासक बाप्पा रावल ने की थी.
- चित्तौड़गढ़ किला भारत का सबसे बड़ा किला माना जाता है.इसकी लम्बाई 3 किलोमीटर, त्रिज्या 13 किलोमीटर और यह किला लगभग 700 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है.
- प्राचीन इतिहास के अनुसार ऐसा माना जाता है कि चित्तौड़गढ़ किले को सातवीं सदी में मौर्यो सासको द्वारा बनवाया गया था और इस किले का नाम मौर्य शासक चित्रांगदा मोरी के नाम पर रखा गया था.
- आपको जानकर हैरानी होगी इस किले के परिसर में लगभग 65 ऐतिहासिक निर्मित संरचनाएं जैसे मंदिर, महल, जलाशय, स्मारक इत्यादि बनाएं गए थे.
- चित्तौड़गढ़ किले में कुल साथ द्वार बनाएं गए थे जो प्राचीन समय में रात्रि के समय बंद कर दिए जाते थे.इन द्वारा पर लगे विशाल किवाड़ (दरवाजे) आज भी इस किले की मजबूती की गवाई देते है.
- प्राचीन समय में इन दरवाजो का नाम मुख्यता प्रथम पड़नपोल,दूसरा भैरव पोल, तीसरा हनुमान पोल, चतुर्थ गणेश पोल, पंचम जोरला पोल, छटा लक्ष्मण पोल व सातवे दरवाजे को राम पोल के नाम से जाना जाता था.
- इन दरवाजो के संदर्भ में कहाँ जाता है की प्राचीन समय में प्रत्येक दरवाजे पर द्वारपाल व पहरेदार 24 घंटे दरवाजो की निगरानी करते थे ८ प्रत्येक दरवाजे पर बड़े बड़े घंटे टाँगे गए थे जिन्हे बजा कर दरवाजो को खोला और बंद किया जाता था.
- इस किले में कई मंदिर स्थापित हैं जैसे कलिका मंदिर, जैन मंदिर, गणेश मंदिर, सम्मिदेश्वरा मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और कुंभश्याम मंदिर आदि
- इस किले के परिसर में बनाया गया पद्मिनी महल एक छोटे सरोवर के निकट स्थित बहुत ही खूबसूरत महल है.इस महल के अंदर सीसे कि नकाशी कि गई है जो दिखने में बेहद खूबसूरत लगती है.
- आपको जानकर हैरानी होगी चित्तौड़गढ़ किले में आज भी 22 जलनिकाय मौजूद है.इन जल निकायों में पानी का श्रोत्र प्राकृतिक भूमिगत जल और वर्षा से प्राप्त जल के द्वारा होता है.
- चित्तौड़गढ़ किले मे बनाया गया भीमला जल भंडार भारत के प्राचीन इतिहास को समेटे हुए है. ऐसा माना जाता है पांडवो में भीम ने जमीन पर अपने हाथ के वार से पानी निकाल दिया था और भूमि के जिस हिस्से से पानी निकला उसे भीमला के नाम से जाना जाता है.
- चित्तौड़गढ़ किले के खम्बो पर की गई खूबसूरत चित्रकारी प्राचीन कलाकारी का उत्कृट नमूना है. ऐसा कहा जाता है इस चित्रकारी को बनाने में 10 वर्षो का समय लगा था.
- आपको जानकर हैरानी होगी इस किले में आज भी लोग निवास करते है.उदाहरण के तोर पर चित्तौड़गढ़ किले में लगभग 20000 लोग रहते है.
- यह किला राजस्थान के शासक राजपूतों, उनके साहस, बड़प्पन, शौर्य और त्याग का प्रतीक है
- राजस्थान में मनाया जाने वाला जोहर मेला इसी किले में मनाया जाता है.
- चित्तौड़गढ़ का किला अपनी स्थापत्य कला, निर्माण शैली व पर्यटक स्थलो जैसे महल, जलाशय, स्तंभ, इत्यादि के लिए विश्व भर में प्रसिद्व है.हर साल देश-विदेश सैलानी इस किले को देखने राजस्थान आते है.
- राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा चित्तौड़गढ़ किले में बेहद खूबसूरत लाइटिंग की गई है जो रात के समय इस किले की खूबसूरती में चार चाँद लगा देती है.
- चित्तौड़गढ़ किले को यूनेस्को द्वारा साल 2013 में वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया गया था.

# तीसरा टेस्ट : बारिश ने धोया पहला दिन, ऑस्ट्रेलिया 28-0

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** शनिवार को गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन लगातार बारिश ने खेल को रोक दिया। बारिश के कारण खेल रद्द होने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मैकस्वीनी 4 रन बनाकर नाबाद रहे।

बीसीसीआई ने जानकारी दी, 'आज का खेल बारिश के कारण रोक दिया गया है। खेल अब रविवार सुबह 9:50 बजे (स्थानीय समय) से शुरू होगा और हर दिन कम से कम 98 ओवर फेंके जाएंगे।'

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बताया कि शनिवार के दिन के लिए खरीदे गए टिकटों की पूरी राशि लौटाई जाएगी, क्योंकि केवल 15 ओवर से कम का खेल हो सका। बारिश के लंबे ब्रेक के चलते दर्शक मैदान छोड़कर चले गए। सीए की नीति के अनुसार, अगर 15 ओवर से कम खेल होता है और किसी भी दिन मैच का परिणाम नहीं निकलता, तो टिकट धारकों को पूरा रिफंड दिया जाता है।

शनिवार सुबह 9 बजे से ब्रिस्बेन में 66.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को 50% बारिश की संभावना है। सोमवार से बुधवार तक बारिश की संभावना और ज्यादा है, लेकिन यह स्थिति बदल भी सकती है।

इससे पहले, सुबह बादलों से घिरे मौसम में भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम में बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और आकाश दीप को अश्विन और हर्षित राणा की जगह शामिल किया गया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने सही लाइन और लेंथ खोजने की कोशिश की, लेकिन पिच से सीम मूवमेंट नहीं मिला। उस्मान ख्वाजा ने सिराज की एक शॉर्ट बॉल को मिड-विकेट पर आसानी से चौके के लिए भेज दिया। बारिश ने पहली बार 5.3 ओवर के बाद खेल रोका, जिसके कारण खिलाड़ी 30 मिनट तक मैदान से बाहर रहे।

ब्रेक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने फुलर गेंदें डालने की कोशिश की, जिससे कुछ मूवमेंट मिला। लेकिन ख्वाजा और मैकस्वीनी ने मजबूती से खेल जारी रखा। फिर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया और और अंततः पूरे दिन का खेल खत्म कर दिया।




# कार्ल हॉपकिंसन को मुंबई इंडियंस का नया फील्डिंग कोच बनाया गया



**मुंबई (एजेंसी)।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने कहा कि टीम ने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। हॉपकिंसन ने जेम्स पैमेंट की जगह ली है, जो सात साल तक मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच रहे थे। न्यूजीलैंड के मूल निवासी पैमेंट 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की लगातार खिताबी जीत का हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने कहा, हम उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं। हॉपकिंसन ने हाल ही में इंग्लैंड के लंबे समय से चले आ रहे फील्डिंग कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया है, यह भूमिका उन्होंने 2018 में संभाली थी। वे 2019 में घरेलू धरती पर इंग्लैंड के वनडे विश्व कप और नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीत में शामिल थे। हॉपकिंसन वेस्टइंडीज में 2022 में अंडर19 विश्व कप में इंग्लैंड अंडर19 टीम के मुख्य फील्डिंग कोच भी थे, जहां वे 1998 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने के बाद भारत के बाद उपविजेता रहे।

हॉपकिंसन ने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 2,705 रन बनाए और 27.60 की औसत से रन बनाए, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। उन्होंने 92 लिस्ट ए मैचों में 1,400 रन और 28 टी20 मैचों में 165 रन बनाए, इसके अलावा 2007 में काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली ससेक्स के अहम सदस्य भी रहे। फील्डिंग कोच के रूप में उनका काम अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग टी20 में ससेक्स टीम के साथ शुरू हुआ, 2010 से टीम के कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़े रहे।

आईपीएल 2025 के लिए, मुंबई के पास रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की मजबूत भारतीय चौकड़ी के साथ हार्दिक पांड्या कप्तान है। जेद्दा में पिछले महीने की मेगा नीलामी में, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपली जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया। उन्होंने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ अल्लाह ग़ज़नफ़र, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया।

# डब्ल्यूपीएल 2025 नीलामी आज , 120 खिलाड़ियों को खरीदने लगेगी बोली



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए नीलामी रविवार को बेंगलुरु में होगी। इस लीग में 120 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पांच फ्रेंचाइजी नीलामी में उतरेंगी। नीलामी पूल में 91 भारतीय जबकि 29 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहेंगे। इसमें एसोसिएट नेशंस की तीन उभरती हुई खिलाड़ी भी शामिल रहेंगी। नीलामी में उतर रही 30 खिलाड़ी (9 भारतीय, 21 विदेशी) कैप्ड हैं, जबकि (82 भारतीय, 8 विदेशी) सहित 90 अनकैप्ड हैं । अधिकतर फ्रेंचाइजी ने अपनी कोर टीमों को बनाए रखने केवल 19 स्लॉट खुले रखे हैं, जिनमें विदेशी खिलाड़ियों के लिए 5 शामिल हैं।

इस साल की नीलामी में डिएंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), हीथर नाइट (इंग्लैंड), ओर्ला प्रेंडरगास्ट (आयरलैंड), लॉरेन बेल (इंग्लैंड), किम गार्थ (ऑस्ट्रेलिया) और डेनियल गिब्सन (इंग्लैंड) जैसे खिलाड़ी भी शामिल रहेंगी।

नीलाम के लिए सबसे अधिक रकम गुजरात जायंट्स के पास 4.4 करोड़ रुपये है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 3.25 करोड़ रुपये, मुंबई इंडियंस के पास 2.65 करोड़ रुपये और दिल्ली कैपिटल्स के पास 2.5 करोड़ रुपये हैं। नीलामी दोपहर 3 बजे शुरू होगी जबकि प्रसारण 30 मिनट पहले शुरू होगा। नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी। इसके साथ ही इसका टीवी प्रसारण भी होगा।

# महिला टी20 : खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम का सामना अब वेस्टइंडीज से

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** लगातार आलोचना का सामना कर रही हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे मैच हारने के गम को भुलाकर रविवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा।

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 2019 से अब तक टी20 प्रारूप में सभी आठ मैच जीते हैं। लेकिन इस लय को बनाये रखने के लिये भारतीय टीम को आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और अपने संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा।

आस्ट्रेलिया में वनडे श्रृंखला के दौरान चयन के कई विवादित फैसलों के कारण हरमनप्रीत पर सवाल उठे हैं। देखना यह है कि कब तक चयनकर्ता उन पर भरोसा बनाये रखते हैं और स्मृति मंधाना को बागडोर सौंपने के लिये इंतजार करते हैं। टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत की यह पहली टी20 श्रृंखला है। भारत ने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में हराया था लेकिन आस्ट्रेलिया में 3.0 से पराजय का सामना करना पड़ा।

हरमनप्रीत का अपना बल्लेबाजी फॉर्म चिंता का सबब है और कप्तानी में कुछ नया नहीं कर पाने से भी टीम की मुश्किलें बढ़ी है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा को जगह नहीं दी है हालांकि भारत में टी20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। आस्ट्रेलिया में पर्थ में बुधवार को आखिरी वनडे हारकर लौटी भारतीय टीम को पर्याप्त आराम नहीं मिला है और उसे रविवार को यहां डी वाई पाटिल



स्टेडियम पर पहला मैच खेलना है।


तीनों मैच एक एक दिन के अंतराल पर होंगे जिसमें टीम की फिटनेस और मनोबल की कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम पूजा वस्त्राकर, श्रेयांका पाटिल, यास्तिका भाटिया, प्रिया पूनिया और शेफाली के बिना खेल रही है। शेफाली ने इस प्रारूप में 2024 में सर्वाधिक 531 रन बनाये हैं।

आस्ट्रेलिया दौरे पर उनका चयन इसलिये नहीं किया गया क्योंकि वनडे में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है लेकिन टी20 टीम में नहीं चुना जाना समझ से परे है। इससे रिचा घोष पर दबाव बढ़ेगा जो निचले क्रम पर तेजी से रन बनाती है। पूनिया के भी चोट के कारण बाहर होने से घोष को पारी का आगाज करना होगा।

इसी तरह तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी को भी नहीं चुना गया जिन्होंने तीन दिन पहले आस्ट्रेलिया में वनडे में चार विकेट लिये थे। टी20 विश्व कप में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। दूसर ओर वेस्टइंडीज ने इस साल 13 में से नौ टी20 मैच जीते हैं। उसने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में हराया। उसे सीनियर हरफनमौला स्टेफानी टेलर की कमी खलेगी जो चोट के कारण बाहर हैं।


# बुमराह जब परेशान हो उठे

ब्रिस्बेन । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन परेशान नजर आये । बारिश के कारया आज हालांकि काफी कम ओवर हुए । 4.5 ओवर के बाद ही बुमराह गाबा की पिच से परेशान हो गये। इस दौरान वह कहने लगे कि गेंद स्विंग नहीं ले रही और ये बात स्टंप माइक में भी कैद हो गयी । बुमराह जब टीम इंडिया के लिए पांचवा ओवर कर रहे थे तो उन्होंने गेंद को स्विंग कराने के लिए अपना



पूरा जोर लगाया । ओवरकास्ट कंडीशन होने के कारण नई गेंद से उम्मीद की जा रही थी कि वह लहराएगी पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा था जिससे बुमराह झुंझला गये और कहने लगे कि कि कही से भी गें कर रहा हूं ये स्विंग नहीं हो रही है । सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है ।यहां टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश से प्रभावित रहा । खेल के पहले दिन सिर्फ 13.2 ओवर का खेल हो पाया । खेल के पहले ही घंटे में तेज बारिश शुरू हो गई ।

# बाबर टी20 में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



सेंचुरियन । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में 31 रनों की पारी के साथ ही एक अहम अपने नाम कर ली है । बाबर अब टी20 प्रारुप में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं । अपनी पारी के दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के आतिशी बल्लेबाज क्रिस गेल के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया । दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर ने यह रिकॉर्ड 298 पारियों में बनाया जबकि गेल को टी20 में 11000 रन बनाने के लिए 314 पारियां खेलनी पड़ी थीं । वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने इस आंकड़े तक पहुंचने 330 पारियां जबकि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विरराट कोहली ने 337 पारियां खेली थीं । बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 20 गेंदों में 31 रन बनाए । उनकी इस पारी में 3 चौके और एक छक्का शामिल था । टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भारत के रोहित शर्मा के नाम है । रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में 4231 रन बनाए हैं । वहीं बाबर को रोहित का रिकार्ड तोड़ने 10 रन की जरूरत है । बाबर ने 128 मैचों में 4221 रन बनाए हैं । बाबर के नाम टी20 अंतराष्ट्रीय में 3 शतक और 36 अर्धशतक है । बाबर इंटरनेशनल क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाले पाकिस्तान के पांचवें बल्लेबाज हैं । इस सूची में इंजमाम उल हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद हैं ।

# रीजा हेंड्रिक्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में भी पाक को हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त मिली

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** रीजा हेंड्रिक्स 117 और रासी वान डर डुसन के 68 रनों की शानदार पारियों की सहायता से मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में भी पाकिस्तान को हरा दिया। इससे साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा सलामी बल्लेबाज सैयम अयूब के 98 रनों और बाबर आजम के 31 रनों की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 206 रन बनाए। इस मैच में पाक कप्तान मोहम्मद रिजवान 13 गेंदों पर 11 रन ही बना पाये। अयूब ने 57 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 98 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 16 गेंदों पर तेजी से 30 रन बनाये। बाबर ने भी 20 गेंदों पर 31 रन बनाये। मेजबान टीम की ओर से डी गलिऐम और ओटेनिकल बार्टमैन ने दो दो विकेट लिए जबकि एक विकेट जॉर्ज लिंडे को मिला।

जीत के लिए मिले 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत शुरुआत अच्छी नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका ने 28 के स्कोर पर ही दो विकेट खो दिये। इसके बाद सलामी बल्लेबाज रीजा ने तेजी से रन बनाये। रीजा ने शुरुआती झटको को पीछे छोड़ते हुए डुसन के साथ पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने स्कोर 185 रनों तक पहुंचाया। रीजा ने 63 गेंदों पर 117 रन बनाये इसमें 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे। वहीं डुसन 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन बनाये कप्तान हेनरिक क्लासेन भी 8 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 19 ओवर और 3 गेंदों में ही 3 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस मैच में पाक की ओर से जुनैद खान ने 2 विकेट जबके अब्बास अफरीदी ने एक विकेट लिया। शाहीन अफरीदी को एक भी विकेट नहीं मिला।




# अपने अंतिम टेस्ट में साउदी ने की गेल के एक रिकार्ड की बराबरी



वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने अपने करियर के अंतिम टेस्ट मैच में अपनी पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल के 98 छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली । टेस्ट क्रिकेट में साउदी के भी नाम अब 98 छक्के हो गये हैं । साउदी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में जब बल्लेबाजी के लिए आये तो उन्हें अपने विदाई टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला । साउदी अपनी पारी की पहली गेंद पर बेन स्टोक्स की गेंद पर विफल रहे । वहीं स्टोक्स के अगले ओवर में ही साउदी ने मिड-विकेट और डीप स्क्वायर-लेग पर दो बड़े छक्के लगाये । अपनी धमाकेदार फॉर्म को जारी रखते हुए, साउदी ने गस एटकिंसन के अगले ओवर की पहली गेंद पर ही एक छक्का लगा दिया । साउदी 10 गेंदों में 23 रन बनाकर पेवेलियन लौटे । इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 230 रहा, जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज द्वारा 10 गेंदों में तीसरी सबसे तेज टेस्ट पारी थी । सूची में दूसरा स्थान भी साउदी का ही है । उन्होंने साल 2019 में श्रीलंका के खिलाफ 10 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाये थे । अपनी पारी के दौरान, साउदी दूसरे छक्के के साथ ही दक्षि अफ्रीका के जैक्स कैलिस के 97 की बराबरी पर आ गये । वहीं तीसरे छक्के के साथ ही वह क्रिस गेल के साथ चौथे स्थान पर आ गये ।

# इमाद के बाद आमिर ने भी संन्यास लिया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में ऑलराउंडर इमाद वसीम के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूसरी बार संन्यास लिया है। इस प्रकार 24 घंटे के अंदर दो खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुरोध पर टी20 विश्व कप के लिए संन्यास से वापसी की थी पर उसमें ये दोनो ही बेहतर प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। दोनों खिलाड़ियों ने उसी से निराश होकर खेल को अलविदा कहना ही बेहतर समझा। आमिर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पत्र लिखकर अपने संन्यास की घोषणा की है। आमिर ने लिखा कि उनके लिए पाकिस्तान की ओर से तीनों प्रारुपों में खेलना गर्व की बात है। आमिर ने लिखा कि संन्यास का ये फैसला मेरे लिए कठिन था पर उन्हें लगा कि संन्यास लेने का यही सही समय है। आमिर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का अब समय आ गया है। आमिर ने साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करते हुए 36 टेस्ट, 61 एकदिवसीय और 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 271 विकेट लिए है जबकि बल्लेबाज में 1179 रन बनाए हैं। जिसमें टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 के रन शामिल है। आमिर के लिए टी20 विश्व कप 2024 अंतिम टूर्नामेंट रहा। आमिर से एक दिन पहले इमाद वसीम ने भी संन्यास की घोषणा की थी। इमाद के लिए टी20 विश्व कप



अंतिम टूर्नामेंट रहा। इमाद वसीम ने मई 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया के बाद से ही 55 एकदिवसीय और 75 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 117 विकेट लेने के साथ ही 1540 रन बनाये हैं।

# संजीव गोयनका ने केएल राहुल को नहीं किया रिटेन, अब बताया राहुल वाकई में टैलेंटेड

नई दिल्ली । आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने केएल राहुल को रिटेन नहीं किया था । संजीव ने न ही उन्हें ऑक्शन में टीम में शामिल करने की कोशिश की थी । पिछली बार राहुल की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खराब था, इसकारण संजीव ने उन्हें फटकार भी लगा दी थी । हालांकि, ऑक्शन के कुछ दिन बाद संजीव ने कहा है कि राहुल टैलेंटेड हैं । लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने कहा, राहुल हमेशा से मेरी फैमिली की तरह रहे हैं और हमेशा रहने वाले है । उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स की सिर्फ कप्तानी ही नहीं की है बल्कि उन्होंने परफॉर्म भी अच्छा किया है । मैं उनके लिए अच्छे फॉर्म के लिए शुभकामनाएं देता हूं । वह एक अच्छा इंसान है और अच्छी चीजें अच्छे इंसान के साथ होती है । उन्होंने कहा कि राहुल सच में टैलेंटेड है । मुझे उम्मीद है कि उनका टैलेंट टीम इंडिया के लिए जरूर काम आएगा । बता दें कि आईपीएल 2025 के लिए केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है । ऋषभ पंत के बाहर होने के कारण वह टीम की कमान भी संभाल सकते हैं । आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम- अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स, अविषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जैक फ्रेजर-मैकगर्क, टी नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा का नाम शामिल है ।



# मलाल तो है, लेकिन कोशिश करूंगा, टीम इंडिया में वापसी करूंगा: रजत पाटीदार

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** रजत पाटीदार का अंतरराष्ट्रीय करियर उस तरह आगे नहीं बढ़ पाया जैसा वह चाहते थे लेकिन मध्य प्रदेश के बल्लेबाज को घरेलू मैचों के जरिए फिर से मौका हासिल कर भारतीय टीम की जर्सी पहनने का भरोसा है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पाटीदार 6 पारियों में केवल 63 रन बना सके थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हालांकि रणजी ट्रॉफी के शुरुआती चरण और मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल की पूर्व संध्या पर शनिवार को यहां कहा कि मुझे टेस्ट टीम में जगह बनाकर अच्छा लगा था। मुझे हालांकि कभी-कभी बुरा लगता है कि मैं मौके को भुना नहीं पाया। कभी-कभी चीजें आपके मुताबिक नहीं होतीं और यह ठीक है। पाटीदार ने अपनी 'असफलता% स्वीकार कर ली है और उस निराशा को पीछे छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चीजों को स्वीकार करना सफलता की ओर बढ़ने का पहला कदम है। आपको यह स्वीकार करना होगा कि क्रिकेट यात्रा में असफलता मिलेगी। इसलिए, मेरे लिए इसका सामना करना और इससे सीखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह खेल का अहम हिस्सा है। मैं मौके को दोबारा बना सकता हूं।

इस 31 साल के खिलाड़ी ने घरेलू टूर्नामेंटों में लगातार रन बनाकर एक पहला कदम उठा लिया है। मध्यप्रदेश के कप्तान ने पांच रणजी ट्रॉफी मैचों में 53.37 की औसत से एक शतक और एक अर्धशतक के साथ 427 रन बनाए हैं। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अजिंक्य रहाणे (432) और बिहार के साकिबुल गनी (353) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने नौ मैचों में 182.63 के स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतक के साथ 347 रन बनाए हैं।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें वापसी के लिए अपने कौशल पर भरोसा है। पाटीदार ने कहा कि मैं बल्लेबाजी में अपने मजबूत पक्ष पर भरोसा कर उसी मुताबिक खेलने पर ध्यान दे रहा हूं। मैं बस उसी परिपाटी का पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं जो मैंने आईपीएल में किया था। उन्होंने कहा कि मेरा मंत्र एक समय में एक गेंद खेलना है। मैं अपनी टीम के लिए प्रतिद्वंद्वी पर अपना प्रभाव डालने की कोशिश करता हूं। मैं बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश नहीं करता। मैंने कभी उस पर ध्यान नहीं दिया। आगामी आईपीएल में पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलेंगे।



# इंडिगो इस्तांबुल में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए भेजेगी दो विमान



**नई दिल्ली :** इंडिगो एयरलाइन तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए दो विमान भेज रही है। शुक्रवार को तकनीकी समस्या के कारण इस्तांबुल से दिल्ली आने वाली उड़ान रद्द कर दी गई थी, जिससे इंडिगो के सैकड़ों यात्री इस्तांबुल हवाई अड्डे पर 24 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। एयरलाइन ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमानों की व्यवस्था की गई है। बयान में कहा कि हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है। इस मामले में उनकी समझदारी की सराहना करते हैं। इंडिगो ने इस्तांबुल से दिल्ली के लिए उड़ान संख्या 6ई 12 को तकनीकी वजह से रद्द कर दिया था, जिससे यात्रियों को और परेशानी हुई। इससे पहले यात्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एयरपोर्ट पर लंबे इंतजार और पर्याप्त सुविधाओं की कमी के बारे में अपनी निराशा व्यक्त की। इसके बाद इंडिगो ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि उन्होंने उन्हें सूचित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, जहां संभव हो वहां जलपान और आवास की पेशकश की है। गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली और मुंबई जाने वाली अपनी उड़ानों में देरी के कारण इंडिगो के सैकड़ों यात्री इस्तांबुल हवाई अड्डे पर 24 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे।

# गुजरात में स्वाइन फ्लू का कहर, अबतक 22 की मौत

एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात में सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वाइन फ्लू के केस में वृद्धि आई है। पिछले दो महीने से राज्य में स्वाइन फ्लू का कहर जारी है। इसमें मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य में पिछले दो माह में 22 लोगों की मौत स्वाइन फ्लू से होने की जानकारी मिली है। वहीं मौत का यह आंकड़ा स्वाइन फ्लू के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुजरात में स्वाइन फ्लू के पिछले दो महीने में 386 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 22 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इस साल अक्टूबर तक स्वाइन फ्लू के 1682 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इनमें 55 लोगों की मौत हुई थीं। राजकोट से मिले आंकड़ों के अनुसार सर्दी बढ़ने के साथ ही यहां मौसमी बीमारियों का जोर बढ़ा है। शहर में पिछले 8 दिनों में सर्दी, खांसी, श्वास लेने में तकलीफ संबंधी 2500 केस दर्ज हुए हैं। इसके अलावा डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के 11 केस मिले हैं। शहर में मच्छरों के प्रकोप के कारण बीमारी फैल रही हैं। इसके अलावा सूरत में भी कमोबेश यही हाल है। सूरत महानगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में बुखार, डेंगू से चार लोगों की मौत हुई हैं। इसमें डेंगू से एक बालक की मौत भी शामिल है। स्वाइन फ्लू के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि स्वाइन फ्लू मरीज के दूसरे व्यक्ति के सम्पर्क में आने से फैलता है। पीड़ित व्यक्ति के हाथ का स्पर्श करने, छींकने-खांसने आदि के जरिए यह बीमारी दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। विश्व भर में चिंता का कारण स्वाइन फ्लू पिछले सात वर्षों में दुनिया भर में सबसे प्रमुख मौसमी फ्लू रहा है। अब दुनिया भर में स्वाइन फ्लू के अधिक से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बीमारी को महामारी घोषित कर दिया है, जिससे इसे लेकर सतर्कता की अब अधिकतम जरूरत है।




- स्वाइन फ्लू से मौत मामले में गुजरात देश में दूसरे नंबर पर
- शहर में पिछले 8 दिनों में सर्दी, खांसी, श्वास लेने में तकलीफ संबंधी 2500 केस दर्ज हुए हैं

**स्वाइन फ्लू या एच-1 एन-1 फ्लू**

वास्तव में एक श्वसन संबंधी विकार है और यह एक प्रकार के इन्फ्लूएंजा- एक वायरस के कारण होता है जो सूअरों में उत्पन्न होता है। इसकी शुरूआत मेक्सिको के वेराक्रूज राज्य में हुई और जल्द ही यह दुनिया भर में फैल गया। आमतौर पर सर्दियों की शुरूआत के साथ स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं। आम मौसमी फ्लू की तरह सावधानी बरतने के अलावा, स्वाइन फ्लू को आमतौर पर हर साल टीका लगवाकर रोका जा सकता है।

## सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं संस्थागत चुनौतियां : उपराष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को संस्थागत चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि आज की संस्थागत चुनौतियां भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं। अभिव्यक्ति की आजादी और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं। अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है। धनखड़ आज नई दिल्ली में आईसीडब्ल्यूए में भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि हमारे अंदर अहंकार अदम्य है, हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी। अहंकार किसी के काम नहीं आता, बल्कि सबसे ज्यादा नुकसान उस व्यक्ति को होता है जिसके पास यह होता है। लोकतंत्र में मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि मूल्यों पर पनपता है। इसे अभिव्यक्ति और संवाद के नाजुक संतुलन पर केंद्रित होना चाहिए। अभिव्यक्ति और संवाद, ये जुड़वां ताकतें लोकतांत्रिक जीवन शक्ति को आकार देती हैं। उनकी प्रगति को व्यक्तिगत पदों से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक लाभ से मापा जाता है। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि विविधता और विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता राष्ट्रीय प्रगति को कैसे बढ़ावा दे सकती है। स्व-लेखा परीक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि मित्रों, लेखा परीक्षा, स्व-लेखा परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति या संस्था के पतन का सबसे पक्का तरीका है, उसे या सज्जन या सज्जन महिला को जांच से दूर रखना। आप जांच से परे हैं, आपका पतन निश्चित है। इसलिए, स्व-लेखा परीक्षा आवश्यक है। सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक सिविल सेवकों को तकनीक के जानकार, बदलाव के सूत्रधार और पारंपरिक प्रशासनिक सीमाओं से परे होना चाहिए। सेवा हमारी आधारशिला बनी हुई है। प्रशासक, वित्तीय सलाहकार, विनियामक और लेखा परीक्षक के रूप में आपकी भूमिकाएं कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए विकसित होनी चाहिए। यह विकास मांग करता है कि हम सेवा वितरण को पारंपरिक तरीकों से बदलकर अत्याधुनिक समाधानों में बदलें। उन्होंने कहा कि हम एक और औद्योगिक क्रांति के मुहाने पर खड़े हैं।

## नवी मुंबई में 12 करोड़ रुपये की ड्रग जब्त, 16 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार




एजेंसी

**मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने बीती रात अफ्रीकी नागरिकों के विरुद्ध विशेष कार्रवाई करते हुए 12 करोड़ रुपये की ड्रग जब्त की है। पुलिस ने इस दौरान 16 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है। इनमें तीन अफ्रीकी नागरिक फर्जी पासपोर्ट और बिना बीजा के नवी मुंबई में रह रहे थे। नवी मुंबई के सहायक पुलिस आयुक्त भाऊसाहेब ढोले ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर गुरुवार को देर रात नवी मुंबई आयुक्तालय की सीमा के भीतर 25 स्थानों पर छापे मारे गए। इस मुहिम में 16 अफ्रीकी नागरिकों के पास से लगभग 12 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में नवी मुंबई अपराध शाखा के एंटी-नारकोटिक्स सेल और आर्थिक अपराध शाखा के कुल 150 अधिकारियों और पुलिस वालों ने भाग लिया। छापे के दौरान 2 किलो 45 ग्राम कोकीन ,663 ग्राम एमडी पाउडर, 58 ग्राम मेथिलीन , 23 ग्राम चरस, 31 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

# वायु सेना अकादमी में 204 स्नातक कैडेट्स को दी गई पूरे करियर में लड़ाई के लिए फिट रहने की सलाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने युद्ध की तेजी से विकसित हो रही प्रकृति में एयरोस्पेस पावर की प्रासंगिकता को महत्वपूर्ण बताया है। हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड में उन्होंने सामंजस्य और टीम वर्क के महत्व पर जोर देते हुए स्नातक फ्लाइट कैडेट्स को अपने पूरे करियर में लड़ाई के लिए फिट रहने और अत्यधिक समर्पण के साथ काम करने की सलाह दी। वायु सेना को आज यहां से कुल 204 स्नातक कैडेट्स मिले, जिनमें 178 पुरुष और 26 महिलाएं हैं। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेट्स की संयुक्त स्नातक परेड में बतौर समीक्षा अधिकारी शामिल हुए। परेड को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने परेड में शामिल कैडेट्स के शानदार प्रदर्शन तथा सटीक ड्रिल मूवमेंट को सराहा। उन्होंने युद्ध की तेजी से विकसित हो रही प्रकृति में एयरोस्पेस पावर की प्रासंगिकता को सामने रखा। उन्होंने सामंजस्य और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न प्रशिक्षण विषयों में उनके असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में समीक्षा अधिकारी ने स्नातक अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए। एयर चीफ मार्शल ने उन्हें अपने पूरे करियर में लड़ाई के लिए फिट रहने और अत्यधिक समर्पण और ईमानदारी के साथ काम करने के महत्व के बारे में भी सलाह दी। उन्होंने सभी पास आउट अधिकारियों को याद दिलाया कि आप भविष्य के कमांडर हैं, और आप भारतीय वायु सेना के भाग्य का निर्धारण करेंगे। उन्होंने प्रत्येक पास आउट अधिकारी से भारतीय वायु सेना का सम्मान और परंपरा को बनाए रखने का आग्रह किया। अकादमी के कमांडेंट ने स्नातक अधिकारियों को देश की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने की शपथ दिलाई। विभिन्न प्रशिक्षण विषयों में उनके असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में समीक्षा अधिकारी ने स्नातक अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने परेड की सलामी लेने के बाद स्नातक फ्लाइट कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। शानदार मार्च पास्ट में कुल 204 कैडेट्स शामिल हुए, जिसमें 178 पुरुष और 26 महिलाएं हैं। परेड का सबसे मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था, जिसके दौरान स्नातक कैडेटों को वायु सेना प्रमुख ने उनकी 'रैंक' प्रदान की। फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइंग ऑफिसर पराग धनखड़ को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पट्टिका' और 'चीफ ऑफ द एयर स्टाफ स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर राम प्रसाद गुर्जर को ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' से सम्मानित किया गया। समारोह में स्नातक अधिकारियों के परिजन भी मौजूद थे। वायु सेना अधिकारियों के जीवन में कमीशनिंग समारोह का बहुत महत्व है, क्योंकि वे अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में राष्ट्रपति का कमीशन प्राप्त करते हैं। यह उनके करियर का सबसे यादगार दिन बन जाता है, जो राष्ट्र की सेवा में सम्मान, गर्व और गरिमा से भरे जीवन की शुरूआत का प्रतीक है। वायु सेना प्रमुख का स्वागत प्रशिक्षण कमान के कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया।

## एक नजर

### शंभू बॉर्डर से रवाना हुए किसानों को हरियाणा पुलिस ने बार्डर पर रोका

**कैथल :** किसानों का शंभू बॉर्डर से तीसरी बार से दिल्ली मार्च दोपहर 12 बजे शुरू हो गया है। शनिवार को 101 किसानों का जत्था दिल्ली रवाना हुआ तो उसे हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर रोक लिया। इससे पहले हरियाणा पुलिस दो बार किसानों को बॉर्डर से पीछे खदेड़ चुकी है। हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के 12 गांवों में इंटरनेट सेवाएं 17 दिसंबर रात 12 बजे तक बंद रहेंगी। पंजाब की तरफ 10 सरकारी एंबुलेंस खड़ी कर दी गई हैं। शंभू बॉर्डर पर शनिवार को कांग्रेस नेता और पहलवान बजरंग पूनिया भी पहुंच रहे हैं। इसके अलावा तरना दल के निहंग भी वहां पहुंच गए हैं। दूसरी ओर खनौरी बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत डल्लेवाल लगातार 19वें दिन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा डल्लेवाल की सेहत को लेकर पूरा देश चिंतित है।

### उत्तर भारत में शीत लहर सुबह और शाम को कोहरा छाए रहने का अनुमान


**नई दिल्ली :** मौसम विभाग ने उत्तर भारत के लिए अगले दो-तीन दिनों तक शीत लहर जारी रहने की संभावना जताई है। इसके साथ पश्चिमी विक्षोभ के चलते जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो सकती है, जिसका असर मैदानी इलाकों में पड़ सकता है। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी दिल्ली का अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अगले दो दिन न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री कम रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब के कुछ स्थानों पर शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति देखी गई है। इसके साथ मध्य प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटवर्ती इलाके, बिहार, विदर्भ, सौराष्ट्र और कच्छ में अलग-अलग इलाकों में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते 16 और 17 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख और आसपास के क्षेत्रों में हल्की, मध्यम वर्षा या बर्फबारी की संभावना है।

### अभिनेता मुस्ताक खान अपहरण मामले में बुलंदशहर से 4 गिरफ्तार

**बिजनौर :** यूपी एसटीएफ और मेरठ जिले की पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता मुस्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल के अपहरण मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों को बुलंदशहर जिले से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.04 लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पकड़े गये चारों अभियुक्तों ने अपना नाम सार्थक चौधरी, बुद्दीन उर्फ सेबी, असीम और शंशाक कुमार बताया है। आरोपितों को बुलंदशहर के मकान से शनिवार सुबह पकड़ा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हमारे शब्दों और कार्यों से वैश्विक मंच पर भारत की छवि खराब नहीं होनी चाहिए : रिजिजू



**नई दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि हमारे शब्दों और कार्यों से वैश्विक मंचों पर भारत की छवि खराब नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी को समान मताधिकार दिया है लेकिन कुछ लोग (विपक्ष) दावा करते हैं कि देश में अल्पसंख्यकों को कोई अधिकार नहीं है। संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर आज दूसरे दिन चर्चा की शुरूआत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों को न केवल कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि उनके हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान करता है। उन्होंने सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 48 प्रतिशत लोग, जिनमें से अधिकांश इस्लाम धर्म का पालन करते हैं, यूरोपीय संघ में भेदभाव का सामना कर रहे हैं। फ्रांस में सिर पर स्कार्फ.बांधने वालों और मुस्लिम समुदाय से आने वालों के साथ भेदभाव की कई रिपोर्टें हैं। हम सभी पाकिस्तान, बांग्लादेश की स्थिति जानते हैं। हम अफगानिस्तान में सिखों, हिंदुओं और ईसाइयों की आबादी की स्थिति जानते हैं, चाहे वह तिब्बत हो, म्यांमार हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो, पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान हो, जहां भी अल्पसंख्यकों को समस्या होती है, वे भारत आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि यहां सुरक्षा है। फिर, यह क्यों कहा जा रहा है कि यहां अल्पसंख्यकों के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। रिजिजू ने कहा कि लगातार सरकारों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी यही किया है, मैं उसकी भूमिका को कम नहीं आंक रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि सबसे खूबसूरत संविधान है। इसमें सभी के लिए प्रावधान हैं। इस संविधान को लेकर हम गौरव महसूस करते हैं।

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह आज से छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर



**रायपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। वह छत्तीसगढ़ के तीन दिन के प्रवास पर रहेंगे। वो नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। साथ ही सुरक्षा व शांति से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शाह कानून व्यवस्था पर महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार, 15 दिसंबर को जगदलपुर के सर्किट हाउस में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नक्सल प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे एवं हिंसा का रास्ता छोड़, हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से भी मिलेंगे। साथ ही, जगदलपुर में ही बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी करेंगे। अगले दिन 16 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर में नक्सल अभियानों में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनके परिजनों व नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के साथ मुलाकात भी करेंगे। इसके बाद जगदलपुर में सुरक्षा कैम्प का दौरा एवं गांव में विकास कार्यों का निरीक्षण कर जवानों के साथ भोजन करेंगे। शाम को शाह रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृहमंत्री का यह दौरा प्रदेश की सुरक्षा स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### फैंटम वी2 सीरीज में मिलेंगे मजबूत फोल्डेबल डिजाइन, बड़ी बैटरी और एडवांस एआई फीचर्स

**नई दिल्ली :** आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। टेक्नो की बहुप्रतीक्षित फैंटम वी2 सीरीज – जिसमें अल्ट्रा-स्लीक फैंटम श फोल्ड 2 और कॉम्पैक्ट लेकिन स्टाइलिश फैंटम वी फ्लिप 2 शामिल है, अब अमेजन पर, 79,999 और 34,999 रुपए की विशेष लॉन्च कीमतों पर उपलब्ध है। ये फोल्डेबल फोन अपनी शानदार खूबियों और मजबूती के साथ हर चिंता को खत्म करते हुए प्रोडक्टिविटी के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए हैं। चाहे आप काम कर रहे हों या आराम कर रहे हों, फैंटम वी2 सीरीज आपकी तेजी से भागती जीवनशैली से मेल खाने के लिए बनाई गई है। यूजर्स अब फोल्डेबल अनुभव का आनंद उठा सकते हैं क्योंकि स्पेशल सेल 13 दिसंबर, दोपहर 12 बजे से अमेजन पर शुरू होगी। फैंटम वी2 सीरीज नई तकनीकों के साथ फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की परिभाषा बदल रही है। इसे यूजर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेक्नो ने इस डिवाइस में ड्यूरेबिलिटी, डिस्प्ले क्वालिटी, बैटरी और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए खास फीचर्स जोड़े हैं। मजबूती और भरोसे का प्रतीक फैंटम वी फोल्ड 2 लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है, जिसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 और 4 लाख बार फोल्डिंग टेस्ट में पास एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज शामिल हैं। आपकी तेजी से भागती जीवनशैली के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया, यह स्ट्रांग, स्लीक और आपकी किसी भी जरुरत के लिए तैयार है। फैंटम वी फ्लिप 2, इस कॉम्पैक्ट डिवाइस में भी एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 8 का उपयोग किया गया है, जो इसे मजबूत और स्टाइलिश बनाता है। ड्यूरेबिलिटी की चिंता को खत्म करते हुए, ये दोनों डिवाइस अपनी कैटेगरी में अब तक की सबसे मजबूत डिवाइस हैं।

### कालना में सड़क दुर्घटना, दो की मौत

**पूर्व बर्दवान :** पूर्व बर्दवान जिले के कालना में शनिवार को हुए सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि इस घटना में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान परेश रुद्र (55) और विश्वनाथ रॉय (75) के तौर पर हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार दोपहर तकरीबन 12 बजे एक यात्री टोटो कुसुमग्राम से मंतेश्वर जा रहा था। तभी एक चारपहिया वाहन कटवा दिशा से कुसुमग्राम आ रहा था। चालक मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह काफी तेज गति से गाड़ी चला रहा था। तभी गाड़ी ने विपरीत दिशा से आ रहे यात्री टोटो को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाएं घायल हो गईं। उनके नाम नजमा खातून और अजीजा खातून हैं। दोनों टोटो यात्री हैं। उन्हें पहले मंतेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने घातक गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902